राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 20 जनवरी 2026

वर्ष 07, अंक 111, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

आईजी किरण एस ने पीड़ित परिवार से की मुलाक़ात लूटकांड मामले में जानी हक़ीक़त...03

इंजीनियर युवराज मौत मामलाः योगी सरकार के दो बड़े एक्शन, नोएडा CEO हटाए गए, जांच के लिए SIT भी गठित...12

# बहन निकली पत्नी, ईडी की फर्जी रेड की कहानी बताकर ठगे 1.53 करोड़, शादी के झांसे की ये कहानी हिला देगी

**ब्यूरो प्रयागराज।** बेंगलुरु में एक लड़की के साथ हुई ठगी, किसी सस्?पेंस थ्रिलर फिल्म की कहानी जैसी है. एक लड़की को शादी का झांसा देकर डेढ़ करोड़ रुपये लड़के ने ठग लिये. लड़की ने जब अपने पैसे मांगे, तो सच्चाई जान उसके पैरों तले जमीन खिसक गई. लड़के की पूरी फैमिली फ्रॉड निकली, जिन्होंने ठगी में पूरा-पूरा साथ दिया. जिस लड़की को बहन बताकर गर्लफ्रेंड से मिलवाया था, वो असल में लड़के की पत?नी निकली. मामला बेंगलुरु के केंगेरी का है, जहां एक महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है. लड़की ने आरोप लगाया है कि एक शख?स ने उससे शादी करने का वादा किया और खुद को अमीर बिजनेसमैन के रूप में पेश करके उससे 1.53 करोड़ रुपये से अधिक ठग लिये।



लड़की ने जब आपबीती बताई, तो पुलिसवाले भी हैरान रह गए. एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ता नव्याश्री व्हाइटफील्ड स्थित एक पीजी में रहती हैं. नव्याश्री ने बताया कि मार्च 2024 में वह विजय राज गौड़ा उर्फ विजय बी. से ओक्कालिगा मैट्रिमोनी के जरिए मिली थी. विजय ने खुद को वीआरजी एंटरप्राइजेज का मालिक, साथ ही बेंगलुरु के राजाजीनगर और सदाशिवनगर में क्रशर, लॉरी, जमीन और रेजिडेंशियल प्रॉपर्टियों का मालिक बताया. उन्होंने कथित तौर पर 2019 के ईडी मामले से संबंधित जमानत की एक कॉपी भी शेयर की और 715 करोड़ रुपये की संपत्ति होने का दावा करके उनका विश्वास जीता।

नव्याश्री ने बताया कि आरोपी ने शिकायतकर्ता से शादी करने का वादा किया और अपने परिवार से भी मिलवाया. इस बीच 4 अप्रैल, 2024 को बैंक खाते की समस्या का हवाला देते हुए लड़के ने कथित तौर पर PhonePe के जरिए उससे 15,000 रुपये ले लिए. इसके बाद, उसने उसे कर्ज लेने और दोस्तों से साथ मिलकर व्यापार करने के बहाने पैसे उधार लेने के लिए राजी कर लिया. शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने बाद में केंगेरी मेट्रो स्टेशन पर अपने परिवार के सदस्यों से मिलवाया , जिनमें उसके पिता कृष्णप्पा बी. गौड़ा उर्फ बोर गौड़ा यू.जे. बहन सुशीदीपा के. गौड़ा उर्फ सौम्या और माता नेत्रावती के. गौड़ा शामिल थे. उसके पिता ने कथित तौर पर खुद को सेवानिवृत्त तहसीलदार बताया और वीआरजी एंटरप्राइजेज के चेक जारी करके भुगतान का आश्वासन दिया।

एफआईआर के अनुसार, आरोपी ने शिकायतकर्ता के दोस्तों को भी निवेश करने के लिए उकसाया, जिसके बाद भरत कुमार और उनके सहयोगी कार्तिकेयन ने अलग-अलग तारीखों पर शिकायतकर्ता के खाते से 66 लाख रुपये और शिवकुमार ने 23 लाख रुपये ट्रांसफर किए. जब भुगतान की मांग की गई, तो आरोपी ने कथित तौर पर दावा किया कि अदालती मामले के कारण उसके बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं और अदालती आदेशों की प्रतियां पेश कीं. बाद में लड़के ने शिकायतकर्ता के माता-पिता से संपर्क किया और उन्हें अदालत और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की प्रतियां दिखाई. दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच, लड़के ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता के पिता से 10.5 लाख रुपये, उसकी मां से 7 लाख रुपये और उसकी सेवानिवृत्ति निधि सहित 11 लाख रुपये ठग लिये. एफआईआर में आगे कहा गया है कि आरोपी ने शिकायतकर्ता के गहने गिरवी रखकर 10 लाख रुपये और उसके भाई-बहनों से 5 लाख रुपये भी प्राप्त किए।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने कई बैंक खातों के माध्यम से कुल 1,75,66,890 रुपये एकत्र किए, जिनमें से केवल 22,51,800 रुपये लौटाए गए, जिससे 1,53,15,090 रुपये बकाया रह गए. एफआईआर के अनुसार, जब शिकायतकर्ता बाद में आरोपी के घर पैसे वापस मांगने गई, तो उसे पता चला कि लड़का पहले से ही शादीशुदा है और उसका एक बच्चा भी है. लड़के ने जिस महिला को उसकी बहन बताया गया था, वह असल में उसकी पत्नी निकली, जिससे उसकी तीन साल पहले शादी हुई थी. उसने आगे आरोप लगाया कि आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों ने मिलकर उसे धोखा दिया और बाद में जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो उसे और उसके दोस्तों को जान से मारने की धमकी दी. यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 61(2), 318(4), 316(2), 351(3) और 3(5) के तहत दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद 12 समर्थकों के साथ अन्न-जल त्याग धरने पर बैठे; रातभर खुले आसमान के नीचे ही रहे

**ब्यूरो प्रयागराज।** मौनी अमावस्या स्नान पर्व के दौरान संगम क्षेत्र में पुलिस से हुई धक्कामुक्की और हंगामे में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के 12 समर्थक घायल हो हैं. सभी घायलों को स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल भेजा गया, जिनमें से कमर और पैर में गंभीर चोट आने के कारण तीन शिष्यों को भर्ती किया गया है, जबकि अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया।



इधर, घटना से आहत शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने पुलिस-प्रशासन के व्यवहार के विरोध में अन्न-जल त्याग दिया है और त्रिवेणी मार्ग स्थित अपने शिविर के बाहर धरने पर बैठ गए हैं. उनके साथ शिष्य भी धरने में शामिल हैं. शंकराचार्य पूरी रात खुले आसमान के नीचे धरने पर बैठे रहे. धरने के दौरान शंकराचार्य ने कहा कि जब तक प्रशासन मौके पर आकर उनसे माफी नहीं मांगता, तब तक वे अन्न-जल ग्रहण नहीं करेंगे. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने जानबूझकर उन्हें संगम स्नान से रोका और उनकी मौजूदगी में साधु-संतों के साथ मारपीट की गई।

एसआरएन अस्पताल में भर्ती शिष्यों में शिव शक्ति, दंगल सिंह और डॉ. देवी प्रसाद पचौरी शामिल हैं. चिकित्सकों के अनुसार शिव शक्ति और डॉ. पचौरी को कमर में जबकि दंगल सिंह को पैर में चोट आई है. ईएमओ डॉ. सत्य प्रकाश ने बताया कि सोमवार को एक्सरे रिपोर्ट आने के बाद चोटों की गंभीरता स्पष्ट हो सकेगी। उधर, इस घटना को लेकर सियासी हलचल भी तेज हो गई है. दिन में कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेकानंद पाठक और देर रात पूर्व विधायक अनुग्रहण नारायण सिंह शंकराचार्य से मिलने उनके शिविर पहुंचे।

दूसरी ओर, शंकराचार्य के शिष्यों स्वामी वैष्णानंद, प्रकाश पारिक, रजनीश दुबे और बलराम तिवारी ने पुलिस पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है. शिष्यों का कहना है कि पुलिस ने उन्हें जबरन हटाकर घंटों बेवजह बैठाए रखा. धरने के दौरान संत समाज के अन्य लोग भी मौके पर मौजूद रहे. इसी बीच कंप्यूटर बाबा रथ के सामने लेट गए और प्रशासन से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की. उन्होंने कहा कि जब तक प्रशासन क्षमा नहीं मांगता, तब तक धरना जारी रहेगा।

मामले पर संत समाज की ओर से मिश्रित प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं. स्वामी अधोक्षजानंद ने कहा कि माघ मेले जैसे विशाल आयोजन में किसी नई परंपरा की शुरुआत शास्त्र सम्मत नहीं कही जा सकती. वहीं, महंत रविंद्र पुरी ने कहा कि संत समाज को प्रशासन का सहयोग करना चाहिए और भीड़ के समय ऐसे कदमों से बचना चाहिए, जिससे व्यवस्था प्रभावित हो।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ऐली गांव में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया**

**सिंगाही खीरी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऐली गांव में एक महिला की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक महिला का पति बाहर काम करने गया हुआ था और वह पिछले कई महीनों से घर पर नहीं रह रहा था। महिला की मौत की जानकारी मिलते ही पति ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची सिंगाही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि महिला की मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। मृतक महिला की पहचान और मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट होने का इंतजार किया जा रहा है। सिंगाही थाना अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों ने तहरीर दी गई और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी !

### सवारियां भरने को लेकर ऑटो चालकों में जमकर हुई मारपीट, वीडियो वायरल



**हमीरपुरः-** कुरारा विकासखण्ड क्षेत्र के कुशमरा गांव में सवारियां भरने को लेकर दो ऑटो चालकों में जमकर मारपीट हुई, जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। दोनों चालकों के



बीच विवाद इतना बढ़ गया कि बात मारपीट तक पहुंच गई। देखते ही देखते दोनों चालकों में जमकर लात-घूंसे चले, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने मारपीट का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वायरल वीडियो में दोनों चालक एक- दूसरे पर हमला करते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं, जबकि कुछ लोग बीच-बचाव का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि सवारियां बैठाने को लेकर पहले कहासुनी हुई, जिसके बाद विवाद उग्र हो गया।

# पॉक्सो केस में बड़ा फैसला तीन दोषियों को सजा

**● तीन दोषियों को सुनाई गई 20- 20 साल की सजा, एक आरोपी बरी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सचिन बाजपेयी





**लखनऊ।** थाना नाका, जनपद लखनऊ के बहुचर्चित पॉक्सो एवं सामूहिक दुष्कर्म मामले में विशेष न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट), लखनऊ मोहम्मद कमरुज्जमा खान की अदालत ने मोहम्मद अफजल खान, मोहम्मद अशरफ और मुफ्ती अहमद को भारतीय दंड संहिता की धारा 376-डी तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 के अंतर्गत दोषसिद्ध मानते हुए न्यूनतम 20-20 वर्ष के कठोर कारावास और प्रत्येक पर 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। साथ ही जेल में पूर्व में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा। अर्थदंड की पूरी धनराशि पीड़िता को नियमानुसार प्रदान किए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि उसके पुनर्वास में सहायता मिल सके। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में दोषियों को अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

**वर्ष 2019 की है घटना** यह मामला वर्ष 2019 का है। अभियोजन के अनुसार पीड़िता को बहला-फुसलाकर, डराकर तथा नशीला पदार्थ खिलाकर आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के संबंध में थाना नाका में मुकदमा संख्या 146/2019 पंजीकृत किया गया था। विवेचना के उपरांत पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

**सुनवाई के दौरान पेश हुए साक्ष्य** मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता, उसके पिता, चिकित्सक, एफआईआर लेखक तथा विवेचक सहित कई महत्वपूर्ण गवाहों को अदालत में प्रस्तुत किया गया। दस्तावेजी साक्ष्यों, चिकित्सकीय परीक्षण रिपोर्ट और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने यह माना कि तीनों आरोपियों के विरुद्ध लगाए गए आरोप संदेह से परे सिद्ध हुए हैं।

**एक आरोपी को मिला संदेह का लाभ** न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में आरोपी इमरान अहमद को संदेह का लाभ देते हुए सभी आरोपों से बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि उसके विरुद्ध लगाए गए आरोप ठोस साक्ष्यों के अभाव में प्रमाणित नहीं हो सके।

**अधिवक्ताओं की भूमिका** अभियोजन पक्ष की ओर से अभिषेक उपाध्याय, एडवोकेट तथा अरुण कुमार, एडवोकेट ने प्रभावी पैरवी की। वहीं, बचाव पक्ष की ओर से एस.बी. सिंह, एडवोकेट ने आरोपियों का पक्ष रखा।

**पीड़िता की पहचान गोपनीय** विशेष न्यायालय ने पीड़िता की पहचान को पूर्णतः गोपनीय रखने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्णय में या किसी भी सार्वजनिक मंच पर पीड़िता का नाम उजागर न किया जाए। साथ ही निर्णय की एक प्रति पीड़िता को निःशुल्क उपलब्ध कराने का आदेश भी दिया गया है।

**न्यायालय की सख्त टिप्पणी** अदालत ने अपने फैसले में टिप्पणी करते हुए कहा कि नाबालिगों के विरुद्ध होने वाले यौन अपराध अत्यंत गंभीर हैं और समाज पर गहरा दुष्प्रभाव डालते हैं। ऐसे मामलों में कठोर दंड दिया जाना न्यायहित में आवश्यक है, ताकि समाज में स्पष्ट संदेश जा सके। यह निर्णय 19 जनवरी को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

## साप्ताहिक रूप से प्रत्येक सोमवार बैठक कर दावे और आपत्तियों संबंधित फार्म कराए गए उपलब्ध

**भदोही**अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) /उप जिला निर्वाचन अधिकारी,कुँवर वीरेन्द्र मौर्य ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ के निर्देश के क्रम में अवगत कराना है कि जनपद में अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमशः 392-भदोही, 393-ज्ञानपुर एवं 394-औराई (अ0जा0) के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ साप्ताहिक रूप से प्रत्येक सोमवार को बैठक करते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 अन्तर्गत दिनांक 06.01.2026 से दिनांक 18.01.2026 तक प्राप्त दावे और आपत्तियों यथा फार्म 6, 7 एवं 8 से सम्बन्धित सूचियां फार्म-9, 10, 11, 11ए और 11 बी पर तैयार कर उपलब्ध करा दिया गया है। उक्त सूची फार्म-9, 10, 11. 11ए और 11 बी प्रतिदिन तहसील कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित की जा रही है एवं साथ ही जनपद की वेबसाइट bhadohi.nic.in पर भी प्रतिदिन अपलोड किया जा रहा है।

## दिल्ली के बाद हिली लेह-लद्दाख की धरती, 5.7 तीव्रता का आया भूकंप, घरों-दफ्तरों से बाहर निकले लोग





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सोमवार को लेह-लद्दाख क्षेत्र में सुबह 11:51 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई और इसका केंद्र 36.71ए उत्तर और 74.32ए पूर्व में स्थित था, जबकि इसकी गहराई 171 किलोमीटर रही। हालांकि, इस भूकंप के कारण किसी तरह के हताहत या बड़े नुकसान की खबर नहीं है। इससे पहले आज सुबह दिल्ली में 2.8 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसकी गहराई 5 किलोमीटर रही। दोनों भूकंपों के बारे में अभी तक किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

भूकंप के झटके लगते ही लोग अचानक डर गए और कुछ लोग गिर पड़े। जो लोग इमारतों या घरों के अंदर थे, वे बाहर निकल आए। हर तरफ हलचल मच गई, लेकिन फिर भी किसी गंभीर नुकसान की खबर नहीं आई। प्रशासन ने स्थिति की निगरानी बढ़ा दी है और लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

विज्ञान के दृष्टिकोण से, लेह-लद्दाख और जम्मू-कश्मीर जैसे हिमालयी क्षेत्र भूकंप के जोन 4 और 5 में आते हैं, यानी ये क्षेत्र भूकंप के लिहाज से बहुत संवेदनशील हैं। टेक्टोनिक प्लेटों में हलचल के कारण इस क्षेत्र में भूकंप के झटके अक्सर महसूस होते हैं।

## अपर्णा यादव पर प्रतीक ने पारिवारिक संबंधों को बर्बाद करने का आरोप लगाया, कहा- स्वार्थी महिला से तलाक लेने जा रहा हूं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र प्रतीक यादव ने सोमवार को अपनी पत्नी एवं भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की नेता अपर्णा बिष्ट यादव पर पारिवारिक संबंधों को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह जल्द ही उनसे तलाक लेंगे। प्रतीक यादव ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, ''मैं इस स्वार्थी महिला से जल्द से जल्द तलाक लेने जा रहा हूं। इसने मेरे पारिवारिक संबंधों को बर्बाद कर दिया है। वह सिर्फ नाम और दबदबा बनाना चाहती है। इस समय मेरी मानसिक स्थिति बहुत खराब है और उसे कोई परवाह नहीं है। उसे सिर्फ अपनी ही चिंता है। मैंने कभी ऐसी बुरी आत्मा नहीं देखी और मेरा दुर्भाग्य था कि मैंने उससे शादी की। '



अपर्णा से इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली और उनके करीबी लोगों ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। प्रतीक, पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना यादव के बेटे हैं। उनके सौतेले भाई अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष हैं। बीजेपी नेता अपर्णा बिष्ट यादव राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने 2017 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ की कैंट विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन कांग्रेस उम्मीदवार रीता बहुगुणा जोशी से हार गई थीं। वह 2022 में बीजेपी में शामिल हो गईं।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो महिला समेत तीन घायल, एक की हालत नाजुक

**मिल्कीपुर,अयोध्या।** थाना कोतवाली इनायतनगर क्षेत्र के बारुन बाजार चौराहे पर सोमवार दोपहर बाद एक सड़क हादसा हो गया। रॉन्ग साइड से आ रही एक मारुति अल्टो कार ने एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो महिलाएं और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मारुति अल्टो कार (UP32GC7550) विपरीत दिशा से बारुन चौराहे की ओर आ रही थी। तभी उसने फैजाबाद की तरफ जा रहे एक अपाचे बाइक (MH47BG3554) को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार हवा में उछल गए। घायलों में एक महिला को सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जिससे उसकी हालत नाजुक बताई जा रही वहीं, दूसरी महिला का पैर फ्रैक्चर हो गया और बाइक चला रहे युवक के जबड़े में गम्भीर चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही बारुन पुलिस चौकी की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुची और एंबुलेंस की सहायता से तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा।

## पति की मौत के बाद नन्दोई से मोहब्बत... फिर बना कत्ल का कारण

**● 2 लाख, गहने और धमकी–इश्क़ के अंत ने शंकरगढ़ में रच दी खौफनाक साजिश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**शंकरगढ,प्रयागराज।** यमुनानगर के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में 23 दिन पहले मिली एक अज्ञात महिला की लाश ने पुलिस को भी उलझा दिया था। 27 दिसंबर 2025 को धवैया गांव की झाड़ियों में पड़े शव के चेहरे और गर्दन पर गहरे जख्म थे, जो साफ बता रहे थे कि मौत सामान्य नहीं थी, बल्कि बेहद बेरहमी से की गई हत्या थी।पुलिस ने आसपास के सभी थानों से संपर्क किया, लेकिन 13 जनवरी तक महिला की पहचान नहीं हो सकी। जांच की दिशा तब बदली जब शंकरगढ़ से सटे मध्यप्रदेश के सीमावर्ती थानों में शव की तस्वीरें भेजी गई। 14 जनवरी को रीवा जिले के डभौरा निवासी रामाधार शंकरगढ़ थाने पहुंचे और तस्वीर देखकर टूटे स्वर में बताया–मृतका उनकी बहन ललिता (42) है। रामाधार ने पुलिस को जो कहानी बताई, उसने पूरे मामले को सनसनीखेज बना दिया। ललिता की शादी 21 साल पहले रीवा के चाकघाट निवासी कमलेश से हुई थी, जिनकी तीन साल पहले हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद अकेली पड़ी ललिता भावनात्मक सहारे की तलाश में अपनी ननद के पति धीरज के करीब आ गई और दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे। पुलिस की जांच में धीरज ही सबसे बड़ा संदिग्ध निकला। लेकिन वह फरार था–मोबाइल बंद, घर से गायब। उसकी पत्नी ने भी पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की और कहा कि वह काम से बाहर गया है। 17 जनवरी को पुलिस ने सादे कपड़ों में जाल बिछाया। जैसे ही धीरज घर पहुंचा, पुलिस ने चारों तरफ से घेरकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पहले धीरज पुलिस को घुमाता रहा, लेकिन कॉल डिटेल्स और हत्या के समय की लोकेशन सामने आते ही वह टूट गया। उसने कबूल किया कि ललिता को पति की मौत के बाद 2 लाख रुपये मुआवजे में मिले थे, साथ ही करीब 4 लाख रुपये के गहने भी थे। धीरज ने लालच में आकर न सिर्फ ये पैसे और गहने खर्च कर दिए, बल्कि जब ललिता ने सब वापस मांगा और पुलिस में शिकायत की धमकी दी, तभी उसने हत्या की साजिश रच डाली। 26 दिसंबर की शाम धीरज ललिता को घुमाने के बहाने मध्यप्रदेश के चाकघाट से उत्तरप्रदेश के शंकरगढ़ ले आया। रास्ते में उसने एक तवा खरीदा–और धवैया गांव की सुनसान जगह पर पहुंचते ही उसी तवे से ललिता के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गिरने के बाद भी उसने चेहरे और गर्दन पर कई वार किए, जिससे मौके पर ही ललिता की मौत हो गई। शव को झाड़ियों में फेंककर, हथियार छिपाकर वह फरार हो गया। शंकरगढ़ थाने के प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी नन्दोई धीरज को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। यह हत्या प्रेम, लालच और विश्वासघात का खौफनाक अंत साबित हुई।

# संक्षिप्त खबरें

## जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह के निर्देशन में राजकीय इंटर कॉलेज बस्ती के शिक्षकों व छात्रों ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली जागरूकता रैली




**बस्ती।** बस्ती जिले के जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह के निर्देशन में राजकीय इंटर कॉलेज बस्ती के शिक्षकों व छात्रों ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली और जागरूकता रैली निकालकर लोगों को सुरक्षित वाहन चलाने का संदेश भी दिया। प्रधानाचार्य डॉ. विजय प्रकाश वर्मा द्वारा बताया गया कि 'सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा' के मूल मंत्र के साथ इस अभियान का उद्देश्य युवाओं और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। उन्होंने कहा कि हम लोगों को यातायात नियमों का पालन करते हुए चार पहिया वाहनों को सीटबेल्ट लगाकर, दो पहिया वाहनों को हेलमेट पहनकर व गति सीमा को ध्यान में रखकर सही दिशा में ही गाड़ी चलाना चाहिए. ड्राइविंग के समय मोबाइल फोन व नशीले पदार्थों जैसे ध्यान भटकाने वाले वस्तुओं प्रयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर सुरक्षा नियमों का पालन करना हम सबकी जिम्मेदारी है यह जीवन बचाने के बराबर है. जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके क्योंकि जीवन अनमोल है। इस अवसर पर विद्यालय के सड़क सुरक्षा के नोडल शिक्षक अजय कुमार सहित अन्य शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

## ग़ोला में बोरिंग में लगे पंपसेट इंजन से कीमती सामान चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश




**गोलाबाजार, गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला ग्रामसभा चिलवा निवासी अमरेंद्र चंद उर्फ मनीष चंद के खेत से जुड़ा है, जहां अज्ञात चोरों ने बोरिंग में लगे किर्लोस्कर पंपसेट इंजन के कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना शनिवार की रात बरहज पार माफी गांव में स्थित उनके चक में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरेंद्र चंद पुत्र स्व. काशीचंद का बरहज पार माफी गांव में कृषि चक है। सिंचाई की सुविधा के लिए उन्होंने वहां बोरिंग कराकर किर्लोस्कर इंजन लगाया हुआ है। शनिवार को खेत में उनके आदमियों द्वारा इंजन चलाकर सिंचाई की गई थी। रविवार की सुबह जब दोबारा पानी चलाने के लिए इंजन स्टार्ट करने की कोशिश की गई तो इंजन के कई महत्वपूर्ण और कीमती पुर्जे गायब मिले। घटना की जानकारी मिलते ही अमरेंद्र चंद ने तत्काल 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर गोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद पीड़ित ने रविवार को गोला थाने में लिखित तहरीर भी दी, जिस पर समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गोला थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं हो सका है। लगातार हो रही चोरियों और कार्रवाई के अभाव से ग्रामीणों में पुलिस व्यवस्था को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। लोग क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और चोरों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## दस लोगों का लिया गया कालाजार का सैम्पल

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमहवा में कालाजार खोजी अभियान के तहत रतनपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को कुछ चिन्हित घरों में जाकर लोगों का ब्लड सैम्पल लिया। इस अभियान में सीएचसी की टीम ने कुल दस चिन्हित लोगों का ब्लड सैम्पल लेकर जांच किया। टीम के जांच में सभी लोग कालाजार निगेटिव पाए गए। बता दें कि वर्ष 2020-22 में अमहवा गांव में कालाजार से ग्रसित मरीज पाए गए थे, जिसके बाद से अमहवा गांव कालाजार के लिए संवेदनशील माना जाता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा यहां लगातार निगरानी रखी जाती है। इसी क्रम में सोमवार को दस लोगों का सैम्पल लेकर जांच किया गया जहां सभी निगेटिव पाए गए। इस दौरान मलेरिया अधिकारी डॉ अनिल कुमार, एलटी योगेश शुक्ला पर्यवेक्षक अभय कुमार चौधरी, आशा कार्यकत्री विमला देवी, आशा देवी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## काश फावड़ा चलाने से अधिक कलम चलाने व बेहतर निगरानी का काम जिलाधिकारी राजशेखर व प्रियंका निरंजन जी ने किया होता तो आज मनोरमा बदहाल न होती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में पवित्र पावन नदी मनोरमा अपने दुर्दशा पर आंसू बहा रहे जिला अधिकारी से लेकर विधायक प्रतिनिधि विधायक सांसद नदी की सफाई में खुद स्वयं उतरकर फोटो खिंचवा लिए लेकिन नदी की दुर्दशा पूर्व की तरह बनी हुई हैकिंतु अधिकारियों को यहां थोडे ही रहना है वो तो आये फोटो खिंचवाये शासन में अपनी पीठ थपथपवाने के बाद चलते बनें। ग्राम पंचायत द्वारा जिले में करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद नदी की दुर्दशा नहीं सुधर पाए जबकि मुख्यमंत्री महोदय के निर्देश के बावजूद भी आज मनोरमा नदी संकट से



जूझ रही है नदी की सफाई में खर्च हुए पैसों का विवरण अधिकारियों द्वारा माना जाए तो नदी की सफाई की हकीकत की पोल खुल जाएगी फोटो खिंचवाने के बाद प्रधान से लेकर समस्त अधिकारी जिले के उच्च अधिकारी भी शामिल रहे कागज में सीमट कर रह गईनदी की सफाई वह जिला प्रशासन नदी की सफाई की जांच की जाए तो हकीकत कुछ और निकलेगा जरूरत है हम जागृत हो हम जलाशयों की स्वच्छता का महत्व समझें। लोकतंत्र में जनता सबसे बड़ी शक्ति है किन्तु उसे हनुमान जी की तरह अपनी शक्ति का ध्यान नहीं रहता जरूरत है उसे उसकी ताकत बताने व एकजुट लेकर आगे बढ़ने की यदि हम आप सभी थोड़ा थोड़ा प्रयास करेंगे तो निश्चित एक बड़ी जनशक्ति खड़ी होगी जिससे एक हुंकार से जिम्मेदारों की नींद खुल जायेगी उन्हें अपने कर्तव्य का बोध होगा तो निश्चित मनोरमा निर्मल अविरल होगी। आयें इस कड़ी में हम सब एक कदम आगे बढ़ायें आगामी 23 जनवरी बसंत पंचमी के दिन दिन में 12 बजे अपने शुभचिंतकों संग मखौड़ा धाम स्थित मंदिर पहुंचे।

## सल्टौआ गोपालपुर में चार दिवसीय विराट किसान मेले का भव्य शुभारंभ, किसानों को मिली नई तकनीकों की जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले मेंकृषि उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से कृषि प्रसार, कृषि निवेश एवं तकनीकी प्रबंधन योजना के अंतर्गत जनपद में आयोजित होने वाले पारंपरिक मेलों एवं महोत्सवों के साथ एक विराट किसान मेले का शुभारंभ रविवार को विकास खंड सल्टौआ गोपालपुर के ग्राम पंचायत पोखरभिटवा स्थित बघढ़ेरवा शिव मंदिर परिसर में किया गया। चार दिवसीय इस विशाल किसान मेले का उद्घाटन जिला कृषि अधिकारी डॉ. बाबू राम मौर्या द्वारा किया गया। मेले के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, ग्रामीणजन एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिला कृषि अधिकारी डॉ. बाबू राम मौर्या ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों से अवगत कराना और विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर उनकी आय



में वृद्धि करना है।

उन्होंने बताया कि कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत किसानों को उन्नत बीज, आधुनिक कृषि यंत्र, संतुलित उर्वरक प्रयोग, कीट एवं रोग प्रबंधन, प्राकृतिक खेती तथा सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है मेले में कृषि विभाग एवं उससे संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं, जहां विशेषज्ञों के माध्यम से किसानों को नई तकनीकों की जानकारी दी जा रही है।सहायक विकास अधिकारी कृषि विजय कुमार वर्मा ने किसानों को विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। विषय वस्तु विशेषज्ञ सत्येन्द्र कुमार ने फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मेला प्रबंधक सानू चौधरी, वरिष्ठ सहायक कौशल किशोर सिंह, कनिष्ठ सहायक संकट हरण पाण्डेय सहित अन्य कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद रहे। मेले में किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए विशेषज्ञों द्वारा परामर्श भी दिया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मशहूर भोजपुरी गायक अमरेश पाण्डेय 'अमृत' की प्रस्तुति रही। उनके द्वारा प्रस्तुत खेती-किसानी और देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों ने किसानों और दर्शकों में जोश भर दिया। गीत-संगीत के माध्यम से किसानों को जागरूक करने का यह प्रयास सभी को खूब पसंद आया। चार दिनों तक चलने वाले इस विराट किसान मेले से क्षेत्र के किसानों को नवीन तकनीकों से जुड़ने और कृषि क्षेत्र में प्रगति का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**●कोतवाली उतरौला पुलिस की कार्रवाई, वांछित आरोपी को भेजा गया जेल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर/उतरौला।** कोतवाली उतरौला पुलिस टीम ने शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई जनपद में अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता के परिजनों की लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली उतरौला में मुकदमा संख्या 0008/2026 धारा 137(2), 87, 64(1), 351(3), 352 बीएनएस तथा 3/4




पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा 87/64(1) बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी उतरौला के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त अन्दीप पुत्र परसराम निवासी ग्राम रामपुर बगनहा, कोतवाली उतरौला को भड़वा जोत पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य नामजद अभियुक्तों की भूमिका की भी जांच की जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तार अभियुक्त अन्दीप पुत्र परसराम, निवासी रामपुर बगनहा, कोतवाली उतरौला, जनपद बलरामपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम उपनिरीक्षक मुन्ना सिंह, कांस्टेबल धीरेन्द्र पटेल।

## सती महारानी जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क नेत्र जाँच एवं विभागीय शिविर क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** विधानसभा क्षेत्र संग्रामपुर के अंतर्गत सरैया बड़गांव में सती महारानी जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क नेत्र जाँच एवं विभागीय शिविर क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक, जनकल्याणकारी एवं प्रेरणादायक आयोजन के रूप में संपन्न हुआ। इस विशाल जनसेवा अभियान में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और इसे आमजन के जीवन में प्रत्यक्ष लाभ पहुँचाने वाला सराहनीय प्रयास बताया।इस व्यापक जनकल्याणकारी कार्यक्रम की आयोजक एवं मुख्य अतिथि युवराज अनंत विक्रम सिंह (पूर्व विधायक प्रतिनिधि) विशिष्ठ अतिथि बहुरानी शाम्भवी सिंह उपस्थित रहे। दोनों ने शिविर स्थल पर घंटों उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और आम जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अमेठी की जनता का स्वास्थ्य, सम्मान और सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसके लिए वे हर समय, हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़े रहेंगे।जनसंवाद के दौरान रानी शाम्भवी सिंह ने कहा कि ग्रामीण अंचल में रहने वाले गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद परिवारों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाना उनका नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी समुचित स्वास्थ्य




सुविधा उपलब्ध नहीं हो जाती, तब तक ऐसे जनकल्याणकारी शिविरों का आयोजन निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूँजी है और उस विश्वास पर खरा उतरने के लिए वे सदैव सेवा के मार्ग पर अग्रसर रहेंगी।वहीं युवराज अनंत विक्रम सिंह ने कहा कि जनसेवा ही उनके जीवन का मूल उद्देश्य है। राजनीति उनके लिए पद या शक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और जनसंघर्ष का मार्ग है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि क्षेत्र की जनता के हित में स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक कल्याण एवं विकास से जुड़े ऐसे कार्यक्रम भविष्य में और भी व्यापक स्तर पर आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज का कोई भी वर्ग मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे।

शिविर के दौरान कुल 315 लोगों की नेत्र जाँच की गई तथा शुगर जाँच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। चिकित्सकीय परीक्षण के उपरांत 33 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु अमेठी आई हॉस्पिटल, अमेठी रेफर किया गया, जिससे अनेक जरूरतमंद लोगों को नई रोशनी मिलने की दिशा में सार्थक पहल हुई। इसके अतिरिक्त 12 पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए, जिससे उन्हें भविष्य में निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार का लाभ प्राप्त हो सकेगा।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से (मंडलअध्यक्ष संग्रामपुर) राजेश शुक्ला, पूर्व मंडलअध्यक्ष विपिन विहारी शुक्ला सुरेश सिंह,छवि नारायण सिंह,संजय सिंह,रमेश सिंह,फैजाबाद मौर्या,अशोक सिंह,अंकित सिंह,रामनाथ विश्कर्मा,विजय गुप्ता, रामगरीब कोरी, गज्जे, गौरव सिंह गुलालगढ़ सहित अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन को क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए आयोजकों की जनसेवा भावना, संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता की मुक्तकंठ से सराहना की।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजकों ने शिविर में सेवाएँ प्रदान करने वाले चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, प्रशासनिक सहयोगियों एवं सभी कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने दोहराया कि जनता की सेवा, स्वास्थ्य की रक्षा और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति उनका संकल्प अडिग है और यह सेवा-यात्रा निरंतर जारी रहेगी।

साथ ही, शिविर में आए सभी बच्चों, महिलाओं, पुरुषों एवं बुजुर्गों को डाबर कंपनी द्वारा प्रदत्त जूस का निःशुल्क वितरण भी किया गया, जिससे पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुँचा,और गरीबों को कंबल भी वितरण किया गया।

## रूधौली में सड़क पार करते समय दर्दनाक हादसा, महिला की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केरूधौली थाना क्षेत्र केबांसी मार्ग पर नगर पंचायत रुधौली के सेखुइंया चौराहे के पास सड़क पार कर रही एक महिला को अज्ञात पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार महिला राधा स्वामी सत्संग ब्यास में कथा सुनने आई थी और सड़क पार करते समय तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आ गई। सूचना मिलते ही रुधौली पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका की पहचान अपर्णा पाठक पत्नी सीताराम, निवासी ग्राम हनुवंता, थाना रुधौली के रूप में हुई है। मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक शिवकुमार यादव, धीरेंद्र दुबे, अनुभव कुमार, जय सिंह चौरसिया एवं अतुलेंद्र मौजूद रहे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं हादसे के दौरान घायल लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुधौली भेजा गया।

## विश्व हिंदू परिषद ने सौंपी कमान मनोज सिंह जिला अध्यक्ष नियुक्त

**बस्ती।** बस्ती जिले के विश्व हिंदू परिषदद्वारा बैठक के दौरान प्रांतीय मंत्री नागेंद्र प्रताप सिंह ने संगठन प्रस्ताव रखते हुए जिला अध्यक्ष पद पर मनोज सिंह को मनोनीत किए जाने का प्रस्ताव रखा प्रस्ताव पर क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र जी एवं संगठन मंत्री देवेंद्र सहित उपस्थित सभी पदाधिकारी ने अनुमोदन प्रदान किया मनोज सिंह के जिला अध्यक्ष मनोनीत पर संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया बैठक में संगठन विस्तार करते हुए कार्यकर्ता और कार्य योजना को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई विश्व हिंदू परिषद ने विश्वास जताया कि मनोज सिंह के नेतृत्व में बस्ती जनपद में संगठन और अधिक मजबूत होगा इस दौरान मनोज सिंह ने बताया कि संगठन द्वारा एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है जो मैं संगठन के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा और संगठन को मजबूत करूंगा इस मौके पर भारी संख्या में पदाधिकारी एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किये ।

## युवती को बहला-फुसलाकर मुंबई ले जाने के मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केकलवारी थाना क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर अगवा कर मुंबई ले जाने और वहां छोड़ देने का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर युवती के परिजनों की तहरीर पर कलवारी पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की मां ने थाने में दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि उनकी 20 वर्षीय बेटी को उसका जीजा सुहेल बहला-फुसलाकर अपने साथ मुंबई ले गया। तहरीर के अनुसार, सुहेल युवती को मुंबई ले जाने के बाद वहां सदरे आलम नामक व्यक्ति के पास छोड़कर स्वयं घर वापस लौट आया।

घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में हड़कंप मच गया और उन्होंने तत्काल कलवारी थाने में पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर




सुहेल और सदरे आलम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थानाध्यक्ष कलवारी गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और युवती की सकुशल बरामदगी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस टीम आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। फिलहाल प्राथमिकता युवती को सुरक्षित बरामद करना और दोषियों को गिरफ्तार करना है।

## शारदा हॉस्पिटल पर प्रशासन मेहरबान, नं पंजीयन, न फायर न बीडीए की एनओसी

**●बिल्डिंग हॉस्पिटल के मानक पर नही है, और न ही बस्ती विकास प्राधिकरण द्वारा मानचत्रि पर अप्रूवल लिया गया है। फायर की भी एनओसी नही ली गई है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में सरकारी अस्पतालों में ज्वाइन कर एक अच्छी प्रोफाइल बनाना और फिर इस्तीफा देकर निजी अस्पताल खोलना एक नया ट्रेन्ड बन गया है। अस्पताल डाक्टरों की कमी से जूझ रहे हैं, बीमार निजी अस्पतालों में इलाज कराने को मजबूर हैं वहीं कुछ लोग सरकारी सेवायें छोड़कर कुछ ही सालों में करोड़ों का अम्पायर खड़ा कर रहे हैं। ताजा मामला




बस्ती शहर के पचपेड़िया रोड का है। यहां हाल ही मे शारदा हॉस्पिटल का उद्घाटन हुआ है जिसके संचालक डा. विवेक गौरव सचान हैं। सचान जिला अस्पताल बस्ती के पूर्व फिजीशियन हैं। विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि बिल्डिंग हॉस्पिटल के मानक पर नही है, और न ही बस्ती विकास प्राधिकरण द्वारा मानचत्रि पर अप्रूवल लिया गया है। फायर की भी एनओसी नही ली गई है। कुछ पत्रकारों, मेहमानों, दलालों को बुलाया, चाय नाश्ता कराया उद्घाटन हो गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव निगम से पूछने पर उन्होने बताया कि हॉस्पिटल उनके यहां पंजीकृत नही है। गैर जिम्मेदारी इस स्तर की कहीं से भी लाइसेंस नही लिया गया।

बीडीए के मुख्य अभियन्ता ने भी बताया कि फिलहाल अभी तक सम्बन्धित हॉस्पिटल के भवन का मानचित्र अप्रूव्ड नही है। फायर एनओसी के बार मे जानकारी लेने के लिये पुलिस अधीक्षक को फोन किया, उनके पीआरओ ने कहा सम्बन्धित थाने से बात कर लीजिये। पुरानी बस्ती थाने पर बात किया तो थानाध्यक्ष ने कहा हॉस्पिटल कोतवाली क्षेत्र में आजा है। कोतवाल को फोन किया तो उन्होने बताया कि चौकी इंचार्ज को जांच करने के लिये बोल रहे हैं। दरअसल प्रशासन घटनाओं के बाद जागता है, और अभी हॉस्पिटल मे कोई घटना नही हुई। घटना होने के बाद मानचित्र, फायर, पाल्यूशन, पंजीयन सारे कागजात सही हो जायेंगे इससे पहले मनमानी की पूरी छूट है जिसका आये दिन लोग फायदा उठा रहे हैं। आम जनता अमूमन मानती है कि उद्घाटन में दर्जनों पत्रकार और तमाम वीआईपी पहुंचे हैं तो संस्था हर तरह से विधि सम्मत होगी।

## प्रसव इकाइयों के स्वास्थ्य कर्मियों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**●सुरक्षित प्रसव व जटिलताओं के प्रभावी प्रबंधन पर दिया गया विशेष प्रशिक्षण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जनपद में मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में प्रसव इकाइयों में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देश पर आयोजित की गई, जिसमें जनपद की सभी प्रसव इकाइयों में तैनात चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स एवं एएनएम ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में डॉ. सुमन दत्त गौतम, डॉ. महेश वर्मा एवं डॉ. संगीता पाण्डेय ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान सुरक्षित प्रसव प्रक्रिया, आवश्यक सावधानियाँ, प्रसव के समय उत्पन्न होने वाली जटिलताओं की पहचान तथा उनके प्रभावी प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि समय पर सही निर्णय और समुचित देखभाल से मातृ एवं नवजात मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि प्रसव सेवाओं की गुणवत्ता सीधे तौर पर माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य से जुड़ी है, ऐसे में स्वास्थ्य कर्मियों का निरंतर प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजय कुमार शुक्ला, मीनाक्षी चौधरी, बी.पी. सिंह, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, विनोद त्रिपाठी, डॉ. अनामिका सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रसव सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने की दिशा में स्वास्थ्य कर्मियों की दक्षता को और मजबूत करना रहा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों व निर्माण कार्यों (सीएम डैशबोर्ड) की मासिक समीक्षा बैठक हुई आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों व निर्माण कार्यों (सीएम डैशबोर्ड) की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं/कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं। डीएम ने विभागवार योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली, तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों को समय से पूर्ण



करें। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं उन्होंने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके उपरांत उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए की सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। कार्यदायी संस्थाएं सामग्री की गुणवत्ता जांच कर ही उसका प्रयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी परियोजना में शिथिलता, मानक विहीन कार्य या अनियमित पाए जाने पर संबंधित संस्था के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानू सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पन्नालाल, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## कर्तव्य पथ पर दिखेगी गोरखपुर के कथक कलाकार बद्रीश नारायण मिश्रा की विशिष्ट प्रस्तुति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां / गोरखपुर-** जनपद के प्रतिभाशाली कथक नृत्य कलाकार बद्रीश नारायण मिश्रा ने जनपद का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन किया है। गोरखपुर निवासी प्रमोद मिश्रा लेखा विभाग, आईटीएम गीडा, गोरखपुर एवं माता रमा मिश्रा के सुपुत्र हैं तथा वर्तमान में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी से कथक नृत्य में परास्नातक की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। अपनी कला, अनुशासन और निरंतर साधना के बल पर



बद्रीश नारायण मिश्रा को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर कर्तव्य पथ पर देश के प्रधानमंत्री सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों के समक्ष नृत्य प्रस्तुति देने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे गोरखपुर जनपद के लिए गर्व का विषय है। इस विशेष अवसर पर वे मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध लोकनृत्य बरेदी की प्रस्तुति फोक फैसिलिटी सेंटर की टीम के साथ देंगे। कार्यक्रम का संयोजन मनीष यादव द्वारा किया जा रहा है, जबकि नृत्य निर्देशन का दायित्व काफ़ी हाशमी निभा रहे हैं। उनकी इस राष्ट्रीय स्तर की प्रस्तुति से भारतीय लोक एवं शास्त्रीय नृत्य परंपरा को नई पहचान मिलने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त खबरें

### खसरौल में करियर मेला 24 जनवरी को

**भरावन।** पीएम श्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज खसरौल भरावन हरदोई में 24 जनवरी को करियर मेला का आयोजन होगा, कॉलेज के प्रधानाचार्य रामसुजान मिश्रा ने बताया कि इसमें करियर से संबंधित विभिन्न विधाओं की विशेषज्ञों के द्वारा जानकारी दी जाएगी इससे विद्यालय के छात्र-छात्राओं को करियर के चुनाव में सहूलियत होगी।

### ई-रिक्शा पलटा, चालक गंभीर घायल

**लालगंज (रायबरेली):** कस्बे के गांधी चौराहा पर सोमवार को एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल घायल को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ककराही गांव निवासी विकास कुमार ई-रिक्शा से दूध के कंटेनर लादकर कस्बे की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सड़क पर बंदर और कुत्ते आपस में झगड़ते हुए अचानक ई-रिक्शा से टकरा गए, जिससे वाहन असंतुलित होकर पलट गया। हादसे के चलते ई-रिक्शा में लदा कई लीटर दूध सड़क पर फैल गया। घटना के बाद गांधी चौराहा पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### मनरेगा चौपाल में कांग्रेसियों ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**लालगंज (रायबरेली)।** विकासखंड क्षेत्र के पूरेगुरु मजरे खजूरगांव और गेगासों में सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से मनरेगा चौपाल का आयोजन हुआ। चौपाल के जरिए ग्रामीणों को मनरेगा योजना के अधिकारों और लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत किया गया। चौपाल की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह और मंडल अध्यक्ष राज नारायण यादव ने की। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों के लिए रोजगार का मजबूत सहारा है। कांग्रेसियों ने सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाया। कहा कि योजना को समाप्त करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। जिला सचिव कामता प्रसाद गौड़ ने कहा कि मनरेगा से गांवों में रोजगार के साथ विकास कार्य भी हो रहे हैं। इसे बचाना सभी की जिम्मेदारी है। शिव प्रताप व सुशील अग्निहोत्री ने कहा कि ग्रामीणों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। कार्यक्रम में शिवकिशोर बाजपेई, राम प्रकाश निषाद, ब्रज किशोर सिंह धुन्नर, अब्दुल हकीम, शिवप्रसाद यादव बापू, डॉ. राकेश पटेल, शिवप्रकाश, सत्रोहन यादव, नीलू बाबादीन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

### खौफ के साए में रसूलपुर, बड़े पुलिस अफसर ने ग्राउंड जीरो पर डाला डेरा

**बदमाशों की अब खैर नहीं, आईजी ने दिए जल्द खुलासे के सख्त निर्देश)**



**तालगांव सीतापुर** जिले के तालगांव में हुई दुस्साहसिक डकैती के बाद अब पुलिस महकमा पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। सगे भाइयों को बंधक बनाकर लाखों की लूट करने वाले बेखौफ बदमाशों की शामत आने वाली है, क्योंकि खुद आईजी लखनऊ किरन एस जमीन पर उतरीं और सीधे घटनास्थल रसूलपुर पहुंचीं। वारदात के 24 घंटे बाद आईजी ने मौके पर पहुंचकर न केवल हालात का जायजा लिया, बल्कि पीड़ित परिवार के जख्मों पर मरहम लगाते हुए उन्हें इंसाफ का पुख्ता भरोसा भी दिलाया। आईजी किरन एस ने रसूलपुर पहुंचकर उस घर का चप्पा-चप्पा देखा, जहां बदमाशों ने तांडव मचाया था। उन्होंने पीड़ित भाइयों बंटी वर्मा और पुष्कर वर्मा से एकांत में लंबी बातचीत की और घटना के हर पहलू को बारीकी से समझा। डरे-सहमे परिजनों के बीच बैठकर आईजी ने उन्हें ढांढस बंधाया और आश्वस्त किया कि खाकी उनके साथ खड़ी है। आईजी ने स्पष्ट किया कि इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चाक-चौबंद किया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी हिमाकत कोई न कर सके। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और एसओजी टीम को आईजी ने कड़े तेवर दिखाते हुए दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने साफ कहा कि इस सनसनीखेज वारदात का अनावरण पुलिस की प्राथमिकता है और बहुत जल्द बदमाश सलाखों के पीछे होंगे। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल को तकनीक और मुखबिर तंत्र का आक्रामक इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं। आईजी के इस दौरे ने अपराधियों में खौफ और आम जनता में विश्वास पैदा करने का काम किया है।

## आईजी किरण एस ने पीड़ित परिवार से की मुलाक़ात लूटकांड मामले में जानी हक़ीक़त, खुलासे में लगी टीमों से जानी प्रगति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के तालगांव थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में रिटायर्ड लेखपाल के घर हुई सनसनीखेज लूट की वारदात को लेकर पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। रिटायर्ड लेखपाल के दो बेटों और उनकी बहुओं को बंधक बनाकर असलहे के बल पर की गई लूट की घटना के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजी रेंज लखनऊ किरण एस सोमवार को तालगांव पहुंचे। आईजी ने सबसे पहले पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी ली और बदमाशों के हौसले, वारदात के तरीके व समय के बारे में विस्तार से पूछा। पीड़ितों ने बताया कि रविवार सुबह बदमाश घर में घुस आए और तमंचे के बल पर सभी को बंधक बनाकर नकदी व जेवरात लूट ले गए। बदमाशों ने वारदात को इत्मीनान से अंजाम दिया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी आईजी किरण एस ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से घटना के खुलासे को लेकर की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि इस मामले के खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गई हैं, जो अलग-अलग बिंदुओं पर जांच कर रही हैं इनमें सर्विलांस, स्थानीय मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है आईजी ने पुलिस अधीक्षक और घटना के खुलासे में लगी टीमों से अब तक की प्रगति रिपोर्ट भी तलब की। साथ ही निर्देश दिए कि किसी भी कीमत पर जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाए। उन्होंने क्षेत्र में ग्राम निगरानी समितियों को सक्रिय करने के निर्देश भी दिए, ताकि गांव स्तर पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

**बोले- लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त**

आईजी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की घटनाएं कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती हैं और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस को गश्त बढ़ाने और जनता से संवाद मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल पुलिस टीमें बदमाशों की तलाश में दबिश दे रही हैं और जल्द ही मामले के खुलासे का दावा किया जा रहा है!!

## सरकारी स्कूल परिसर में अन्नपूर्णा भवन निर्माण का विरोध, ग्रामीणों ने समाधान दिवस में की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद, लखनऊ।** माल विकासखंड के बहिर ग्राम पंचायत के अंतर्गत छोटा बगवारा में सरकारी विद्यालय में बनाए जा रहे अन्नपूर्णा भवन का विरोध ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय परिसर के अंदर अन्नपूर्णा भवन बनाए जाने से छात्र-छात्राओं को पढ़ने में असुविधा होगी। ग्रामीणों ने सामूहिक तौर पर संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मलिहाबाद तहसील में पहुंचकर इसकी शिकायत भी दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान तथा पंचायत सहायक अपनी मनमानी कर रहे हैं।

मलिहाबाद तहसील अंतर्गत विकासखंड माल की ग्राम पंचायत बहिर के छोटा बगवारा गांव में बने पूर्व माध्यमिक विद्यालय में ग्राम प्रधान द्वारा अन्नपूर्णा भवन का परिसर के अंदर ही निर्माण कार्य शुरू कराया गया है जिसको लेकर ग्रामीण तथा विद्यालय के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं में नाराजगी व्याप्त हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में काफी सरकारी भूमि पड़ी हुई है जहां अन्नपूर्णा भवन बनाया जा सकता है लेकिन ग्राम प्रधान अपनी मनमानी करते हुए विद्यालय परिसर के अंदर ही अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कर रहे हैं जिससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर काफी बुरा असर पड़ेगा।

ग्रामीणों ने सामूहिक तौर पर इसकी शिकायत मलिहाबाद तहसील समाधान दिवस में की है और इस निर्माण कार्य को रोक कर किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर अन्नपूर्णा भवन बनाए जाने की मांग की है। ग्रामीण जगदीश, उदयराज, सुरजीत कुमार, दीनदयाल, ओम प्रकाश, सलीम, विनोद ने कहा कि अगर सरकारी विद्यालय के अंदर अन्नपूर्णा भवन का कार्य पुनः कराया गया तो समस्त ग्रामीण विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### खाद्य सुरक्षा विभाग के तरफ से ठेला और छोटे दुकानों पर खाद्य सामग्री बेचने वाले व्यापारियों का पंजीकरण किया

**जंगीगंज।** डीघ ब्लॉक के महुआरी पंचायत भवन परिसर में सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के तरफ से ठेला और छोटे दुकानों पर खाद्य सामग्री बेचने वाले व्यापारियों का पंजीकरण किया गया। शिविर में व्यापारियों को मौके पर ही फूड लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन किया गया। शिविर में किराना, मिठाई, होटल, डेयरी, रेस्टोरेंट, हलवाई, केटरिंग, फास्ट फूड, चाट-पकौड़ी, फल-सब्जी, ठेला और स्टॉल संचालक शिविर में आवेदन कर मौके पर ही पंजीकरण करा कर प्रमाणपत्र भी प्राप्त किया। साथ ही व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और नियम विनियम, 2011 की जानकारी भी दी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि बिना लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन खाद्य सामग्री बेचने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पंजीकरण करा लेने पर व्यापारियों को कई लाभ भी मिलते है। शिविर में व्यापारियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। इस मौके पर मनोज कुमार, रमेश चंद मिश्रा, संजय सिंह चौहान, पिंटू प्रधान, रजनीश जायसवाल और पवन मोदनवाल भारी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## एडीएम प्रशासन ने किया नगर पंचायत महराजगंज का सघन निरीक्षण परखी हकीकत

**● अधिकारियों के दावों के बाद भी निगरानी के सख्त निर्देश, जनता ने ली राहत की सांस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** नगर पंचायत क्षेत्र में दूषित पेयजल की शिकायतों को लेकर बीते कई दिनों से नागरिकों में भारी आक्रोश और चिंता का माहौल बना हुआ था। घर-घर से आ रही शिकायतों और जनदबाव को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को अपर जिलाधिकारी (एडीएम प्रशासन) सिद्धार्थ कुमार ने स्वयं नगर पंचायत क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। एडीएम के निरीक्षण को प्रशासन की बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एडीएम सिद्धार्थ कुमार ने नगर पंचायत की पूरी जल आपूर्ति व्यवस्था की बारीकी से जांच की। उन्होंने जल टंकियों, पाइपलाइन, पंपिंग स्टेशन और सप्लाई नेटवर्क का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। जल निगम की टीम द्वारा किए गए परीक्षण के आधार पर अधिकारियों ने बताया कि पेयजल की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पाई गई है और फिलहाल किसी भी प्रकार की गड़बड़ी सामने नहीं आई है।

एडीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनस्वास्थ्य से जुड़ा मामला किसी भी हालत में लापरवाही का शिकार नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भले ही अभी व्यवस्था सामान्य पाई गई हो, लेकिन भविष्य में किसी भी तरह की समस्या से निपटने के लिए विभागों को पूरी तरह सतर्क रहना होगा। जल की नियमित जांच, सप्लाई की सतत निगरानी और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान उप जिलाधिकारी गौतम सिंह, जल निगम की तकनीकी टीम और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जल के नमूनों की समय-समय पर जांच की जा रही है और किसी भी संदिग्ध स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक सक्रियता पर संतोष जताया। नागरिकों का कहना है कि एडीएम द्वारा स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने से लोगों का भरोसा बढ़ा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति लगातार बनी रहेगी। जनता से जुड़ी बुनियादी समस्याओं पर अब किसी भी प्रकार की अनदेखी नहीं की जाएगी वहीं मौजूद चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने उपस्थित पत्रकारों को बताया कि लगातार टीम गठित कर पाइपलाइन की पाइपलाइन की जांच कराई जा रही है। पैगम्बर नगर में एक पाइपलाइन लीकेज पाई गई है




जिसको सही करवाया जा रहा है। जल्द ही साफ सुथरा पानी नगरवासियों को पीने को मिलेगा वहीं मौजूद अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा ने बताया कि पैगंबर नगर में पानी की समस्या को देखते हुए 03 टैंक टाइप स्टैंड पोस्ट

**पेयजल लगवाकर वार्ड में पानी की समस्या को दूर किया जाएगा जब तक कई पानी टैंकरों को लगाकर**

स्वच्छ पानी वार्डों में दिया जा रहा है तथा नगर पंचायत के कर्मचारी लगातार डोर टू डोर जाकर लीकेज की जांच कर रहे इस मौके पर उपजिलाधिकारी गौतम सिंह नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा नगर पंचायत प्रतिनिधि प्रभात साहू सी एच सी अधीक्षक गणनायक पांडे , सभासद धर्मेन्द्र वर्मा ,नूरल हसन, विनीत वैश्य, सभासद प्रतिनिधि अलीम समाजसेवी शब्बीर, विजय धीमान पूर्व सभासद, आदि लोग मौजूद रहे।

## युवती ने खाया ज़हरीला पदार्थ हालत गंभीर, युवती को देखने पहुंचे अस्पताल में आरोपी प्रेमी की पिटाई, पुलिस ने लिया हिरासत में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के खैराबाद थाना इलाके में प्रेम प्रसंग और ब्लैकमेलिंग से जुड़ा एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मछरेहटा क्षेत्र की रहने वाली एक युवती अपने ही प्रेमी की प्रताड़ना से इस कदर परेशान हो गई कि उसने ज़हरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार युवती का पवन पुत्र राजकुमार नामक युवक से प्रेम संबंध था। आरोप है कि बीते करीब दो महीनों से युवक युवती को लगातार परेशान कर रहा था। वह युवती की फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करता था और कई बार उसका यौन शोषण भी किया इसके साथ ही देर शाम आरोपी युवक युवती पर अपने साथ चलने का दबाव भी बना रहा था। बताया जा रहा है कि यह घटना खैराबाद थाना क्षेत्र के खैराबाद चुंगी के पास की है। यहां युवक ने युवती को सड़क पर रोक लिया और जबरन अपने साथ ले जाने का दबाव बनाने लगा। इसी दौरान दोनों के बीच तीखी कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद के बाद युवक युवती का मोबाइल फोन लेकर मौके से फरार हो गया इस घटना से युवती मानसिक रूप से टूट गई और आहत होकर उसने ज़हरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई तो वे रात में ही तुरंत युवती को सीतापुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और डॉक्टरों की निगरानी में उपचार जारी है। उधर, युवती की हालत की जानकारी मिलने पर आरोपी युवक भी मुंह बांधकर जिला अस्पताल पहुंच गया। वहां मौजूद परिजनों और स्थानीय लोगों ने उसे पहचान लिया और पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह आरोपी को भीड़ से बचाकर हिरासत में ले लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। सीओ सिटी विनायक भोसले ने बताया कि युवक हिरासत में है परिजनों की तरफ से तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी!!

### मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप, पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार

**रायबरेली:** जनपद के गुमदापुर मजरे भीरा गोविंदपुर निवासी आदित्य कुमार पुत्र राजाराम ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर दबंगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित के अनुसार 16 जनवरी की रात लगभग 9 बजे, जब वह खाना खाकर घर पर सो रहे थे, तभी पड़ोस के प्रेम शंकर पुत्र हरिहर, आशीष कुमार, अभिषेक कुमार एवं कुछ अज्ञात साथियों ने उनके घर पर आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि दबंगों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला करते हुए जान से मारने की नीयत से मारपीट की। पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, लेकिन इसके बावजूद आरोपी बेखौफ बने हुए हैं। पीड़ित का कहना है कि आरोपी आए दिन डराने-धमकाने का काम कर रहे हैं, जिससे पूरा परिवार डर और दहशत के माहौल में जीने को मजबूर है। आदित्य कुमार ने आशंका जताई है कि उनके परिवार के साथ किसी भी समय कोई बड़ी अनहोनी घटना घट सकती है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## मलिहाबाद तेज रफ्तार पिकअप ने सवारी से भरे ई- रिक्शा में मारी टक्कर

**● ......टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा के उड़े परखच्चे, महिलाओं सहित सात घायल।**

**.....पुलिस ने घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती, दो की हालत गंभीर।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** मलिहाबाद क्षेत्र में उस समय अचानक हड़कंप मच गया जब तेज रफ्तार से आ रहे पिकअप चालक ने सवारी से भरे ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा में सवार यात्री छिटक कर दूर तलक जा गिरे। इस हादसे में महिलाओं, बच्चों सहित सात लोग से जख्मी हो गए।मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में घायलों को अस्पताल भिजवाया, जहां दो लोगों की हालत नाजुक बनी है। पुलिस पिकअप और ई-रिक्शा को कब्जे में लेकर छानबीन कर रही है।

क्षेत्र में सोमवार करीब 11 बजे ई-रिक्शा यूपी 32 क्यू टी 1544 सवारी लादकर मलिहाबाद जा रहा था कि जैसे ही चालक ई-रिक्शा लेकर लक्की धर्म काटे के पास पहुंचा कि तेज़ रफ्तार पीछे से आ रहे प्लाईबोर्ड से लदा पिकअप डाला यूपी 30 बीटी 0474 टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर पलट गया। तभी सवारी भरा ई-रिक्शा की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा में सवार मलिहाबाद निवासी शहाबुद्दीन,नई बस्ती धनेवा निवासी श्याम किशोर, कल्लू खेड़ा निवासी चालक अशर्फी लाल, नई बस्ती धनेवा निवासी बुशरा दानिश अली, हसनगंज उन्नाव निवासी दो वर्षीय उमर, खुशबू व नूरजहां घायल है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां खुशबू और चालक अशर्फ़ी लाल की हालत देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।मौके पर डाला चालक फरार हो गया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल, राजाजीपुरम में परंपरा, परिवार और उत्साह का समागम

**● .....मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 'पतंग उत्सव 2026' का भव्य एवं सफल आयोजन।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर रविवार को सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, राजाजीपुरम कैंपस द्वारा पतंग उत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में पारंपरिक मूल्यों, पारिवारिक सहभागिता और विद्यार्थियों के उल्लास का एक सुंदर और प्रेरक समागम देखने को मिला। सुबह 9 बजे से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में न केवल बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे, बल्कि उनके माता-पिता, दादा-दादी एवं नाना-नानी की सहभागिता ने इसे पीढ़ियों को जोड़ने वाला एक सशक्त और जीवंत मंच बना दिया।कार्यक्रम की शुरुआत आगंतुकों के स्वागत एवं सामान्य आगमन के साथ हुई। इसके पश्चात विशिष्ट अतिथियों के आगमन के उपरांत दीप प्रज्वलन द्वारा आयोजन का औपचारिक शुभारंभ किया गया, जिसने पूरे कार्यक्रम को सांस्कृतिक गरिमा और उत्सवी वातावरण प्रदान किया।कार्यक्रम का एक प्रमुख एवं भावनात्मक आकर्षण राजाजीपुरम क्षेत्र के 11 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान रहा।

विद्यालय द्वारा उन्हें सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित कर मंच पर सम्मानित किया गया। यह पहल विद्यार्थियों में संस्कार, सामाजिक मूल्यों तथा बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने का एक सशक्त प्रयास रहा उनकी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की और विद्यार्थियों के लिए यह अनुभव अत्यंत प्रेरणादायी रहा। दीप प्रज्वलन के उपरांत अतिथि सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल, श्री ईश्वर चंद्र जायसवाल,सरिता शाही, संगीता श्रीवास्तव एवं राकेश कुमार त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने विद्यालय द्वारा आयोजित सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंग-बिरंगी पतंगों, रचनात्मक रंगोलियों और बच्चों की कल्पनाशील प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को उत्सवमय बना दिया। पतंग उड़ान प्रतियोगिता में प्रथम जाफर एम. हुसैन कक्षा 5 ई,द्वितीय अरहम खान कक्षा 6 सी,तृतीय प्रखर राजपूत कक्षा 4 डी रहे।गुब्बारा फोड़ प्रतियोगिता में प्रथम अधिराज दास कक्षा 5 ए,द्वितीय विवान कपूर कक्षा 2 बी, तृतीय आश्वी भारद्वाज कक्षा 3 सी रही।

पतंग निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम सिमरत कौर नर्सरी बी,द्वितीय बिलाल हुसैन यूकेजी बी,तृतीय फातिमा बिन जुबैर कक्षा 1 बी रही।जबकि रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पिता जैनेंद्र दीक्षित अदिति दीक्षित, कक्षा 6 ए,द्वितीय माता हिमांशी प्रभव कुमार रस्तोगी एलकेजी बी,तृतीय माता श्रद्धा जैन पवित्रा जैन कक्षा 4 बी

**लाइव प्रस्तुतियाँ और पारिवारिक सहभागिता**

कार्यक्रम के दौरान लाइव कम्पेयरिंग, संगीत एवं नृत्य प्रस्तुतियाँ रिदमिक एक्सप्रेशन,पॉटरी, स्टोरी कॉर्नर, आर्ट गैलरी तथा फन ज़ोन विशेष आकर्षण रहे। दादा-दादी और नाना-नानी को बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियों में सहभागी होते देखना आयोजन की सबसे भावनात्मक और स्मरणीय झलक रहा।

**प्रधानाचार्या के नेतृत्व में टीमवर्क की सराहनीय भूमिका**

विद्यालय की प्रधानाचार्या कविता कामेश्वरी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में इस आयोजन को सफल बनाने में शिक्षकों तथा कार्यालय कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। आयोजन की योजना, समन्वय और क्रियान्वयन में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं कार्यालय स्टाफ ने पूर्ण निष्ठा, समर्पण और टीम भावना के साथ कार्य किया। विद्यालय प्रबंधन ने प्रधानाचार्या कविता कामेश्वरी सहित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को इस भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं प्रशंसा प्रकट की।

## टाउन हॉल की ज़मीन खाली करने का अंतिम अल्टीमेटम, सपा कार्यालय, भाजपा नेता सहित अन्य को 22 जनवरी तक खाली करने का निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में नजूल की जमीन पर बने सपा कार्यालय और भाजपा नेता सहित अन्य आवास को खाली कराने को लेकर प्रशासन की सख्ती लगातार जारी है। नोटिस जारी होने के बाद सोमवार को तीसरी बार फिर तहसीलदार अतुल सेन सिंह अपनी टीम के साथ सपा कार्यालय और टाउन हॉल पहुंचे। इस दौरान कब्जेदारों को अंतिम अल्टीमेटम देते हुए जमीन खाली करने के निर्देश दिए गए। तहसीलदार अतुल सेन सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नजूल की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कब्जेदारों को 22 जनवरी तक स्वयं जमीन खाली करने की समय-सीमा दी गई है। यह अंतिम सूचना है और इसके बाद प्रशासन की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी। समय पूरा होते ही प्रशासन खुद कब्जा हटवाएगा और संबंधित कब्जेदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। गौरतलब है कि 7 जनवरी को सबसे पहले टाउन हॉल को नजूल की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के बाद यह तीसरा मौका है जब तहसील प्रशासन मौके पर पहुंचा है। तहसीलदार ने बताया कि नोटिस जारी करते समय 15 दिन का समय दिया गया था और अब उसी की याद दिलाने के लिए वह मौके पर पहुंचे हैं। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई किसी दल विशेष या व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए की जा रही है। तहसीलदार ने यह भी कहा कि सभी कब्जेदारों को समान रूप से नियमों का पालन करना होगा। मौके पर प्रशासनिक टीम की मौजूदगी से क्षेत्र में हलचल बनी रही। वहीं सपा कार्यालय और टाउन हॉल से जुड़े लोगों में कार्रवाई को लेकर चर्चा तेज रही। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि तय समय सीमा के बाद किसी भी तरह की मोहलत नहीं दी जाएगी। अब देखना होगा कि 22 जनवरी तक कब्जेदार स्वयं जमीन खाली करते हैं या फिर प्रशासन को बलपूर्वक कार्रवाई करनी पड़ती है!!

## मेला हजरत गलजार शाह के अंतर्गत आयोजित अखिल भारतीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**बिसवां सीतापुर:** मेला हजरत गुलजार शाह रह0 अलैह के अंतर्गत आयोजित अखिल भारतीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का शुभारम्भ कोतवाली बिसवां में तैनात उपनिरीक्षक मंजीत कुमार एवं सुधाकर सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथियों ने अखाड़े में उतरकर पहलवानों से हाथ मिलवाते हुए कुश्ती प्रतियोगिता की विधिवत शुरुआत कराई। इस अवसर पर मेला सदर मसर्रत अली, सेक्रेटरी सैय्यद हुसैन कादरी, कार्यवाहक अध्यक्ष महबूब अली अंसारी एवं दंगल आयोजक शौकत पहलवान ने मुख्य अतिथियों का पगड़ी बांधकर एवं बैज अलंकरण कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि कुश्ती दंगल भारत का प्राचीनतम एवं शुद्ध रूप से देशी खेल है, जो खेल भावना के साथ समाज में भाईचारे एवं सौहार्द को बढ़ावा देता है। दंगल की पहली कुश्ती सुल्तान वारसी पहलवान (देवा) एवं साका पहलवान (उत्तराखंड) के मध्य हुई, जिसमें सुल्तान वारसी ने विजय प्राप्त की। दूसरी कुश्ती बाबा बजरंगी पहलवान (अयोध्या) एवं रंजीत पहलवान (राजस्थान) के बीच हुई, जिसमें बाबा बजरंगी पहलवान ने शानदार दांव-पेंच का प्रदर्शन करते हुए सफलता अर्जित की। तीसरी कुश्ती राजा पहलवान (मुजफ्फरनगर) एवं गोलू पहलवान (लखनऊ) के बीच हुई, जिसमें राजा पहलवान विजयी रहे। इसके अतिरिक्त जियाउल पहलवान सांडा, इंद्रजीत पहलवान (गोंडा), मनोज पहलवान (हरियाणा), बब्लू पहलवान (बरेली) सहित अन्य पहलवानों ने भी अपने उत्कृष्ट दांव-पेंच से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के अंत में दंगल आयोजक शौकत पहलवान द्वारा विजेता पहलवानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दंगल कन्वीनर रियाजुद्दीन उर्फ गुड्डू, नफीस अहमद, अनीस हसन आब्दी, बदर हयात खान, नुसरत अली, रेहान कादरी, राजकुमार रस्तोगी, आफताब आलम पप्पू, अन्नू सहित बड़ी संख्या में कुश्ती प्रेमी मौजूद रहे।

# शंकराचार्य स्नान विवाद : सन्तन के लच्छन रघुबीरा?

संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में रविवार को मौनी अमावस्या के मौके पर गंगा स्नान को लेकर ज्योतिष पीठ शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के भक्तों और पुलिस के बीच जमकर बवाल हुआ। इसके बाद पुलिस ने उनके भक्तों को घसीटते हुए ले गई और शंकराचार्य को बिना स्नान किए वापस जाना पड़ा। अपने और अपने भक्तों के साथ हुई कथित अभद्रता के बाद अब शंकराचार्य अपने शिविर के बाहर धरने पर बैठ गए। शंकराचार्य ने कहा है कि जब तक पुलिस प्रशासन ससम्मान प्रोटोकॉल के साथ नहीं ले जाएगा तब तक गंगा स्नान नहीं करूंगा। आपको थोड़ा विस्तार से बता दें प्रयागराज के माघ मेले में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई, जब प्रशासन ने ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के काफिले को संगम तट पर जाने से रोक दिया। संगम पर भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस ने शंकराचार्य से उनके पालकी रथ से उतरकर पैदल आगे बढ़ने का अनुरोध किया था। शंकराचार्य के अनुयायी रथ के साथ ही आगे बढ़ना चाहते थे। इस दौरान पुलिस और समर्थकों के बीच तीखी बहस और धक्का-मुक्की हुई। आरोप है इस व्यवहार से नाराज होकर शंकराचार्य ने संगम में स्नान करने से मना कर दिया और वहीं धरने पर बैठ गए। सवाल उठता है कि ऐसे भीड़ भरे माहौल में जहां करोड़ों लोग स्नान के लिए आ रहे हैं वहाँ पुलिस और प्रशासन के कंधों पर व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी है क्योंकि बीते साल इसी प्रयागराज में कुम्भ के मेले में तमाम सावधानी के बावजूद भगदड़ में बहुत से लोग अपनी जान गंवा बैठे थे ऐसे हालात को रोकने के लिए यदि प्रशासन किसी सम्मानीय शंकराचार्य से कर जोड़ कर विनती करता है कि आप मात्र पांच सौ कदम पालकी रथ से उतर कर स्नान कर लीजिए और शंकराचार्य महोदय भीड़ नियंत्रण और व्यवस्था बनाए रखने की तमाम प्राथमिकता को दर किनार कर नदी तट तक अपने अनुयायियों समेत रथ में सवार होकर ही जाने की जिद पर उतर आएं तो इसे क्या कहेंगे? क्या कुछ कदम पैदल चलने मात्र से उनकी प्रतिष्ठा कम हो जाती? क्या शंकराचार्य के गरिमामयी पद पर भी वह अराजकता फैलाने की कोशिश में हैं? या जानबूझकर कर ऐसा हरकत करना चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और उनके पुलिस प्रशासन को घेर कर चर्चा में आने की जुगत की जाए? क्या यही एक धर्म गुरु शंकराचार्य का आचरण है? अब आपको उस सनातन संस्कृति और सभ्यता का हवाला देते हैं जिसके पावन पुनीत ग्रंथ रामचरितमानस में लिखा है संतन्ह के लच्छन रघुबीरा। कहहु नाथ भव भंजन भीरा॥

हे रघुवीर! हे भव-भय (जन्म-मरण के भय) का नाश करने वाले मेरे नाथ! अब कृपा कर संतों के लक्षण कहिए!... श्री रामजी ने कहा-

बिरति बिबेक बिनय बिग्याना। बोध जथारथ बेद पुराना॥

दंभ मान मद करहिं न काऊ। भूलि न देहिं कुमारग पाऊ॥3॥

भावार्थ - संत वैराग्य, विवेक, विनय, विज्ञान (परमात्मा के तत्व का ज्ञान) और वेद-पुराण का यथार्थ ज्ञान रहता है। वे दम्भ, अभिमान और मद कभी नहीं करते और भूलकर भी कुमार्ग पर पैर नहीं रखते हैं।

षट बिकार जित अनघ अकामा। अचल अकिंचन सुचि सुखधामा॥

अमित बोध अनीह मितभोगी। सत्यसार कबि कोबिद जोगी।। भावार्थ : वे संत (काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर- इन) छह विकारों (दोषों) को जीते हुए, पापरहित, कामनारहित, निश्चल (स्थिरबुद्धि), अकिंचन (सर्वत्यागी), बाहर-भीतर से पवित्र, सुख के धाम, असीम ज्ञानवान्, इच्छारहित, मिताहारी, सत्यनिष्ठ, कवि, विद्वान, योगी हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का अहम प्रशासन की व्यवस्था को स्वीकार करने में आड़े आ रहा था या वह जानबूझकर टकराव की स्थिति पैदा करना चाहते थे। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, पुलिस कमिश्नर जोगिंदर कुमार और डीएम मनीष कुमार वर्मा के मनाने के बाद भी जब स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद नहीं माने तो पुलिस ने बलपूर्वक उनको वहां से हटाना शुरू किया. इस दौरान साधु- संन्यासियों ने विरोध करना शुरू किया, जिससे बाद हाथापाई हो गई.पुलिस कर्मियों और साधुओं के बीच तीखी झड़प हुई. इसके बाद कुछ साधुओं को पुलिसकर्मियों ने घसीट कर वहां से हटा दिया. इस दौरान उनके अनुयायियों और पुलिस बल के बीच तीखी झड़प भी हुई. पुलिस ने कई अनुयायियों को हिरासत में भी लिया है.शंकराचार्य के अनुयायियों का आरोप है कि शंकराचार्य के रथ को पुलिस के जवानों ने सादी वर्दी में खींचकर संगम नोज से 1 किलोमीटर दूर छोड़ दिया. यह शंकराचार्य का अपमान है. इस तरह स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद बिना मौनी अमावस्या स्नान के ही वापस लौट गए. जिस समय पुलिस साधुओं को बल पूर्वक हटा रही थी शंकराचार्य काफी क्रोध में नजर आए. अविमुक्तेश्वरानंद ने मीडिया से कहा है कि पिछले 39 सालों से वह इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए मौनी अमावस्या का स्नान करते रहे हैं. शंकराचार्य होने के बाद गरिमा के अनुरूप उन्होंने पालकी पर सवार होकर संगम स्नान करते रहे हैं. शिविर से मुझे पुलिस अधिकारियों ने ही अपनी सुरक्षा में लेकर संगम नोज तक पहुंचाया था. मैं रथ पर इसलिए सवार होकर आया था कि यहां लाखों श्रद्धालु आए हैं. अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि अगर मैं पैदल जाता तो वह मुझे प्रणाम करने, मुझसे बात करने का प्रयास करते. ऐसे में भगदड़ मच सकती थी. मैं शंकराचार्य हूं और अपने गरिमा के अनुरूप ही पालकी से मौनी अमावस्या के स्नान के लिए जाना चाह रहा था. प्रशासन ने रोका है. यह उनसे पूछा जाना चाहिए कि यह किस नियम के विरुद्ध है.

उधर प्रयागराज की मंडल आयुक्त सौम्या अग्रवाल ने मामले पर मीडिया से बातचीत में कहा कि माघ मेले में पालकी- रथ से किसी भी साधु सन्यासी को संगम तक आने की अनुमति नहीं है. पूर्व में माघ मेले में ना ही इस तरह की कोई परंपरा रही है. शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने किसी तरह की परमिशन भी नहीं ले रखी थी.यहां पहुंचने के बाद मैंने और पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार ने उनसे बात की. उन्हें समझाने का प्रयास किया कि आप यहां तक आ ही गए हैं तो अब रथ से उतरकर संगम में जाकर स्नान कीजिए. उनसे बहुत मिन्नत की गई, लेकिन स्वामी जी पालकी और अपने 200 अनुयायियों के साथ संगम में स्नान करने की जिद पर अड़े रहे। पुलिस कमिश्नर जोगिंदर कुमार ने मीडिया को बताया कि संगम क्षेत्र में 452 सौ सीसीटीवी कैमरे लगे हैं उनकी जांच कराई जाएगी, जिसने वेरिफिकेशन तोड़ी है उसके खिलाफ हम कैसे रजिस्टर्ड करेंगे. मौनी अमावस्या के स्नान में लाखों श्रद्धालु इस वक्त संगम में स्नान कर रहे हैं लिहाजा सुरक्षा से किसी भी तरह की खिलवाड़ नहीं की जा सकती है. यह कानून का सीधा उल्लंघन है और लाखों श्रद्धालुओं की जान के साथ खिलवाड़ भी. इसमें सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है, प्राथमिकी दर्ज होगी. आपको बता दें कि मौनी अमावस्या के स्नान में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा रात तक 4 से 5 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान कर पुन्य अर्जित किया . मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। अब शंकराचार्य के मामले को लेकर विपक्षी भी मैदान में उतर आएं हैं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि बीजेपी सरकार 'दिव्य-भव्य' के दावे से पहले 'सभ्य' बने। अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर कहा, 'सदियों से चली आ रही शाही-स्नान की अखंड सनातनी परंपरा में गत वर्ष भी इसी सरकार द्वारा विघ्न डाला गया था। प्रश्न ये है कि ऐसी घटनाएं बीजेपी की सरकार में ही क्यों हो रही हैं। मौनी अमावस्या का शाही-स्नान क्या पहली बार हो रहा है? इस अवस्था के लिए बीजेपी का कुशासन और नाकाम व्यवस्था ही दोषी है। सवाल फिर वही है कि आज के दौर में धार्मिक गुरु भी राजनीतिक खेमेबाजी फर्जी अभिमान और अहंकार से ग्रस्त हैं शंकराचार्य जैसे गरिमामयी पदवी पर विराजमान होकर भी यदि हम सांसारिक मद मान पर नियंत्रण नहीं कर पाए तो समाज को संयम सदाचार का पाठ कैसे पढ़ाएंगे? बहरहाल हमारा तो यही सुझाव है कि माननीय शंकराचार्य राजनीतिक पूर्वाग्रह दुराग्रह से बाहर निकल रामचरितमानस की पंक्तियों पर चिंतन करें- संत हृदय नवनीत समाना और संत हृदय जस निर्मल बारि को चरितार्थ करें।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# गिग वर्कर्स का दर्द : 10 मिनट की डिलीवरी, 24 घंटे का संघर्ष

डिजिटल इंडिया और ऐप-आधारित सुविधाओं के दौर में हमारी जिन्दगी जितनी तेज और आरामदेह हुई है, उतनी ही असुरक्षित हो गई है उन लोगों की, जो इस सुविधा को संभव बनाते हैं। मोबाइल स्क्रीन पर 10 मिनट की डिलीवरी का दावा जितना आकर्षक लगता है, उसके पीछे छिपा सच उतना ही कड़वा है - गिग वर्कर्स का दर्द। यही वे लोग हैं, जिनकी मेहनत, जोखिम और समय के बल पर हमारी 'कन्वीनियंस' चलती है। हाल ही में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने इस दर्द को समझने के लिए एक अनोखी पहल की। 12 जनवरी, 2026 को वे स्वयं ब्लिंकिट की यूनिफॉर्म पहनकर एक दिन के लिए डिलीवरी एजेंट बने और दिल्ली की सड़कों पर ऑर्डर पहुंचाएं। यह कदम केवल प्रतीकात्मक नहीं था, बल्कि उस जमीनी हकीकत को महसूस करने की कोशिश थी, जिसे अक्सर वातानुकूलित दफ्तरों और संसद की बहसों में अनदेखा कर दिया जाता है। इससे पहले राघव चड्ढा की मुलाकात हिमांशु नाम के एक डिलीवरी बॉय से हुई थी, जिसने 15 घंटे काम कर मात्र 763 रुपये कमाए थे। यह आंकड़ा किसी एक व्यक्ति की कहानी नहीं है, बल्कि गिग इकॉनमी में काम कर रहे लाखों युवाओं की सामूहिक पीड़ा का प्रतीक है। न तय वेतन, न स्थायी नौकरी, न सामाजिक सुरक्षा। इन वर्कर्स की पूरी जिन्दगी 'आज काम मिला तो कमाई, नहीं मिला तो शून्य' के भरोसे चलती है। गिग इकॉनमी ने रोजगार के नए रास्ते खोले हैं, इसमें कोई संदेह नहीं। लेकिन यह रोजगार किस कीमत पर? ब्लिंकिट, स्विगी, जोमैटो, उबर, ओला जैसे प्लेटफॉर्म्स पर काम करने वाले लोग कर्मचारी नहीं कहलाते, बल्कि 'पार्टनर' या 'डिलीवरी एजेंट' कहे जाते हैं। इस शब्दावली के पीछे एक बड़ी चाल छिपी है। कंपनियां श्रम कानूनों, बीमा, पेंशन और न्यूनतम मजदूरी जैसी जिम्मेदारियों से बच जाती हैं। सबसे चिंताजनक पहलू है '10 मिनट डिलीवरी' का दबाव। समय की इस अंधी दौड़ में सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य और जीवन का मूल्य गौण हो जाता है। तेज रफ्तार बाइक, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी और लगातार बढ़ता मानसिक दबाव कई बार जानलेवा साबित होता है। हादसों में घायल या मारे गए डिलीवरी एजेंट्स की खबरें आती रहती हैं, लेकिन सिस्टम में कोई बुनियादी बदलाव नहीं दिखता। गिग वर्कर्स केवल शारीरिक जोखिम ही नहीं उठाते, बल्कि मानसिक तनाव से भी जूझते हैं। ऐप की रेटिंग, एल्गोरिदम द्वारा तय होता काम, ऑर्डर कैंसिल होने पर जुर्माना और अकाउंट सस्पेंड होने का डर। ये सब उन्हें एक अदृश्य नियंत्रण में जकड़े रखते हैं। वे अपनी बात रखने या संगठित होकर विरोध करने की स्थिति में भी नहीं होते। सोशल मीडिया पर राघव चड्ढा की पहल को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आई। कुछ ने इसे राजनीतिक स्टंट कहा, तो कईयों ने इसे जरूरी और संवेदनशील कदम माना। लेकिन असली सवाल यह नहीं है कि यह स्टंट था या नहीं; असली सवाल यह है कि क्या इससे गिग वर्कर्स के मुद्दे पर गंभीर बहस शुरू होती है या नहीं। अगर ऐसी पहलें नीति-निर्माण को प्रभावित करती हैं, तो उनका महत्व स्वतः सिद्ध हो जाता है। आज जरूरत है कि गिग वर्कर्स को 'अदृश्य श्रमिक' नहीं, बल्कि औपचारिक श्रम शक्ति के रूप में मान्यता दी जाए। न्यूनतम आय की गारंटी, स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा, सामाजिक सुरक्षा और काम के घंटे तय करना। ये सब अब टाले नहीं जा सकते। गिग इकॉनमी का भविष्य तभी टिकाऊ होगा, जब उसमें काम करने वाले लोगों का भविष्य सुरक्षित होगा। गिग वर्कर्स का दर्द दरअसल हमारे विकास मॉडल पर एक गंभीर सवाल है। अगर हमारी सुविधा की कीमत किसी और की असुरक्षा और जान से चुकाई जा रही है, तो उस सुविधा पर पुनर्विचार जरूरी है। 10 मिनट की डिलीवरी के पीछे छिपा 24 घंटे का संघर्ष अब अनदेखा नहीं किया जा सकता।

**कृष्ण कुमार**

# जनसंख्या और उपलब्ध संसाधनों के समुचित संतुलन की अग्नि परीक्षा

**जनसंख्या के चतुराई से उपयोग की दरकार।**

भारत अनुमानित तौर पर एक सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन गया है और सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगा ।अब समय आ गया है जब देश की सरकार और समूचे जनसंख्या प्रबंधन की इकाइयों को सक्रिय होकर बढ़ती जनसंख्या और उपलब्ध संसाधनों के बीच सामयिक संतुलन बनाकर बड़ी जनसंख्या को बोझ न मानकर एक शक्ति के रूप में स्थापित कर इसका सर्वाधिक दोहन राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए निहित करे। निश्चित तौर पर यह हम पर है कि हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम सही तरीके से विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर इसे राष्ट्र के विकास के श्रोत की तरह विकसित करें भारत की युवा और दिवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नोलॉजी,मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं के उद्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया करें अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 142करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में अनुमानित तौर पर दूसरे नंबर पर है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से 11 जुलाई को हर वर्ष जनसंख्या दिवस के रूप में मनाता है पर जनसंख्या नियंत्रण या जनसंख्या नियोजन पर भारत जैसे देश में कोई भी योजना नहीं बनती है। यही जनसंख्या बढ़ चुकी है और भारत में युवा जनसंख्या 55% से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्ति युक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद।ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है।वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। यह देश में मृत्यु दर के तीव्र स्खलन और जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर के कारण हुआ है। वर्ष 1921 तक की अवधि में भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही क्योंकि इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि की दर काफी निम्न थी। 1981 से लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन 'परिवार नियोजन मानव का अधिकार' रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। यह स्लोगन यह संकेत करता है कि सुरक्षित एवं शैक्षिक परिवार नियोजन एक जिम्मेदार नागरिक का अधिकार है और यह सभी लोगों को सशक्त बनाएगा और देश में विकास की गति को तेज करने में सहायक भी होगा। भारत की जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण बढ़ती जन्म दर और कम मृत्यु दर भी है। जनसंख्या वृद्धि के कारण देश मैं बेरोजगारी गरीबी पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं चुनौती बनकर सामने आई जो समाज व्यक्ति और राष्ट्र सभी के विकास को अवरुद्ध करती है। हमारे पास उपलब्ध संसाधन इतनी बड़ी आबादी के लिए कतई पर्याप्त नहीं है। विकास और देश की समृद्धि के लिए जनसंख्या नियंत्रण एक आवश्यक अंग हो सकता है। कई यूरोपीय देशों ने अपनी बढ़ती जनसंख्या एवं संसाधनों में उचित तालमेल हेतु परिवार नियंत्रण प्रणाली को का निर्णय लिया किंतु एक समय बाद वहां कार्यशील जनसंख्या की अपेक्षा वृद्धों की संख्या में वृद्धि हुई जिससे मानव संसाधन की समस्याएं उनके सामने आने लगी हैं। चीन में पहले जनसंख्या नियंत्रण किया गया था। सरकार ने वैधानिक रूप से एक या दो बच्चे पैदा करने की शर्तें लागू की थी, पर वहां बुजुर्गों, वृद्धों की संख्या में भारी वृद्धि होने के पश्चात चीन की सरकार ने ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपनी जनता से अपील की है।

जापान एक छोटा सा देश होने के बावजूद अपने सीमित संसाधनों के चलते अपने नवाचार तथा तकनीकी शक्ति के बल पर विकासशील देशों के समकक्ष खड़ा है। भारत जैसे विशाल देश में जहां बहुत बड़ी जनसंख्या भी है और विकास के लिए आवश्यक संसाधन भी हैं, विकास करने के लिए केवल विशाल जनसंख्या के साथ सामंजस्य बिठाने की आवश्यकता होगी। भारत में जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ उसके अनुपात में संसाधनों का संतुलन बना कर विकास की नई दिशा दी जा सकती है। संसाधनों की उचित दोहन हेतु सही और सटीक नीति तथा उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा नवाचार एवं उचित तकनीक प्रौद्योगिकी को भी अमल में लाना होगा।भारत विश्व का प्रथम देश है जिसने 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया इसका परिणाम भी अच्छा हुआ था कि पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या की वृद्धि में संतोषजनक गिरावट आई है। यह तो विदित है कि किसी भी राष्ट्र की संतुलित विकास की धारा तभी संभव है जब वहां के विकास में सहायक संसाधनों का संतुलन बना रहे। किसी एक घटक का संतुलन यदि गड़बड़ होता है तो विकास के लिए गंभीर समस्याएं जन्म लेना शुरू करती हैं। भारत की जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो दिन दूर नहीं जब संसाधनों की कमी से भारत को जूझना होगा फिर विकास की बात बेमानी हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य है कि व्यक्ति समाज सरकार और योजना कानों के मन में इस विषय से संबंधित समस्याओं के प्रति चेतना संवेदना जगाना ही है ताकि लोगों में बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी समस्याएं एवं अवरोधों के बारे में जागरूकता ज्यादा से ज्यादा विस्तारित हो।

भारत के पास विकास के सभी मापदंड होते हुए भी देश पिछड़ा हुआ है, भारत में तकनीकी का कम विकास, कमजोर शिक्षा ,परंपरागत स्रोत, कृषि का निम्न स्तर, आर्थिक असमानता जैसी अनेक समस्याएं हैं जो विकास मैं बाधक बनती रही है। वर्तमान में देश के पास प्राकृतिक एवं मानव संसाधन इतना है कि बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं से आसानी से निपटा जा सके पर इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि संसाधनों का उचित दोहन तथा उसका सही उपयोग विकास की दिशा में भ्रष्टाचार से बचाकर किया जाए। यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि जनसंख्या की समस्या से निपटने तथा विकास की दर को बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन प्रशासन की ही नहीं है इसके लिए आम नागरिक भी जिम्मेदार है क्योंकि समस्याएं खड़ी करने में आमजन का एक बड़ा वर्ग भी है, इसीलिए हम सबको जनसंख्या नियंत्रण और विकास की धारा को सही दिशा प्रदान करने के लिए सक्रिय सहयोग देना होगा तब ही देश एक सशक्त राष्ट्र बन पाएगा।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## विकास के शिलान्यास से मोदी का चुनावी शंखनाद

**सिंगूर से बदली बंगाल की सियासी हवा**

पश्चिम बंगाल के लिए बीते 24 घंटे केवल सरकारी कार्यक्रमों या परियोजनाओं की घोषणाओं तक सीमित नहीं रहे, बल्कि उन्होंने राज्य की राजनीति, विकास की दिशा और आगामी चुनावी समीकरणों को एक नई गति दे दी। हुगली जिले के बालागढ़ और सिंगूर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया, उसने स्पष्ट संकेत दे दिया कि बंगाल अब केवल राजनीतिक संघर्ष का मैदान नहीं, बल्कि केंद्र सरकार के 'विकसित भारत' विजन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनने जा रहा है। इन कार्यक्रमों ने न सिर्फ बुनियादी ढांचे से जुड़ी उम्मीदों को मजबूत किया, बल्कि चुनावी माहौल में भी नई हलचल पैदा कर दी।

प्रधानमंत्री मोदी का सिंगूर और बालागढ़ आना अपने आप में प्रतीकात्मक रहा। सिंगूर वही स्थान है, जो कभी औद्योगीकरण बनाम कृषि भूमि विवाद के कारण राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में रहा था। आज उसी सिंगूर से विकास कार्यों की शुरुआत का संदेश देना, केंद्र सरकार की यह मंशा दर्शाता है कि अतीत के टकरावों को पीछे छोड़कर भविष्य की ओर बढ़ा जाए। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में पूर्वी भारत के विकास को 'विकसित भारत' के लक्ष्य से जोड़ते हुए कहा कि जब तक पूर्वी राज्यों की प्रगति तेज नहीं होगी, तब तक देश का समग्र विकास अधूरा रहेगा। बंगाल, झारखंड, ओडिशा और बिहार जैसे राज्यों को केंद्र में रखकर बनाई जा रही नीतियां इसी सोच का हिस्सा हैं।

बालागढ़ में एक्सटेंडेड पोर्ट गेट सिस्टम का शिलान्यास इस दिशा में एक ठोस कदम है। इस परियोजना में इनलैंड वॉटर ट्रांसपोर्ट टर्मिनल और ग्रेड ओवर ब्रिज जैसी सुविधाएं शामिल हैं, जो केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य की लॉजिस्टिक व्यवस्था को नई मजबूती देंगी। गंगा नदी पर विकसित जलमार्ग के साथ यह परियोजना मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगी। इससे कोलकाता जैसे महानगर पर ट्रैफिक और माल ढुलाई का दबाव कम होगा और उद्योगों को तेज, सस्ता और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन विकल्प मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि बीते 11 वर्षों में श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट की क्षमता बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने बड़े पैमाने पर निवेश किया है। सागरमाला योजना के तहत सड़क और पोर्ट कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया गया, जिसके परिणामस्वरूप कोलकाता पोर्ट ने हाल के वर्षों में कार्गो हैंडलिंग के नए रिकॉर्ड बनाए हैं। यह केवल आंकड़ों की बात नहीं है, बल्कि इससे जुड़े रोजगार, व्यापार और उद्योग के अवसरों का विस्तार भी है, जो बंगाल की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देगा।

रेल कनेक्टिविटी के मोर्चे पर भी बंगाल के लिए यह समय ऐतिहासिक बताया जा रहा है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की शुरुआत, कई नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ और बंगाल को देश के विभिन्न हिस्सों से जोड़ने वाली नई रेल सेवाएं इस बात का संकेत हैं कि राज्य को राष्ट्रीय परिवहन मानचित्र पर और मजबूती से स्थापित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने इसे बीते 100 वर्षों में शायद पहली बार 24 घंटे के भीतर इतना बड़ा काम बताया। रेल परियोजनाओं का असर केवल यात्रियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इससे व्यापार, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी तेज होता है।

इन सभी विकास घोषणाओं के बीच राजनीतिक संदेश भी उतना ही स्पष्ट था। प्रधानमंत्री मोदी ने बिना किसी आक्रामक शब्दावली के यह संकेत दे दिया कि केंद्र सरकार बंगाल के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें राजनीति आड़े नहीं आने दी जाएगी। हालांकि, चुनावी दृष्टि से देखें तो इन कार्यक्रमों ने राज्य की सियासत में हलचल जरूर बढ़ा दी है। लंबे समय से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के बीच चल रही राजनीतिक खींचतान के बीच, विकास के मंच से दिया गया यह संदेश मतदाताओं को सीधे संबोधित करता है।

सिंगूर में विकास कार्यों की शुरुआत विशेष रूप से चुनावी नजरिए से महत्वपूर्ण है। कभी जिस क्षेत्र को औद्योगिक असफलता और राजनीतिक विवाद के प्रतीक के रूप में देखा जाता था, आज वहीं से विकास का नया अध्याय शुरू करने की कोशिश की जा रही है। यह संदेश किसानों, युवाओं और उद्योग जगत तीनों के लिए है। किसानों को यह भरोसा दिया जा रहा है कि विकास उनके हितों के खिलाफ नहीं, बल्कि उनके साथ मिलकर होगा। युवाओं के लिए यह रोजगार और अवसरों की बात है, जबकि उद्योगों के लिए यह स्थिर नीति और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का संकेत है।

प्रधानमंत्री के दौरे ने यह भी दिखाया कि केंद्र सरकार जलमार्ग, रेल, सड़क और हरित मोबिलिटी को एक साथ जोड़कर समग्र विकास मॉडल पर काम कर रही है। मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी का यह दृष्टिकोण न केवल लागत कम करता है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन को भी ध्यान में रखता है। ग्रीन मोबिलिटी और इनलैंड वॉटर ट्रांसपोर्ट जैसे विकल्प भविष्य की जरूरतों के अनुरूप हैं, और बंगाल जैसे नदी-समृद्ध राज्य के लिए यह विशेष अवसर प्रदान करते हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन परियोजनाओं और घोषणाओं का असर केवल सरकारी फाइलों तक सीमित नहीं रहेगा। आने वाले चुनावों में विकास बनाम शासन, केंद्र बनाम राज्य और भविष्य बनाम अतीत जैसे मुद्दे और अधिक मुखर होंगे। प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा और सिंगूर से दिया गया विकास का संदेश भाजपा के लिए एक मजबूत चुनावी आधार तैयार करने की कोशिश के रूप में भी देखा जा रहा है। वहीं, राज्य सरकार के लिए यह चुनौती है कि वह इन घोषणाओं के बीच अपनी उपलब्धियों और नीतियों को कैसे सामने रखती है।

कुल मिलाकर, सिंगूर और बालागढ़ से उठी यह विकास की आवाज केवल ईंट-पत्थर की परियोजनाओं की कहानी नहीं है, बल्कि यह बंगाल की राजनीति, अर्थव्यवस्था और भविष्य की दिशा को प्रभावित करने वाला क्षण है। प्रधानमंत्री मोदी ने विकास के शिलान्यास के साथ चुनावी शंखनाद भी कर दिया है। अब यह बंगाल की जनता पर निर्भर करेगा कि वह इस विकास के वादे को किस नजर से देखती है और आगामी चुनावों में किसे अपना समर्थन देती है। इतना तय है कि बंगाल की सियासी हवा बदल चुकी है और विकास का मुद्दा केंद्र में आ गया है।

**कांतिलाल मांडोत**

# डिजिटल अरेस्ट... आसान है ठगों को आईना दिखाना



मर्ज बढ़ता गया ज्यों ज्यों दवा की... सरीखे अंदाज में डिजिटल अरेस्ट एक ऐसा अपराध बन गया है, जो तमाम सरकारी प्रयासों के बाद भी बढ़ता जा रहा है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल स्टेटस रिपोर्ट में जहां इस तेजी से पैर पसारते अपराध से निपटने के प्रयासों का जिक्र किया गया है, वहीं इस गंभीर अपराध पर रोक लगाने की योजना बनाने में समय लगने की बात भी कही है। डिजिटल अरेस्ट से बचाने की सरकारी योजनाओं, पुलिस और मीडिया के जागरुकता लाने के तमाम प्रयासों के बावजूद इस अपराध का बेकाबू होते जाना यूं ही नहीं है, कई तरह की मानवीय कमजोरियां, सामाजिक ताना-बाना और इंसानी स्वभावों की भिन्नता इस संगीन अपराध की जड़ों को मजबूत बना रही है। दरअसल, डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी से खुद को खुद ही बचाया जा सकता है, लेकिन यह इतनी सी बात भर नहीं है। इसे समझने के लिए खुद को समझना जरूरी है और उससे भी ज्यादा जरूरी है अपने ऊपर विश्वास करना। यकीन मानिये कि इस अपराध से बचने के लिए कुछ खास करने की आवश्यकता ही नहीं है, बस कुछ सामान्य सी बातों का ध्यान रखकर डिजिटल अरेस्ट का जाल फेंकने वालों को आईना दिखाया जा सकता है। डिजिटल अरेस्ट क्या होता है?

ये सवाल उतना ही पुराना है, जितना कि ये अपराध। ये अपराध शुरु होने से पहले लोग इस शब्द युगम को नहीं जानते थे। सच कहें, तो डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ होता ही नहीं, ये बस आभासी दुनिया से जुड़ा शब्दों का एक जोड़ा भर है, जिसका हकीकत से कोई वास्ता नहीं । कानून की किसी किताब में डिजिटल अरेस्ट करने का कोई प्रावधान नहीं है। जिस तरह की गिरफ्तारी का कोई प्रावधान नहीं है, उसके नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है। रोजाना ऐसी वारदातें हो रही हैं। लोग अपनी खून पसीने की कमाई के लाखों से लेकर करोडों रुपये तक उस गिरफ्तारी के डर से गंवा रहे हैं, जो कि कहीं होती ही नहीं। ये हमारे देश का सच है कि कोई विभाग किसी की डिजिटल गिरफ्तारी नहीं कर सकता, लेकिन इसके बावजूद लोग डिजिटल अरेस्ट का झांसा देने वाले ठगों के जाल में क्यों फंस जाते हैं? इसे समझने के लिए इस अपराध के पीछे मनोवैज्ञानिक,सामाजिक और व्यक्तित्व/ स्वभाव से जुड़े कारणों को समझना जरुरी है। इस अपराध की बुनियाद आम तौर से एक फोन कॉल से पड़ती है। यह सामान्य मोबाइल कॉल, व्हाट्सएप कॉल या वीडियो कॉल हो सकती है। यह कॉल हमेशा किसी अंजान नंबर से आती है। कॉल से साथ फोटो या वीडियो भी हो सकता है, जो अक्सर किसी वर्दीधारी व्यक्ति का होता है। कॉल करने वाला खुद को पुलिस, किसी केंद्रीय एजेंसी या नियामक एजेंसी से जुड़ा बताकर ड्रग्स, रेप, देश विरोधी गतिविधियों में आपके आधार से जुड़े मोबाइल के उपयोग, बेटा या बेटी के किसी संगीन अपराध में पकड़े जाने जैसी प्रायः काफी लोगों के दिमाग को सुन्न कर देने वाली जानकारी देकर भय का जाल बिछाता है और अपने शब्दों से संभावित शिकार पर पड़ने वाले असर को बाखूबी जांचते परखते हुए जाल को टाईट करता चला जाता है। इस क्रम में कई फर्जी अधिकारियों से भी बात करायी जाती है और कभी कभी कोर्ट रूम या किसी थाने या पुलिस मुख्यालय जैसे सीन क्रिएट करके बैक ग्राउंड में दिखाये जाते हैं, ताकि शिकार बनने वाला व्यक्ति ठगों के शब्दों को सच मानने की गलती कर सके। यह सच है कि इस अपराध से जुड़ी ये सामान्य सी दिखने वाली जानकारियां डिजिटल अरेस्ट रूपी जाल से बचने की गारंटी बन सकती हैं। विपरीत परिस्थितियों में एकदम घबरा जाने वाले लोग इस तरह के ठगों के लिए बहुत मुफीद होते हैं।

किसी अपराध से जुड़े होने की बात सुनते ही अनिष्ट की आशंका उन्हें तर्क वितर्क से दूर कर देती है और घबराहट में जो व्यक्ति सामने दिखाई दे रहा है, उसे ही वे अपना हितैषी मानने की गलती कर देते हैं। ऐसे लोग अक्सर सामने वाले के नाटक को सच मान लेते हैं और सिर पर बड़ा खतरा मंडराने, जेल जाने या जमाने में बदनाम हो जाने के झूठे भय के जाल की रचना करने वाले को उसके आत्मविश्वास, धाराप्रभाव उस विषय पर बोलने, वर्दी आदि पहने होने और थोड़ी हमदर्दी दिखाने भर से सच्चा और अपना हितैषी मान लेने की प्रवृत्ति इस अपराध में आसानी से फंसा सकती है। ऐसी ठगों का फोन आते ही जिनके दिल और दिमाग पर भय इस कदर हावी हो जाता है कि वे सब कुछ भूल जाते हैं। यहां तक कि जिस देश में लाखों असली मुकदमें साल दर साल तारीखों में उलझे हों, वहां फोन या वीडियो कॉल पर तत्काल किसी मामले की सुनवाई और निस्तारण जैसा छल भी उन्हें वास्तविक लगने लगता है। इसका एक बड़ा कारण आसपास के माहौल से खुद को दूर रखना भी है। देश और समाज की घटनाओं से अंजान रहने वाले, किसी पर एकदम भरोसा कर लेने वाले और अपने सुख दुख दूसरों के साथ शेयर न करने वाले व्यक्ति इन ठगों का ज्यादा शिकार बनते हैं। रिटायर्ड होने के बाद देश दुनिया से मुंह मोड़ लेना जीने को कोई ऐसा तरीका नहीं है, जो जीवन को निरापद और सुकून वाला बना सकता हो। शतुरमुर्ग की तरह रेत में सिर छुपा लेना, अपनी सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य होता है। डिजिटल अरेस्ट से बचने के लिए जमाने के साथ कदमताल करना जरूरी है।

खुशहाल जिंदगी जीने का सामान्य सा तरीका है कि कोई भी नई समस्या सामने आने पर अपने परिजनों या दोस्तों के साथ उस पर चर्चा कर ली जाये। जिस तरह की समस्या पहले कभी सामने नहीं आई, उससे अपने बूते अकेले और तुरंत निपटने का आत्मविश्वास इस ठगी से बचा भी सकता है और सामने वाले को सही मान बैठें, तो यही आत्मविश्वास ठगी का कारण भी बन सकता है... फोन काट दिया, तो बच गये, सामने वाले पर भरोसा कर लिया तो लुट गये। इन ठगों से बचना है, तो खुद पर दृढ़ विश्वास रखना जरूरी है। आसपास की दुनिया से खबरदार रहना और किसी अंजान पर विश्वास करके एकदम कोई कदम उठाने के बजाय उस विषय पर अपने परिजनों, दोस्तों आदि किसी से भी चर्चा कर लेने में समझदारी है। अन्यथा बाद में नुकसान उठाने के साथ ही शर्मिंदगी का भी सामना करना पड़ सकता है। यकीन मानिये, ये ठग आपसे ज्यादा समझदार नहीं होते, बस आपकी कोमल भावनाओं का लाभ उठाने वाले ऐसे धूर्त होते हैं, जो सरलता, आसानी से विश्वास कर लेने और मीठा बोलने वालों को सच्चा मान लेने की मानव सुलभ प्रकृति को इस अपराध की बुनियाद बनाते हैं।

**डॉ. सुभाष गुप्ता**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर टोल के खिलाफ सड़क से सदन तक गूंजा विरोध, खजनी में इंडिया गठबंधन का जोरदार प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी** – गोरखपुर जनपद में भगवानपुर से आजमगढ़ तक निर्मित लिंक एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली के विरोध में सोमवार को खजनी तहसील परिसर राजनीतिक हलचल का केंद्र बन गया। इंडिया गठबंधन के बैनर तले बड़ी संख्या में नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने एकजुट होकर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और टोल टैक्स को जनविरोधी बताते हुए इसे तत्काल समाप्त करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए स्थानीय किसानों और ग्रामीणों ने सरकारी विकास योजनाओं में विश्वास जताते हुए स्वेच्छा से अपनी उपजाऊ जमीनें बैनामे के जरिए सरकार को दीं। इसके बावजूद अब उसी सड़क पर चलने के लिए स्थानीय लोगों से नियमित रूप से टोल वसूला जा रहा है, जो सरासर अन्याय है। उनका कहना था कि यह दोहरी मार है–पहले जमीन गई और अब रोज़मर्रा की आवाजाही पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। नेताओं ने मांग की कि कम से कम 20 किलोमीटर के दायरे में स्थानीय निवासियों को टोल टैक्स से पूरी तरह मुक्त किया जाए, जैसा कि अन्य कई एक्सप्रेसवे और राजमार्ग परियोजनाओं में स्थानीय लोगों को राहत देने के प्रावधान हैं।

प्रदर्शनकारियों ने विशेष रूप से मोटरसाइकिल चालकों, निजी चार पहिया वाहनों, ट्रैक्टर-ट्रॉली, अधिवक्ताओं, नौकरीपेशा लोगों और किसानों की समस्याओं को उठाया। बताया गया कि समय की बचत के लिए स्थानीय लोगों को दिन में कई बार इसी एक्सप्रेसवे से आना-जाना पड़ता है। बच्चों की शिक्षा, किसानों की खेती-बाड़ी, खरीदारी और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए यह मार्ग अनिवार्य बन चुका है। नारेबाजी के बाद इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन तैयार कर एसडीएम खजनी को सौंपा। ज्ञापन में टोल नीति को जनविरोधी बताते हुए जनपद स्तर पर स्थानीय नागरिकों का टोल टैक्स माफ करने की मांग की गई। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को सड़क से सदन तक और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस दौरान नेता जयराम यादव, कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, गठबंधन के वरिष्ठ नेता खरभान यादव, चन्द्र मणि यादव , ध्रुव नारायण योगेंद्र यादव , राणा यादव , रणजीत यादव , छोटेलाल यादव , राहुल सहित दर्जनों कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह संघर्ष स्थानीय जनता के हक और सम्मान की लड़ाई है, जो मांगें पूरी होने तक जारी रहेगी।

## सास व साले की मारपीट



**ललितपुर।** मोहल्ला लकडय़ापुरा निवासी शाकिर पुत्र हरीश उर्फ भूरा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 15 जनवरी को शाम 7 बजे उसकी सास नसीम व साला राहिल उर्फ राहुल पुत्र मुन्ना शेख निवासी आगरा उसके घर आये और अपनी नानी को लेकर अस्पताल में इलाज करा रहा था। अगले दिन 16 जनवरी को सुबह 7 बजे वह घर आया तो सास नसीम व साला राहिल उर्फ राहुल व उसकी पत्नी के घर में रखे 10 हजार रुपये व मां के जेवरात लेकर जाने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसकी मां के साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## विवाहिता पर दहेज का दबाव, मारपीट और घर से निकाले जाने का आरोप, चार पर केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवां गोरखपुर** – गीडा थाना क्षेत्र से दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा का गंभीर मामला सामने आया है। भपसा गांव निवासी शिव कुमारी यादव ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर लंबे समय से उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार, उसका विवाह 19 नवंबर 2016 को श्रीरामपुर, थाना गगहा निवासी राम रतन यादव पुत्र चंद्रिका यादव के साथ हुआ था। विवाह के बाद कुछ समय तक दांपत्य जीवन सामान्य रहा, लेकिन पति के नौकरी में लगने के बाद उसका व्यवहार बदल गया। पति द्वारा आए दिन मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया जाने लगा और भरण-पोषण भी बंद कर दिया गया।

पीड़िता ने बताया कि मजबूरी में उसने भरण-पोषण के लिए पारिवारिक न्यायालय का सहारा लिया, जहां बाद में सुलह हो गई। इसी दौरान एक बच्चे का जन्म हुआ, लेकिन हालात सुधरने के बजाय और बिगड़ गए। आरोप है कि पति ने दोबारा उत्पीड़न शुरू कर दिया और ससुराल पक्ष भी इसमें शामिल हो गया। शिव कुमारी का आरोप है कि उसे पति अपने साथ नौकरी के स्थान पर ले गया, जहां भी उसके साथ मारपीट और प्रताड़ना की गई। जब पीड़िता ने अपने भाई को बुलाया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और मोबाइल फोन तोड़ दिए। इतना ही नहीं, आरोप है कि ससुराल पक्ष ने पीड़िता और उसके भाई को फंसाने के लिए फर्जी मुकदमा भी दर्ज करा दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### बोर्ड परीक्षा में सफलता के मंत्र, विशेष वेबिनार में मिले छात्रों को मार्गदर्शन

**रुद्रपुर,देवरिया।** प्रत्युष-विहार के तत्वावधान में बोर्ड परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने के उद्देश्य से आयोजित विशेष शैक्षिक वेबिनार रविवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। वेबिनार में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की और विशेषज्ञों से परीक्षा की प्रभावी रणनीतियों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बोर्ड परीक्षा पैटर्न की स्पष्ट समझ, स्मार्ट प्रिपरेशन के व्यावहारिक तरीके, हाई-स्कोरिंग उत्तर लेखन तकनीक, समय प्रबंधन एवं रिवीजन रणनीति पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। साथ ही परीक्षाओं में छात्रों द्वारा की जाने वाली सामान्य गलतियों और उनसे बचने के उपायों पर भी प्रकाश डाला गया। मुख्य मार्गदर्शक वक्ता गणित एवं भौतिकी विशेषज्ञ महानंद गिरि ने कहा कि नियमित अभ्यास, सही रणनीति और अवधारणाओं की स्पष्ट समझ से बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकता है।

### विश्व हिंदू परिषद के शताब्दी वर्ष पर छपिया में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन



**मनकापुर गोण्डा**– विश्व हिंदू परिषद के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर खंड छपिया स्थित राजा मैरिज मैदान, जनपद नन्दिनी नगर में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र जी (भाई साहब) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में सनातन संस्कृति की रक्षा, हिंदू समाज की एकता एवं राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम में कटरा कुटी धाम, अयोध्या के महंत आचार्य चिन्मयानन्द जी महाराज, महेश तिवारी जी (गोंडा, बजरंग दल), श्री भुवनेश्वर दत्त शास्त्री जी एवं श्रीदर्शनस्वामी जी (छपिया मंदिर) ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सनातन धर्म के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। क्षेत्रीय विधायकप्रभात कुमार वर्मा द्वारा सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर विभाग प्रचारक प्रवीण (भाई साहब), ब्लॉक प्रमुख छपिया अनिल कुमार पासवान सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में सनातनी समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम श्रद्धा, अनुशासन एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### बदहाली का दंश झेल रहा गांव का पंचायत भवन



**पंचायत भवन का फाटक खिड़की सब टूटा तथा रंगाई–पुताई भी हुआ बदरंग**

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुअवा नं 1 में स्थित पंचायत भवन अपनी दुर्दशा पर आंसु बहा रहा है। गांव के लोगों को सरकारी सुविधाओं के लिए ब्लाक का चक्कर ना काटना पड़े इसको लेकर पंचायती राज व्यवस्था के तहत लाखों की लागत से गांव में पंचायत भवन का निर्माण कराया गया तथा उसके संचालन के लिए पंचायत सहायक की नियुक्ति की गई। वहीं उक्त गांव में बना पंचायत भवन निर्माण के बाद से ही गांव के विकास में मील का पत्थर साबित होने लगा। स्थिति यह है कि देखरेख व रिपेयरिंग के अभाव में पंचायत भवन का फाटक व खिड़की सब टूटा पड़ा है तथा रंगाई-पुताई बदरंग स्थिति में है। वहीं वर्षों बीत जाने के बाद भी पंचायत भवन विद्युतिकरण से भी वंचित है। इन सब अव्यवस्थाओं से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पंचायत भवन जल्द ही जर्जर हो सकता है। पंचायत भवन में पंचायत सहायक भी नदारद रहता है लेकिन मानदेय भुगतान हर माह किया जा रहा है। वहीं गांव के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते पंचायत भवन में बकायदा पशुओं को भी बांधा जा रहा है तो वहीं एक सरकारी जर्जर भवन में भूसा रखकर अतिक्रमण किया गया है। पंचायत भवन में अतिक्रमण इस प्रकार से है कि अतिक्रमणकारियों को हटाना प्रशासन के लिए भी चुनौती बन सकता है। इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्र ने कहा कि इसकी जांच करवाई जाएगी यदि कमियां मिलती है तो सम्बंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# भैसहां पीपा पुल के बाद पक्का पुल बनेगा या नहीं? सोशल मीडिया पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खड्डा (कुशीनगर)।** खड्डा तहसील क्षेत्र अंतर्गत गंडक नारायणी नदी पर ग्राम सभा भैसहां में बनाए गए पीपा पुल के बाद अब पक्के पुल के निर्माण को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों के बीच यह चर्चा तेज है कि क्या वास्तव में यहां स्थायी पुल का निर्माण होगा या फिर यह केवल आश्वासन तक ही सीमित रह जाएगा। गौरतलब है कि भैसहां पीपा पुल के निर्माण से खड्डा तहसील क्षेत्र के शिवपुर, हरिहरपुर, बाल गोविंद छपरा सहित करीब 50 से 60 हजार की आबादी को आवागमन की अस्थायी सुविधा मिली है। गंडक नारायणी नदी के उस पार बसे इन गांवों के ग्रामीण वर्षों से बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नदी पार क्षेत्र में आज भी स्वास्थ्य सेवाओं का गंभीर संकट बना हुआ है। किसी महिला या गंभीर मरीज की हालत बिगड़ने पर खड्डा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुरकहां तक पहुंचने के लिए कोई सीधा सड़क मार्ग नहीं है। मजबूरी में मरीजों को नौरंगिया (बिहार) होते हुए लगभग 50 किलोमीटर की दूरी तय कर इलाज के लिए जाना पड़ता है। कई बार गंभीर मरीजों को बगहा, बिहार रेफर किया जाता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण कई बार जान तक चली जाती है, लेकिन यह मामला प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर दबा दिया जाता है। पीपा पुल बनने के बाद जब पक्के पुल निर्माण की चर्चा सामने आई तो गंडक नारायणी नदी के रेता क्षेत्र के ग्रामीणों में नई उम्मीद जगी थी। लोगों को लगा कि स्थायी पुल बनने से महाराजगंज, सोहगी बर्वा और आसपास के क्षेत्रों से सीधा संपर्क स्थापित होगा तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की सुविधाएं सुलभ होंगी। हालांकि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कुछ दस्तावेजों से यह आशंका भी जताई जा रही है कि पक्का पुल निर्माण को लेकर अब तक कोई ठोस स्वीकृति नहीं मिली है और ग्रामीणों को केवल आश्वासन के सहारे रखा जा रहा है। इस पूरे मामले में अभी तक गंडक नारायणी नदी पर पक्के पुल निर्माण को लेकर कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। फिलहाल यह मुद्दा केवल सोशल मीडिया और जनचर्चा तक सीमित नजर आ रहा है। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर टिकी हैं। भैसहां पक्का पुल निर्माण का सपना कब साकार होगा, यह आने वाले महीनों या वर्षों में ही स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल रेता क्षेत्र के ग्रामीणों की उम्मीदें अब भी एक ठोस निर्णय की राह देख रही हैं।

# स्लग -खड्डा तहसील गेट के सामने शराबियों का अड्डा

**●खड्डा तहसील गेट के सामने खुलेआम शराबखोरी, छात्र-छात्राओं व कर्मचारियों को हो रही भारी परेशानी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खड्डा (कुशीनगर)**– खड्डा तहसील गेट के ठीक सामने स्थित बीएसएनएल कार्यालय एवं देसी शराब की दुकान का इलाका इन दिनों सार्वजनिक स्थल की जगह शराबियों का अड्डा बनता जा रहा है। नियम-कानूनों को ताक पर रखकर सुबह 8 बजे से ही शराब की बिक्री और वहीं खुलेआम सेवन शुरू हो जाता है, जिससे आम लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार खड्डा सुभाष चौक स्थित तहसील परिसर के सामने काशीराम आवास के पास देसी मदिरा की दुकान के बगल में ही बीएसएनएल कार्यालय है। इसके ठीक सामने चिखने (नाश्ता) की दुकान लगती है, जहां सुबह से ही शराबियों की भीड़ जुटने लगती है। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक इस दौरान कोचिंग जाने वाले छात्र-छात्राओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कुछ ही घंटों बाद विद्यालयों के खुलने का समय हो जाता है, जिससे उसी मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चों की परेशानी और बढ़ जाती है। शराबियों की संख्या दिन चढ़ने के साथ बढ़ती जाती है, जिससे माहौल असुरक्षित बन जाता है। मामला यहीं तक सीमित नहीं है। तहसील गेट के ठीक सामने और बगल में लगने वाली चिखने की दुकानों पर शराबियों का जमावड़ा दिनभर बना रहता है। इसी रास्ते से तहसील के कर्मचारी, अधिवक्ता, फरियादी तथा आम नागरिकों का प्रतिदिन आना-जाना होता है। खड्डा थाने के पुलिस अधिकारी भी इसी मार्ग से गुजरते हैं, इसके बावजूद अवैध गतिविधियों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। शाम होते-होते स्थिति और भयावह हो जाती है। शराबियों की भीड़ के कारण सड़क पर जाम लग जाता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई बार दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को गिरते-पड़ते देखा गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह स्थिति न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता को भी उजागर करती है। लोगों में यह चर्चा आम है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इस गंभीर समस्या पर क्यों नहीं पड़ रही है। तहसील प्रभारी खड्डा स्वतंत्र प्रभात एवं संबंधित अधिकारियों से क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि सार्वजनिक स्थल पर शराबखोरी पर तत्काल रोक लगाई जाए, चिखने की दुकानों को हटाया जाए तथा नियम विरुद्ध शराब बिक्री करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों और आम नागरिकों को राहत मिल सके।

# लिंक एक्सप्रेस-वे अंडरपास में सिंकरीगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1.45 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** जनपद के सिंकरीगंज में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राज करन नैय्यर (आईपीएस), पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दिनेश कुमार पुरी (पीपीएस) एवं क्षेत्राधिकारी खजनी श्री कमलेश सिंह (पीपीएस) के कुशल निर्देशन में थाना सिकरीगंज पुलिस ने गांजा तस्करी में लिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया है। थानाध्यक्ष आशीष कुमार तिवारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अजीत प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल आफताब आलम तथा कांस्टेबल संदीप कुमार व दिनेश कुमार रात्रि गश्त व चेकिंग में मामूर थे। इसी दौरान 19 जनवरी 2026 की रात गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के अंडरपास के नीचे सिकरीगंज क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर अचानक भागने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए लगभग 20-30 कदम तक पीछा कर उसे घेराबंदी कर दबोच लिया।

पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम सूरज सिंह पुत्र अनिरुद्ध सिंह, निवासी नकौड़ी, थाना सिकरीगंज, जिला गोरखपुर, उम्र 29 वर्ष बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद एक पीठ्ठू बैग से 1.450 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। बरामदगी के बाद पुलिस ने मौके पर ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की। पूछताछ में अभियुक्त ने चौंकाने वाले खुलासे किए। उसने बताया कि वह अपने गांव के रहने वाले रितेश्वर सिंह उर्फ रितेश सिंह पुत्र नागेन्द्र सिंह के साथ मिलकर नेपाल से अवैध गांजा लाता है और उसे पुड़िया बनाकर आसपास के इलाकों में तथा ट्रक चालकों को बेचता है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है। इस संबंध में थाना सिकरीगंज पर मु0अ0सं0 13/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त सूरज सिंह का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके विरुद्ध पूर्व में वर्ष 2015 में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है, जिसमें हत्या, बलात्कार, पोक्सो एक्ट सहित कई संगीन अपराध शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस तरह की कार्रवाइयाँ आगे भी लगातार जारी रहेंगी, ताकि नशे के कारोबार पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सके।

# ग्राम प्रधान मनोज की सराहनीय पहल अपने खर्चे से छुट्टा पशुओं को भेज रहे आश्रय स्थल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** तहसील क्षेत्र में छुट्टा पशु किसानों के लिए अंतहीन समस्या बन गए हैं। नील गायों के अलावा अन्य छुट्टा पशुओं के कारण प्रगतिशील किसान भी खेती किसानी में वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं और ना ही कमर्शियल फसल ही उगा पा रहे हैं। लाख प्रयास करने के बावजूद भी प्रदेश सरकार ने नीलगायों की समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं किया। सरकार ने पशु आश्रय स्थल तो बनाये। लोगों को प्रति पशु उनके पालन का खर्च भी दिया बावजूद उसके यह योजना कागजों में सिमट कर रह गई। तहसील क्षेत्र के मेदनापुर के ग्राम प्रधान मनोज यादव की पहल प्रशंसनीय बनी हुई है। उन्होंने छुट्टा पशुओं के आतंक से बचने के लिए उनको पकड़वाकर अपने निजी खर्चे से आश्रय स्थल भिजवाना शुरू कर दिया है। जिस कार्य में गांव के लोग भी बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं।

यह एक प्रयास है किंतु इतने विशाल क्षेत्र में नीलगायों, जंगली सूअरों और शाही के आतंक से किसानों और उनके फसलों की कैसे सुरक्षा हो यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है।उपजाऊ जमीन होने के बावजूद तमाम किसान पारंपरिक खेती करके खेत को बंजर होने से बचा रहे हैं। यदि वे कमर्शियल खेती करें तो उन्हें अधिक लाभ की भी प्राप्ति होगी और क्षेत्र में एक मिसाल भी कायम होगी। नीलगायों के आतंक से ही तमाम किसानों ने अरहर बोना बंद कर दिया। चने की खेती जैसे क्षेत्र से गायब से हो गई। सब्जी की खेती करने वाले लोग अपने खेत को बाड़ लगाकर घेरते हैं। दिन-रात रखवाली करते हैं। तब जाकर कहीं उन्हें सब्जी मिल पाती है। कामर्शियल कृषि के नाम पर बोये जाने वाले गन्ने की फसल भी अब खेत से गायब हो चुकी है। कुछ किसान अपने खेत में केले की खेती जरूर कर रहे हैं किंतु वह भी द्वाबा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में संभव नहीं है। जनप्रतिनिधि भी कभी इस समस्या की तरफ ध्यान नहीं देते हैं और ना ही विधानसभा में प्रश्न उठाते हैं जबकि कोरोना काल में लोगों ने देख लिया है कि जब सारे धंधे चौपट हो जाने के बाद खेती ही एकमात्र लोगों की सहारा बनी।

## धारदार हथियार से घर आकर धमकाने से भयभीत युवक ने की आत्महत्या

**महिला की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली के ग्राम पठाविजयपुरा निवासी पुष्पा पत्नी ग्यासी रैकवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसके पति के साथ गांव के ललित रजक पुत्र राजधर रजक व नरेश रजक पुत्र हरज्ञान रजक 15 जनवरी को पहले शराब पिलाकर उक्त दोनों व्यक्तियों ने उसके पति को रास्ते में रोकते हुये अकारण मारपीट कर गालियां दीं। आरोप है कि उक्त लोग उसके घर धारदार हथियार लेकर आये और अवैध धन की मांग करते हुये कहा कि रुपये नहीं दिये तो एस.सी.एस.टी. एक्ट में फंसा देंगे, जिससे उसका परिवार भयभीत हो गया। उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी और अपमानित किया। उनके पति मानसिक रूप से तनाव में था और उन्होंने इसी से आहत होकर 17 जनवरी को अपराह्न खेत में जाकर पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय बलहीजोत में जलभराव से जर्जर भवन, 18 माह बाद भी नहीं हुआ कायाकल्प



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** शिक्षा क्षेत्र रूपईडीह के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय बल्हीजोत में बरसात के महीनों में हर वर्ष जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस समस्या को लेकर विद्यालय प्रशासन द्वारा समय-समय पर संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जाती रही है, लेकिन अठारह माह बीत जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।लगातार जलभराव के कारण विद्यालय की फर्श, दीवारें व छत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। विद्यालय में कायाकल्प योजना के अंतर्गत मरम्मत व नवीनीकरण कार्य प्रस्तावित तक नहीं किया जा सका और कार्य अधूरा पड़ा हुआ है।विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार तिवारी ने एक बार फिर संबंधित विभागों से मांग की है कि विद्यालय हित में तत्काल दीवारों व छत की प्लास्टरिंग, छत मरम्मत सहित अन्य आवश्यक कार्य कराए जाएं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। संबंधित अधिकारियों से विद्यालय की जर्जर स्थिति को देखते हुए त्वरित कार्यवाही की अपेक्षा की जा रही है।इस सम्बन्ध में खंड शिक्षा अधिकारी शशांक कुमार सिंह से सम्पर्क किया गया लेकिन पक्ष से जानकारी नहीं मिल सकी।

# शिक्षा विभाग में बड़ा गड़बड़ झाला, स्कूली छात्रों को पता नहीं ककेहरा, बच्चों के भविष्य के साथ शिक्षक कर रहे खिलवाड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पचपेड़वा बलरामपुर**– स्थानीय शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ठुढ़वलिया में कुल 103 छात्र पंजीकृत है जिसके सापेक्ष मात्र 22 बच्चे विद्यालय में उपस्थित पाए गए वहीं विद्यालय में बच्चों का भविष्य संवारने के लिए तीन शिक्षकों की नियुक्ति है जिसमें पुनिधर पांडे इंचार्ज / सहायक अध्यापक , लक्ष्मी प्रकाश सहायक अध्यापक व अनुराग सिंह नियुक्त हैं मौके पर दो शिक्षक पुनिधर पाण्डेय व लक्ष्मी प्रकाश उपस्थित रहे । शिक्षकों द्वारा जिम्मेदारी के नाम पर जरा सी गम्भीरता नहीं दिखाई दी । बताते चलें कि बच्चों को पढ़ाने के लिए जहां सरकार पुस्तक मुहैया कराती है वहीं सैकड़ो पुस्तक जमीन पर पड़े जमीन की तरी सीड़न खा रही हैं । आखिर जब बच्चों को शिक्षा के मंदिर में पुस्तक मुहैया कराने के लिए शासन ने विद्यालय के जिम्मेदार शिक्षक को मुहैया कराया था तो उन बच्चों को क्यों नहीं वितरण किया गया लोगों का मानना है कि यदि पंजीयन के हिसाब से बच्चों को पुस्तक वितरण किया गया होता तो जमीन पर पुस्तक नहीं पड़े होते इतना ही नहीं शिक्षा के प्रति शिक्षकों की घोर लापरवाही बरतते हुए देखा गया समाचार संकलन के दौरान जब बच्चों से मध्यान भोजन के बारे में जानकारी हासिल किया गया तो कक्षा तीन के छात्र नीरज ने बताया कि तरकारी भात खाए हैं तो वहीं दूसरा बच्चा अंकुश बताया कि दाल भात सब्जी खाए हैं जबकि एक ही विद्यालय में बच्चे पढ़ रहे हैं तो दो तरह की भोजन कैसे मुहैया कराई गई छात्र दीपक ने बताया कि वर्षों पूर्व एक दिन दूध मिला था तब से आज तक दूध कभी नहीं मिला , नंदनी छात्रा से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि दूध कभी नहीं मिला शुरू से इसी विद्यालय में पढ़ती हूं और तो और बताते चलें कि 20 जनवरी 2026 सोमवार को शिक्षक पुनिधर पांडे से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि कक्षा एक में कुल 16 बच्चे जिसके सापेक्ष 11 उपस्थित कक्षा 2 में 15 बच्चों के सापेक्ष 9 बच्चे कक्षा 3 में 25 बच्चों के सापेक्ष 17 बच्चे कक्षा 4 में 29 बच्चों के सापेक्ष 16 बच्चे कक्षा 5 में 18 बच्चों के सापेक्ष 9 बच्चें कुल मिलाकर 62 बच्चों का अटेंडेंस लगाया गया है जबकि मौके पर मात्र 22 बच्चे ही उपस्थित पाए गए जिसमें से करीब चार बच्चे ऐसे थे जो 5 वर्ष से कम आयु के थे शिक्षा के प्रति आखिर इतनी घोर लापरवाही क्यों हो रही है यदि इंचार्ज सहायक अध्यापक पुनिधर पांडे से पूछा गया कि 40 बच्चों का भोजन कौन खा गया इसका जवाब देने में आनाकानी करते हुए टालमटोल करने लगे वहीं जब रसोई भवन की तरफ देखा गया तो जहां बच्चे हाथ धुलते हैं वहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है इतना ही नहीं बल्कि टोटी भी गायब है । सही मायने में देखा जाय तो तीन शिक्षकों के बीच छात्रों के शिक्षा पर ग्रहण लगा हुआ है बच्चों से अम्ब्रेला , बनाना , एप्पल सहित कई मीनिंग पूछा गया लेकिन जवाब शून्य रहा है। शिक्षा के प्रति घोर लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही होना आवश्यक है जिससे छात्रों के भविष्य के साथ कभी खिलवाड़ न हो सके। इस सम्बन्ध में वीईओ घनश्याम वर्मा ने बताया कि शिक्षक अनुराग सिंह के अवकाश के बारे में कोई जानकारी नहीं है अन्य प्रकरण के बारे में जांच करके दोषी पाये जाने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# संक्षिप्त खबरें

## स्व. हरिशंकर दीक्षित स्मृति 27 वां क्रिकेट टूर्नामेन्ट का भाजपा जिलाध्यक्ष ने मैच की पहली गेंद खेलकर शुभारम्भ किया



**टूण्डला–** टूण्डला नगर के कंपनी बाग में स्वर्गीय हरिशंकर दीक्षित की स्मृति में आयोजित 27वें क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह एवं टूण्डला चेयरमैन चौधरी भंवर सिंह ने स्व. हरिशंकर दीक्षित के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। टूर्नामेंट के अंतर्गत कल का मैच राजस्थान एवं टूण्डला की टीमों के बीच खेला गया। मैच से पूर्व जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने पिच पर जाकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उसके उपरांत स्वयं गेंद खेलकर मैच का शुभारंभ किया। मैच के दौरान भाजपा टूण्डला नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा, तेजवीर सिंह, सोनू कश्यप सहित कार्यक्रम के आयोजक डी.के. दीक्षित,अजय दीक्षित एवं सभासदगण उपस्थित रहे। आयोजन में खेल प्रेमियों की अच्छी खासी उपस्थिति देखने को मिली और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आगामी 24 जनवरी से 26 जनवरी तक "उत्तर प्रदेश दिवस" के भव्य एवं गरिमामयी आयोजन को लेकर एक बैठक का आयोजन



**फ़िरोज़ाबाद–** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार कक्ष में आगामी 24 जनवरी से 26 जनवरी तक ''उत्तर प्रदेश दिवस'' के भव्य एवं गरिमामयी आयोजन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में शासन के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया, मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन ''विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत की थीम'' पर किया जाएगा, विकास भवन परिसर और मुख्य आयोजन स्थलों पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी, इसमें एक जनपद एक उत्पाद के स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे, कार्यक्रम को केवल सरकारी आयोजन न रखते हुए इसमें जन सामान्य स्वयंसेवी संस्थाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी देने पर जोर दिया जाएगा, इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं पर्यटन अधिकारी उपस्थित रहें।

## बाइक चोर गैंग के दो शातिर आरोपी गिरफ्तार



**मोहम्मदी** कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी कर पड़ोसी देश नेपाल को बिक्री करने वाले गैंग के दो आरोपियों को चोरी की गई 6 बाइकों के साथ गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। कोतवाली परिसर में एएसपी पश्चिमी और सीओ अरुण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी देकर बताया क्षेत्र में लंबे समय से बाइक चोरी घटनाओं को लेकर पुलिस आरोपियों की तलाश में थी मुखबिर की सूचना पर निरीक्षक उमेश चौरसिया और उनकी टीम के एस आई राम लखन, मोइन अहमद, जान मोहम्मद, आरक्षी अवधेश, शिवम राणा, सुधीर, प्रदीप और सुनील ने बाइक खरीदार बनकर आरोपियों तक पहुंच कर तय समय पर बताएं स्थान पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को दबोच लिया पूछताछ करने पर अलग-अलग जगह से 6 चोरी की बाइकें बरामद कर ली है। आरोपियों की पहचान शैलेंद्र कुमार उर्फ अन्ना गांव बहादुरपुर थाना भीरा और राजेश कुमार गांव मुरगहा थाना मझगई के रूप में हुई है। शैलेंद्र पर 15 से अधिक और राजेश पर 9 आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

# तांत्रिक युवक को दबंगों ने सिर मुड़वाकर किया गंजा, मूंछें और भऊ उस्तरे से की साफ चेहरे पर पोती कीचड़

**● वीडियो वायरल,पुलिस ने तीन के खिलाफ किया मुक़दमा दर्ज दो को भेजा जेल।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/नवाबगंज** थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला गंभीर मामला सामना आया है जहां कुछ दबंगों ने मिलकर एक तांत्रिक नेता का सर मुडवा दिया और उसकी मूंछ और भौंहें उस्तरे से साफ कर दीं जिसका वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है जिसमें मुख्य आरोपी चंद्र सेन सहित, गोधन को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि तीसरे की पुलिस तलाश में जुटी है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव गेला टांडा में एक तांत्रिक युवक पप्पू दिवाकर निवासी गुरसौली थाना बहेड़ी जिला बरेली पिछले तीन माह से गांव के ही जान पहचान वाले यहां रह रहा था जानकारी के अनुसार एक माह पहले तीन नामजद सहित चार पांच अज्ञात लोगों ने पीड़ित युवक के साथ मारपीट कर जातिसूचक गलियों दी और जान से मारने की धमकी दी,जब आरोपियों का इससे भी दिल नहीं भरा तो तांत्रिक युवक की मूछें भौंहें उस्तरे से साफ कर दी और उसका सिर मुड़वाकर युवक को गंजा कर दिया,और मुंह पर काली भी पोती।

पीड़ित युवक के मुताबिक चंद्र सेन ने युवक से ट्रैक्टर खरीदने के नाम पर साढे चार लाख रुपए लिए थे जब उसने पैसे मांगे तो उसके साथ ऐसा सलूक किया गया,जिससे युवक का दिमागी संतुलन खराब हो गया है। पुलिस ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



जिसमें मुख्य आरोपी चंद्र सेन सहित गोधन को गिरफ्तार कर लिया है जिससे पूछ ताछ की और जेल भेज दिया है। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कराएं प्रतिभाग- अश्वनी जैन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद:-** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार की सहमति एवं निर्देशन में विज्ञान लोकप्रियकरण संचार कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कृषक इंटर कॉलेज, पचोखरा, टूंडला में 24 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा।

जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य विषय स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन है। जिसमें स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन पर विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम, विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, विज्ञानपोस्टर प्रतियोगिता, विज्ञान नाटिका, विज्ञान शपथ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यो से अनुरोध किया है कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को समय से प्रतिभाग कराकर उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृद्धि करें। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद की ओर से सम्मानित किया जाएगा। कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा, टूंडला के प्रधानाचार्य रंगेश उपाध्याय ने जनपद के सभी बोर्डों के विद्यालय के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे अपने विद्यालय के विद्यार्थियों को वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग कराकर उनकी प्रतिभा का विकास करे।

## मारपीट में तीन महिला जख्मी चार के खिलाफ केस दर्ज

**मोहम्मदी** अमीर नगर चौकी क्षेत्र के गांव रसूलपुर मे पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने घर में घुसकर लात घुसकर और डंडों से महिलाओं पर हमला कर दिया जिसमें तीन महिलाओं समेत चार लोगों को जख्मी कर दिया पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पीड़िता इकबालन ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया पड़ोसी कुवैद खान, जबैर खान, अजिवुस्शान और अनिस आए दिन दरवाजे पर आकर अश्लील गालियां देते थे कई बार विरोध किया जिसको लेकर गुस्साए सभी आरोपियों ने एक राय होकर रविवार12 बजे करीब घर में घूस पड़े और पीड़िता, मां, और बहू पर हमला कर दिया शोरगुल सुनकर बचाने दौड़े पुत्र की भी पिटाई कर दी पीड़िता ने मामले की शिकायत डायल 112 पर देने के बाद कार्रवाई न होने पर चौकी पर पहुंच कर सूचना दी चौकी इंचार्ज संजीत तिवारी ने घायलों को भर्ती कराकर नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## 9 किलो 847 ग्राम गांजे सहित 2 अभियुक्त गिरफ्तार



**टूण्डला–** थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्तों को 09 किलो 847 ग्राम अवैध गांजे सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में मादक पदार्थ तस्करों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्तों रफीक खान उर्फ भीम पुत्र शौकत खान निवासी इब्राहिम मस्जिद के पास, इलायचीपुर थाना ट्रोनिका सिटी, जनपद गाजियाबाद और सलीम पुत्र जानू निवासी जे जे कॉलोनी, नई दिल्ली को प्रेमपुर की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 09.847 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना नगला सिंघी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजीकरण कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की।गिरफ्तारी और बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पारुल मिश्रा, उ.नि. प्रबल प्रताप सिंह सोलंकी, उ.नि. जसवंत, है0का0 समय सिंह, रणजीत सिंह, का0 चतुर्भुज बघेल, राकेश कुमार, चा0का0 गौरव शामिल रहे।

# गरीबों की सहायता करना सनातन को सुरक्षित रखना हमारा उद्देश्य एवं धर्म है शिवमंगल



**● खिचड़ी भोज दिया गरीबों को वितरित किए कंबल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।** थाना हाफिजगंज के कस्बा रिठौरा में झलरा पीपल मंदिर प्रांगण में रविवार को शिवमंगल सिंह राठौर प्रदेश शोध प्रमुख शोध विभाग भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने अपने निजी कोष से कमजोर, बुजुर्ग, विधवा, तलाकशुदा, दिव्यांग जनों को कंबल वितरण एवं खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि मीरगंज विधायक डॉ डीसी वर्मा, विशिष्ट अतिथि कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, प्रशांत पटेल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस दौरान मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने कहा हमारी पार्टी सब का साथ सबका विकास करती है। वहीं पार्टी का एक -एक कार्यकर्ता स्वयं निजी कोष से भी समाजसेवा करने में पीछे नहीं है। माघ मास में कंबल वितरण एवं खिचड़ी भोज हमारी सनातनी परंपरा है। इक्कीस सौ जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर उन्हें खिचड़ी भोज करवाया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन वेदपाल, लोकेश कुमार गुप्ता ने किया। इस मौके पर एम0एल0सी0 कुवंर महाराज सिंह, मंडल अध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल, चेयरमैन शकुंतला देवी, जिला पंचायत सदस्य किरन पटेल, सुरेंद्र पटेल, रमेश वर्मा, ओमप्रकाश उर्फ़ ओपी प्रजापति,प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता, गौरव सिंह अरमान, भगवत सरन साहू, राजकिशोर कश्यप, राधेश्याम साहू, राजीव उर्फ लवकुश साहू, ब्रजेश मौर्य, राहुल साहू, राकेश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भारतीय मजदूर संघ जिला फिरोजाबाद की बैठक सम्पन्न, संगठन विस्तार पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद–** 19 जनवरी को भारतीय मजदूर संघ जिला फिरोजाबाद की एक महत्वपूर्ण बैठक आरएसएस कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष प्रसून प्रताप सिंह ने की तथा संचालन जिला मंत्री राधा शंखवार ने किया। बैठक की कार्यवाही प्रारंभ होने से पूर्व भारतीय मजदूर संघ जिला फिरोजाबाद की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का परिचय कराया गया। इसके उपरांत प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राणा ने भारतीय मजदूर संघ की विचारधारा एवं कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बीएमएस सर्वप्रथम राष्ट्रीय उद्योग एवं मजदूर हितों को सर्वोपरि मानकर कार्य करता है।

इसके पश्चात संभाग संगठन मंत्री शंकर लाल ने संगठन के विस्तार पर जोर देते हुए ब्लॉक स्तर तक संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने आगामी संघात्मक लक्ष्यों की जानकारी देते हुए एनएचएम, आंगनवाड़ी, आशा सहित अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संगठन को सशक्त करने की बात कही। संगठन विस्तार के लिए ब्लॉक स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए गए, जिनमें टूण्डला ब्लॉक के प्रभारी विश्व प्रताप सिंह, नारखी ब्लॉक के प्रभारी आशीष कांकरिया, बिंदु सिंह एवं मनीष प्रताप सिंह, फिरोजाबाद ब्लॉक के प्रभारी राधा शंखवार एवं सचिन शर्मा तथा शिकोहाबाद ब्लॉक के प्रभारी शिशुपाल तिवारी और नरेंद्र यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में विभाग प्रमुख चंद्रभान सिंह, आंगनवाड़ी क्षेत्र से किरण राठौड़, सचिन शर्मा, आशीष काकरिया, नरेंद्र प्रताप सिंह (परिवहन), विश्व प्रताप सिंह, सुदेश राघव, नितिन सक्सेना, मनीष प्रताप सिंह, बिंदु सिंह एवं लक्ष्मण प्रसाद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# दस साल की सजा और जुर्माना के बाद भी नौकरी बहाल

**● सजायाफ्ता पंचायत मित्र किस आधार पर कर रहा नौकरी**

**मामला ग्राम पंचायत पहाडापुर विकास खंड बीजूआ का बताया जाता है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** मामला ब्लाक बिजुआ की ग्राम पंचायत पहाडापुर का है जहां खंड विकास अधिकारी की मिलीभगत से सजायाफ्ता पंचायत मित्र सुनील कुमार नियम कानून से ऊपर उठ कर मलाई काट रहा है।सूत्र बताते हैं कि सुनील कुमार पर अवैध तरीके से, कागजो पर काम दिखाकर लाखो का खेला किये जाने के आरोप लगाए गए हैं। इतना ही नहीं पंचायत मित्र के पद पर तैनात रहकर गोलमाल कर अच्छी खासी संपत्ति बनाए जाने की चर्चा जोर पकड़ती जा रही हैं। यदि मामले की हो जाय निष्पक्ष जांच, और आय से अधिक संपत्ति की जांच तो होगा एक बडे घोटाले का पर्दाफाश और रहस्य का रहस्योद्घाटन भी होगा और कई अन्य लोगों पर भी आएगी जांच की आंच।मिली जानकारी के अनुसार पंचायत मित्र पर एक आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमें सुनील कुमार को दस वर्ष की सजा सुनाई गई थी। और काफी दिन तक जिला कारागार में निरुद्ध रहे थे। उक्त मामला उच्च न्यायालय लखनऊ में पेंडिंग बताया जाता है।

सवाल यह है कि आपराधिक मामले के आरोप मे दस साल की सजा एव जुर्माना के बाद भी किस नियम और किस सक्षम अधिकारी के आदेश से पंचायत मित्र की नौकरी बरकरार रखी गई है। किस सक्षम अधिकारी के आदेश से यह पंचायत मित्र के पद पर कार्यरत हैं।

नियमानुसार जैल में रहते हुए ड्यूटी से अनुपस्थित की हालत में संविदा स्वतः समाप्त हो जाती हैं।ऐसी स्थिति में पंचायत





मित्र सुनील कुमार की नौकरी बहाल कैसे है? मामले की तह तक पहुंचने के लिए सूचना अधिकार अधिनियम से जानकारी चाही गई है। जिला पंचायत राज कार्यालय से जानकारी मिलने के बाद मामले का होगा खुलासा और कई जिम्मेदार लोगों पर भी आएगी कार्रवाई की आंच।मामले की सी एम पोर्टल पर शिकायत कर जांच कराये जाने की मांग किए जाने की बात कही गई है। यदि मामले की हो निष्पक्ष जांच तो नौकरी तो जाएगी ही साथ ही होगी मानदेय के रूप में ली गई धनराशि की रिकवरी।

# कांग्रेस जनों ने महामहिम को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर, खीरी** दिनांक 19 जनवरी को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका के घाट को विगत 10 जनवरी को अचानक व्यस्त कर दिया गया द्य जिसका जीर्णोद्धार वर्ष 1791 में माता अहिल्याबाई होलकर जी के द्वारा करवाया गया था द्य वाराणसी प्रशासन द्वारा विकास के नाम पर ध्वस्तीकरण के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में आज कांग्रेस जनों ने जिला अधिकारी ऑफिस के समक्ष धरना प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल महोदय को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी लखीमपुर को सौंपा।

उक्त प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल कहा कि वाराणसी प्रशासन द्वारा विकास के नाम पर ऐतिहासिक धरोहर मणिकर्णिका घाट पर लोक माता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा तथा अन्य मूर्तियों का ध्वस्तीकरण किया गया द्य यह कार्यवाही उसे स्थान के ऐतिहासिक महत्व को पूरी तरह से अनदेखा करते हुए की गई है द्य हम सभी इस शर्मनाक और अप्रतिष्ठित कार्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। इस संबंध में खासगी देवी अहिल्याबाई होलकर चैरिटीज ट्रस्ट, इन्दौर द्वारा भी अपना विरोध दर्ज कराया गया है।

साथ ही पटेल भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा उक्त विरासत पर की गई कार्यवाई काशी की विरासत पर हमला है।

हम सभी कांग्रेस जन मांग करते हैं कि मणिकर्णिका घाट का पुनर्निर्माण, माता अहिल्याबाई होल्कर जी की मूर्ति की स्थापनानएवंघाटों के शुद्धिकरण का कार्य काशी के सम्मानित धर्माचार्य एवं काशी वासियों के साथ विचार विमर्श के उपरांत ही कराया जाए। उक्त कार्यक्रम की जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी। उक्त प्रदर्शन में प्रमुख रूप से उपस्थित रवि तिवारी, कृष्ण किशोर मिशा, रामकुमार वर्मा, नवाज खान जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, अनूप सक्सेना, सत्ती सरन गौतम, चंद्र प्रभा अवस्थी, सरोजनी अवस्थी, मनसुखा देवी अब्दुल कयूम, राहुल मिश्रा, जावेद अली एडवोकेट, रामपाल शाक्य, लतीफ आजम सलीम खान, हरगोविंद वर्मा, राजेंद्र गुप्ता रामजीवन राज संजय गोस्वामी, शमीम अहमद, कल्लन हलवाई गुलफाम अहमद आदि सैकड़ो कांग्रेस जन।

## ठूठीबारी में नाबालिग किशोरी लापता, गांव के युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**'मासूम की तलाश में पुलिस, परिजनों की आंखें राह तकतीं'**

**महराजगंज।** जिले के ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी के अचानक गायब होने से इलाके में हड़कंप मच गया है, वहीं परिजन गहरे सदमे में हैं। जानकारी के अनुसार, किशोरी के घर से बाहर जाने के बाद देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन के बावजूद जब कोई सुराग नहीं मिला, तो पीड़िता की मां ने ठूठीबारी कोतवाली पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत सौंपी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गांव का ही एक युवक उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में ठूठीबारी थानाध्यक्ष नवनीत नागर ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और किशोरी की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द ही किशोरी को सुरक्षित बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# किसान नेता राकेश टिकैत को सुनने उमडे किसान

**● किसानों के हक की लड़ाई जारी रहेगी, टिकैत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी!** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त किसान मोर्चा ने तिकुनिया कौड़ियाला गुरुद्वारा में विशाल सभा के रूप में किसान पंचायत का आयोजन किया गया इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने किसानों को संबोधित किया। सोमवार को करीब 2:30 बजे किसान नेता टिकैत गुरुद्वारा कौड़ियाला पहुंचे उन्होंने कहा यह वही जगह है यहां पर 5 साल पहले किसानों की दिल्ली में चल रहे आंदोलन में मांगे पूरी न होने के चलते आंदोलन हुआ था जिसमें यहां किसान शहीद हुए थे उन्होंने उन्होंने कहा यहां मैं आया तो पता चला की कुछ लोगों के लाइसेंस बनने थे जो लाइसेंस लाइसेंस नहीं बनाए गए हैं कुछ लोगों की सिक्योरिटी भी वापस ले ली गई है इसके लिए मैं अधिकारियों से बात करूंगा यहां आंदोलन दोबारा हुए नहीं हमसे बाहर के बड़े किसाननेताओं ने कहा आप आंदोलन कीजिए धरना कीजिए तभी मांगे पूरी होगी तो अब लखीमपुर खीरी में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा उन्होंने कहा उनकी सभी मांगों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए यह क्षेत्र भारत नेपाल सीमा का महत्वपूर्ण क्षेत्र है यहां मैलानी नानपारा बड़ी रेल लाइन का दर्जा जो अभी तक नहीं दिया गया उसे दिया जाए भूमिहीन किसानों को भूमि के पटटे जो बहुत पहले राजा महाराजाओं द्वारा रियासतों द्वारा जमीदारों द्वारा दिए गए थे उनके कागज होने के बावजूद भी उन्हें निरस्त किया जा रहा है उन पर रोक लगाई जाए भूमि किसान की रोजी-रोटी है अपर पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने संयुक्त किसान मोर्चा के साथ 13 सूत्री मांगों को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम को ज्ञापन दिया है!



## जूआ खेलते दो जुआड़ियों को पुलिस ने दबोचा

**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में जुआ की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर के नेतृत्व में रविवार की रात्रि को थाना गोपीगंज पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के पश्चिम मोहाल, कस्बा गोपीगंज स्थित चौधरी लान के पीछे अनधिकृत रूप से ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे दो जुआरियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्तों रोशन अली पुत्र वकील अली निवासी पावरहाउस माधोपुर एवं रोशन अली पुत्र वकील अहमद निवासी जीटी रोड लाई बाजार थाना गोपीगंज के कब्जे से मालफड़ व जामा तलाशी में कुल 6270 रुपये नगद तथा 52 अदद ताश के पत्ते बरामद किए गए। इस मामले में दो अभियुक्त फरार बताए गए हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना गोपीगंज पर मु0अ0सं0 31/26, धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# प्रापर्टी डीलर के आगे तहसील प्रशासन नतमस्तक

**● प्रापर्टी डीलर और राजत्व विभाग की मिली भगत से ग्राम समाज की जमीन बैनामा करा लेने के आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** प्रापर्टी डीलर के भ्रष्टाचार के आगे राजस्व विभाग नतमस्तक दिखाई पद रहा है। बताया जाता है कि ब्लाक फूलबहेड के गांव बुढ़नापुर में प्रॉपर्टी डीलर मनीष जैन के द्वारा कुछ खेत खरीदे गए थे। दौरान रजिस्ट्री के खेत के आगे ग्राम समाज की भूमि पर कुछ गरीबों के मकान बने हुए थे। उक्त मकान आवासीय पट्टों पर बने हुए थे। मनीष जैन द्वारा तहसील प्रशासन से साठ गांठ करके ग्राम समाज की जमीन का बैनामा करा लिया गया। ऐसे आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए जा रहे हैं। जिसके चलते धन-बल के दंमपर आये दिन ग़रीबों को तंग किया जाता है। जांच का विषय यह है कि उक्त प्रापर्टी डीलर के पास प्रापर्टी डीलिग करने का रजिस्ट्रेशन नहीं है और न हीं मानकों के अनुसार प्रापर्टी डीलिग ही करते हैं। जो जांच का विषय बनाहुआहै।।धन बल के दंमपर आये दिन ग़रीबों को परेशान करना उक्त प्रापर्टी डीलर की दिनचर्या में शामिल है। घटना दिनांक 19/01/2026 को लेखपाल पंकज तोमर नपाई करने पहुंचे ।बताते चले गाटा संख्या 443 जो ग्राम समाज की भूमि दर्ज कागजात है। जिसमें दशको पहले पट्टे हुए थे। जो राजस्व अभिलेखों में दर्ज कागजात है ।उक्त प्रापर्टी डीलर द्वारा गाटा 431/1.306 है0 खेत आशीष गुप्ता पुत्र विनोद गुप्ता, दिलीप चंद्र पुत्र हुलाश चंद्र,मनीष जैन,विनय जैन पुत्र धर्मसिंह लोगों ने खरीदा था ।उसी की आंड़ में ग्राम समाज की भूमि के गाटा संख्याओं में हेर-फेर किया जा रहा है।झूठे वाद डाल कर न्यायालय को गुमराह किया जा रहा है।यदि जांच हो प्रापर्टी डीलरों के साथ साथ राजस्व विभाग के चंद जिम्मेदारों की भूमिका संदिग्ध नजर आयेंगी।जबकि 431/1.306 हे0 भूमि विक्रेता स्व बाबू पठान के पुत्र वाशिर का कहना है कि मैंने सिर्फ 431 गाटा संख्या की भूमि बेची थी।अतिरिक्त प्रापर्टी डीलरों द्वारा क्या किया गया मुझे नहीं पता। क्योंकि मेरी भूमि 431/1.306 हे0 ही थी ।इसके अतिरिक्त कोई भी गाटा संख्या मेरे नाम दर्ज कागजात नहीथा और न ही. मैंने विक्री ही किया है।मेरे खेत के आगे ग्राम समाज की भूमि पर पट्टे धारक लोग काबिज है जिससे मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं है।खेत व ग्राम समाज की भूमि पर बने मकानों की संख्या भिन्न है बैनामा में खेल किया गया है। जिसमें दिखाया गया कि मेरे मकान 1000 रूपया माशिक किराये पर उठे हैं। जबकि उक्त गाटा संख्याओं की असली भू स्वामी ही उक्त मकानों में काबिज चले आ रहे है। और यह जमीन ग्राम समाज के नाम राजत्व अभिलेखों में दर्ज कागजात है।और इस पर काफी समय पहले पट्टे बनाए गए थे। उक्त ऑन रोड जमीन हथियाने की नीयत से लेखपाल और कानूनगो से .मिलीभगत करके जमीन हड़पने का प्रयास किया जा रहा है।यदि मामले की हो निष्पक्ष जांच तो भ्रस्टाचार का एक बड़ा मामला खुलकर आएगा सामने और तहसील प्रशासन समेत प्रॉपर्टी डीलरों पर भी आएगी जांच की आंच।

## संक्षिप्त खबरें

### जनपद भदोही पुलिस द्वारा समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लगातार पिछले 06 माह से प्रदेश स्तर पर जारी की गयी रैंकिंग में मिला प्रथम रैंक



उ0प्र0 सरकार की आनलाइन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल (IGRS) से प्राप्त शिकायतों को जनपद भदोही पुलिस द्वारा समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लगातार पिछले 06 माह से प्रदेश स्तर पर जारी की गयी रैंकिंग में मिला प्रथम रैंक अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में उ0प्र0 सरकार की आनलाइन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल (IGRS) से प्राप्त शिकायतों को जनपद भदोही पुलिस द्वारा समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। जिसके फलस्वरूप प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में लगातार पिछले 06 माह जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर में प्रदेश स्तर पर जारी की गयी रैंकिंग में प्रथम रैंक प्राप्त करने पर शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद भदोही के कुल 09 कर्मचारीगण को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। भविष्य में भी ऐसे ही अपने कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ करते हुए आइजीआरएस के कार्यो को समय से कराते हुए जनपदीय पुलिस की रैंकिंग उच्चतर स्तर पर बनाये रखेंगे।

### महुआरी में बना सार्वजनिक शौचालय बना मिशाल




**भदोही।** डीघ ब्लॉक के तमाम गावों में बना सार्वजनिक शौचालय जहां स्वच्छता मिशन की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे है वहीं कुछ गावों में सार्वजनिक शौचालय लापरवाही करने वालों के लिए एक मिशाल बन रहे है। डीघ ब्लॉक के महुआरी ग्राम सभा में बना सार्वजनिक की साफ सफाई और रखरखाव की पुरे क्षेत्र में चर्चा है। और देखने से भी लगता है कि जो शौचालय की देखरेख करता है सच में काफ़ी मेहनत करता है। महुआरी के ग्राम प्रधान रमेश मिश्रा ने बताया कि सरकार जिस तरह स्वच्छता को लेकर तमाम कार्यक्रम संचालित करती है पूरा प्रयास रहता है कि ग्राम सभा में उसका सही से क्रियान्वयन होना चाहिए। सार्वजनिक शौचालय के देखरेख के लिए लगाई गई केयर टेकर की सक्रियता और मेहनत की वजह से ग्राम सभा का शौचालय स्वच्छ और व्यवस्थित है। जंगीगंज महुआरी निवासी अरविन्द कुमार ने भी ग्राम सभा में बने सार्वजानिक शौचालय के साफ सफाई और रख रखाव की तारीफ की।

### महाविद्यालय में फल संरक्षण का सप्ताहिक प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का किया गया आयोजन



**सीखड, मीरजापुर,** नरोत्तम सिंह पद्?म सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगरहा मिर्जापुर में गृह विज्ञान विभाग एवं फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र वाराणसी के संयुक्त तत्वाधान में उन्नीस जनवरी से चौबिस जनवरी तक पुरे सप्ताह भर का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन सत्र महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मृणालिनी सिंह तथा मुख्य अतिथि प्रोफेसर आशा, प्राचार्य, फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण वाराणसी की उपस्थित में विधिवत शुभारंभ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं प्रशिक्षक ने फल संरक्षण की विधियों एवं प्रशिक्षण में छात्राओं को प्रशिक्षण के नियम, उपयोगिता, सामग्रियों की आवश्यकताओं को विस्तृत जानकारी दी और कहा कि एक हफ्ते में फल संरक्षण की ट्रेनिंग ले कर लाभान्वित होंगी। कार्यक्रम की संयोजिका गृह विज्ञान की प्रभारी डा. पल्लवी मिश्रा रही। संचालन डा.मनीष कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या, प्रो दिनेश कुमार यादव, प्रो राकेश कुमार, डॉ सबीहा नाज, डॉ राघवेंद्र सिंह, डॉ मधु तिवारी तथा अन्य प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, और संबंधित अधिकारियों को समय से निस्तारण करने का निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न से सदूर ग्रामीण अंचलों से आए फरियादियों की शिकायतों को जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने गंभीरतापूर्वक सुना। प्राप्त शिकायतों में से कुछ मामलों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण कराया गया, जबकि शेष प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जनता दर्शन के दौरान आए फरियादीयों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए त्वरित समाधान कराया गया जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, विशेषकर बुजुर्गो, महिलाओं एवं कमजोर वर्गो के मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता दर्शन में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए स्थलीय सत्यापन एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनमानस को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दर्शन शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, जिसके माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान कर प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत किया जा सकता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय बहादुर सिंह एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आजाद स्पोर्ट्स क्लब जूनियर ने सतना को सात विकेट से हराया

● वाराणसी ने प्रतापगढ़ को हराकर प्रतियोगिता से किया बाहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** सुरियावां क्षेत्र स्थित महर्षि आज़ाद स्टेडियम, मेढ़ी में तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आज़ाद राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला आजाद स्पोर्ट्स क्लब जूनियर एवं मध्यप्रदेश की सतना टीम के बीच खेला गया, जबकि दूसरा मैच प्रतापगढ़ एवं वाराणसी की टीमों के बीच हुआ। पहले मुकाबले में आजाद स्पोर्ट्स क्लब जूनियर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश से आई सतना की टीम को सात विकेट से पराजित कर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सतना की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 121 रन बनाए। सतना की ओर से आयुष यादव ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी करते हुए 57 गेंदों पर 70 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जिसमें 6 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। अन्य बल्लेबाजों में राहुल सिंह ने 17 रन और शानी अली ने 7 रनों का योगदान दिया। अंतिम ओवरों में सागर गिरी (नाबाद 3 रन) एवं आर्यन भारती (नाबाद 5 रन) ने पारी को संभाला।

आजाद स्पोर्ट्स क्लब जूनियर की ओर से गेंदबाजी में चंदन यादव और विशाल यादव ने 2-2 विकेट झटके, जबकि प्रांजल यादव और यश सिंह को भी एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आजाद स्पोर्ट्स क्लब जूनियर की टीम ने बेहतरीन तालमेल के साथ बल्लेबाजी करते हुए मात्र 16.5 ओवर में 3 विकेट खोकर 122 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की जीत में प्रियांशु ने अहम भूमिका निभाते हुए 47 गेंदों पर नाबाद 50 रन बनाए। वहीं अजीत साहू ने आक्रामक अंदाज में 34 गेंदों पर 45 रन की तेज पारी खेली। अंत में कुनाल सिंह नाबाद रहकर टीम को जीत दिलाई।

सतना की ओर से गेंदबाजी में अमित व राहुल को एक एक सफलता मिली, जबकि अन्य गेंदबाज प्रभावी साबित नहीं हो सके।प्रतियोगिता के दूसरे मैच में वाराणसी की टीम ने प्रतापगढ़ को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। प्रतियोगिता का अगला मैच मास्टर क्रिकेट एकेडमी भदोही बनाम सुल्तानपुर तथा दूसरा मैच जीसीएचए वाराणसी बनाम कानपुर के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव अमर बहादुर सिंह, विजयशंकर राय, राजमणि पांडेय, राजकुमार सरोज, जेपी सिंह, रामजीत यादव, श्याम बहादुर यादव, दिनेश यादव 'दादा', परमेंद्र गौतम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### सेमीफाइनल मैच जीत कर किंग इलेवन की टीम फाइनल में बनाई जगह

**सिद्धार्थनगर,** जिले के शोहरतगढ विकास क्षेत्र के ग्राम नडौरा में चल रहे टूर्नामेंट में सोमवार को सेमीफाइनल मैच किंग इलेवन नडौरा और साहिल 11 अलीगढवा के बीच खेला गया, जिसमें साहिल 11 की टीम टास जीतकर बालिंग का फैसला लिया। किंग इलेवन की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 111 रन बनाये। किंग इलेवन टीम के बल्लेबाज संतोष ने 31 रन और अनुराग ने 50 रनों की शानदार पारी खेली।साहिल 11 के गेंदबाज मोहसिन को 3 विकेट मिले। किंग इलेवन की टीम ने अपनें प्रतिद्वंद्वी टीम को 112 रन का लक्ष्य दिया। दूसरे पारी में 112 रनों के लक्ष्य का सामना करने आयी साहिल 11 की टीम महज 36 रन ही बना पायी, पूरी टीम आल आउट हो गयी। किंग इलेवन के तरफ से संतोष और आशीष ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 - 4 विकेट झटके। संतोष के शानदार आल राउंडर प्रदर्शन के कारण मैन ऑफ द मैच चुना गया। जिससे शानदार जीत अपनें खेमें में लेते हुए किंग इलेवन की टीम फाइनल मैच में अपनी जगह पक्की कर ली। नडौरा प्रीमियर लीग टूर्नामेंट के आयोजक विवेक कुमार उपाध्याय व कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार उपाध्याय ने बताया कि मंगलवार को फाइनल मैच खेला जाएगा, मंगलवार को एक सेमीफाइनल मैच और खेला जाएगा जो टीम उसमें विजेता होगी वो टीम किंग इलेवन के साथ फाइनल मैच खेलेगी।खेल का मैदान दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था।मैच को रोमांचक बनाने के लिए अमित कुमार उपाध्याय द्वारा शानदार कमेन्ट्री किया गया। जबकि जहीर 11अलीगढ़वा बनाम रमेश 11 नीबीदोहनी के बीच क्वालीफायर खेल जाएगा, जो टीम जीतेगी, वही किंग इलेवन से फाइनल खेलेगी।

# टोल प्लाजा कर्मियों के विरुद्ध अधिवक्ताओं ने दिया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** नव युवक अधिवक्ता समिति के तत्वाधान में सोमवार को बार अध्यक्ष शिव शंकर सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील में चक्रमण कर जमकर नारेबाजी किया और अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। पिछले दिन हैदरगढ टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों द्वारा अधिवक्ता से किए गए दुर्व्यहार के विरोध में सोमवार को चुनार तहसील के अधिवक्ताओं ने परिसर में चक्रमण कर जमकर नारेबाजी की।

परिवहन मंत्रालय के नाम संबोधित मांग पत्र एसडीएम राजेश कुमार वर्मा को सौपा।मांग पत्र में टोल प्लाजा दोषी टोल कर्मियों पर सख्त कार्रवाई के साथ ही अधिवक्ताओं के वाहन को टोल टैक्स से मुक्त करने की मांग किया है। कहा कि अधिवक्ताओं को नियमित रूप से घर से कोर्ट व मुकदमे आदि के मामले में स्थलीय निरीक्षण के लिए आना जाना पड़ता है इस दौरान पडने वाले टोल प्लाजा का शुल्क अधिवक्ताओं द्वारा भुगतान किया जाना संभव नही है।

मांग पत्र के माध्यम से शासन व परिवहन मंत्रालय से अधिवक्ताओं के वाहन को टोल टैक्स से मुक्त करने की मांग किया गया है। इस दौरान महामंत्री रामविलास सिंह, कोषाध्यक्ष अविनाश गुप्ता, ज्योति प्रकाश सिंह, पूर्व अध्यक्ष राजेश मिश्र, मुन्नूलाल गुप्ता, पूर्व महामंत्री राहुल सिंह, अजय पांडेय, शशिकांत मिश्रा, राम शुक्ला, सौरभ श्रीवास्तव, बिंदु साहनी, जंगबहादुर सिंह, रामलखन यादव, रामजी मिश्रा, रामप्रकाश सिंह, शीतला प्रसाद यादव सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### दो पक्षों में मारपीट,आधा दर्जन घायल

**चुनार, मिर्जापुर।** कोतवाली क्षेत्र के सरैया गांव स्थित चेरा के पुरा मौजा में कुछ दबंगों द्वारा घर में घुसकर कर मारा-पीटा किया गया है। मारपीट में रवि मौर्या, शिवा चन्द मौर्य, गोपाल मौर्य, अमन मौर्य, आनन्द मौर्य, सौरभ मौर्य, को चोटे आई है, रवि मौर्य की हालत गंभीर होने पर वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। मारपीट करने वाले में मुख्य रूप से दीपक सोनकर, जग्गा यादव, रवि सोनकर, भोला सोनकर, राजू सोनकर, अभिशेख सोनकर, अंकित सोनकर, पांडा सोनकर ,भीम यादव हैं। मामला केवल इतना था कि आरोपी तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल लेकर आये दिन गली में गुज़रते थे। जिससे बच्चों के साथ कोई हादशा हो सकता था बच्चे उसी गली में खेलते कुदते रहते हैं कुछ महिलाएं मना कर रही थी। घटनास्थल पर पुलिस प्रशासन पहुंच कर कार्यवाही कर रही है।

# एसपी सोमेंद्र मीणा ने घुघली व श्यामदेउरवा थाना का औचक किया निरीक्षण

● थाना परिसर, कार्यालय, अभिलेख, जनसुनवाई प्रकोष्ठ, साइबर हेल्प डेस्क, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना तथा शस्त्रागार का विस्तृत एसपी ने निरीक्षण किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज।** जिले के तेज तर्रार पुलिस महकमे मुखिया पुलिस कप्तान सोमेंद्र मीणा द्वारा सोमवार को घुघली और श्यामदेउरवा थाना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर का भ्रमण करते हुए थाना कार्यालय, अभिलेख, जनसुनवाई प्रकोष्ठ, साइबर हेल्प डेस्क, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना तथा शस्त्रागार का विस्तृत जांच किया किया।

जानकारी के मुताबिक निरीक्षण के उपरांत एसपी सोमेंद्र मीणा ने थाना प्रभारी को क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण, जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान तथा बीट प्रणाली को प्रभावी बनाने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस संबंध में एसपी सोमेंद्र मीणा ने बताया कि आकस्मिक थाना का निरीक्षण किया गया है। गुणवत्तापूर्ण मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए गए है।

### शहीद पार्क में शौर्य दिवस के रूप में मनाई गई महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि

**ज्ञानपुर।** नगर स्थित शहीद पार्क में मंगलवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि को शौर्य दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाबा बर्फानी ग्रुप के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की शुरुआत पार्क परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश देते हुए की। इसके उपरांत महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्म मोदनवाल ने महाराणा प्रताप के जीवन, संघर्ष और आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपने अडिग सिद्धांतों, आत्मसम्मान और पराक्रम के बल पर शत्रुओं को परास्त किया और जीवन भर कभी भी हार स्वीकार नहीं की।

उन्होंने युवाओं से महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने महाराणा प्रताप द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विशाल सिंह, राकेश देववंशी, महेंद्र मिस्त्री, सचिन पटवा, रमेश भंडारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही/सुरियावा** 19 जनवरी सोमवार 2026 को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शुक्रवार को किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्र से प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा एक के नवप्रवेशी पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा को मजबूत व रुचिकर बनानाहै।

ब्लॉक संसाधन केंद्र सुरियावां पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सरकार बच्चों की शिक्षा का स्तर प्री प्राइमरी में ही मजबूत करना चाहती है। आंगनबाड़ी व शिक्षा विभाग के संयुक्त कार्यक्रम के तहत प्राथमिक पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए उक्त आयोजन किया गया है।सरकार का उद्देश्य है कि जब बच्चे आंगनबाड़ी से निकलकर बेसिक विद्यालयों में पहुंचे तो उनके पास पर्याप्त जानकारियां हो ताकि आगे की पढ़ाई करने में उन्हें असुविधा न महसूस हो।खंड शिक्षा अधिकारी यशवंत सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आंगनबाड़ी की शिक्षा का स्तर मजबूत करने को कहा। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि इस उत्सव का उद्देश्य आंगनबाड़ी के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। जिससे वह कक्षा एक में पहुंचे तब उनके पास ज्ञान की कमी न हो।

सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों पर ही बच्चों को अधिक से अधिक जानकारी देने का प्रयास कर रही है

जिससे कि अगली कक्षाओं में बच्चे बेहतर प्रदर्शन कर सकें एवम सरकार द्वारा चलाई जा रही शिक्षा विभाग की नीतियों के अधिक से अधिक प्रचार पर बल दिया। कार्यक्रम में एआरपी देवेंद्र कुमार मिश्र, भाष्करनंद मिश्र, भैरवानंद यादव, एवं नोडल शिक्षक संकुल वेद प्रकाश संदीप दूबे हनीफ राम सहाय कुमार सहित विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकत्रियों सहायिका शिक्षक शिक्षिकाएं व आंगनबाड़ी के बच्चे मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी विनय शंकर पांडेय ने किया।

# आधार कार्ड मान्य, 2003 की मतदाता सूची से नाम मिलने पर बिना अतिरिक्त दस्तावेज़ जुड़ेगा नाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को लेकर नागरिकों में व्याप्त भ्रम को दूर करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी की शैलेष कुमार ओर से आवश्यक जानकारी साझा की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फ़ॉर्म-6 भरते समय जन्मतिथि एवं आवासीय पते के साक्ष्य के रूप में आधार कार्ड पूरी तरह मान्य है। इसके अतिरिक्त जन्मतिथि के साक्ष्य के लिए आधार कार्ड के अलावा पाँच अन्य दस्तावेज़ तथा आवासीय पते के साक्ष्य के लिए छह अन्य दस्तावेज़ी विकल्प भी मान्य हैं, जिनकी पूरी सूची फ़ॉर्म-6 में स्पष्ट रूप से दी गई है। आवेदक इनमें से किसी एक दस्तावेज़ को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत कर सकता है।

उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में एक नई व्यवस्था लागू की गई है, जिसके अंतर्गत फ़ॉर्म-6 के साथ एक घोषणा पत्र भी देना अनिवार्य है। इस घोषणा पत्र में आवेदक को विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण वर्ष 2003 की अंतिम मतदाता सूची में स्वयं का अथवा अपने माता-पिता, दादा-दादी या नाना-नानी में से किसी एक व्यक्ति का नाम खोजकर उसका विवरण भरना होगा। यदि ऐसा कर लिया जाता है तो बिना किसी अतिरिक्त दस्तावेज़ी साक्ष्य के आवेदक का नाम मतदाता सूची में जोड़ दिया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि कोई आवेदक घोषणा पत्र में वर्ष 2003 की अंतिम मतदाता सूची में स्वयं या अपने परिवार के किसी सदस्य का नाम नहीं खोज पाता है, तो ऐसे मामलों में इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ERO) द्वारा आवेदक को नोटिस जारी किया जाएगा। नोटिस का प्रारूप वही होगा, जो गणना चरण के दौरान ऐसे मतदाताओं को दिया गया था। नोटिस में उल्लिखित दस्तावेजों की सूची में से कोई एक वैध दस्तावेज़ी साक्ष्य प्रस्तुत करने पर आवेदक का नाम मतदाता सूची में जोड़ दिया जाएगा।

इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी ने सामान्य निवास एवं स्थायी निवास को लेकर फैले भ्रम को भी स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल किसी निर्वाचक की मैपिंग न होने की स्थिति में जारी नोटिस पर जिन दस्तावेज़ों की मांग की जाती है, उनमें स्थायी निवास प्रमाण पत्र तो मान्य है, लेकिन सामान्य निवास प्रमाण पत्र मान्य नहीं है। अतः नागरिक इस बात का विशेष ध्यान रखें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे सही जानकारी के आधार पर फ़ॉर्म-6 भरें और किसी भी प्रकार के भ्रम या अफवाह से बचें।

## मणिकर्णिका घाट ध्वस्तीकरण के विरोध में कांग्रेस का ज्ञापन, राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**वाराणसी** के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले मणिकर्णिका घाट को 10 जनवरी 2026 को ध्वस्त किए जाने के विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी भदोही द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से माननीय राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश को ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर दयाशंकर पाण्डेय जी एवं जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के अध्यक्ष वसीम अंसारी ने संयुक्त बयान में कहा कि मणिकर्णिका घाट का ध्वस्तीकरण काशी की हजारों वर्षों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक परंपराओं पर सीधा आघात है। यह घाट लोकमाता माता अहिल्याबाई होलकर जी द्वारा निर्मित कराया गया था, जिनकी मूर्तियों का मलबे में दब जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। कांग्रेस पार्टी इस असंवेदनशील कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करती है और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करती है।

इसके पश्चात पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे 'राजन' एवं मनरेगा बचाओ संग्राम के कोऑर्डिनेटर सुरेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा ऐतिहासिक धरोहरों को बिना जनसंवाद और विशेषज्ञों की राय के नष्ट किया जा रहा है। यह केवल एक घाट नहीं बल्कि देश की सांस्कृतिक विरासत पर हमला है। कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी और सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

किसान कांग्रेस सोशल मीडिया राष्ट्रीय सह संयोजक दिलीप मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर दुबे व त्रिलोकी नाथ बिंद ने कहा कि सरकार एक ओर गरीबों से रोजगार छीन रही है और दूसरी ओर देश की ऐतिहासिक धरोहरों को मिटाने का काम कर रही है। जनता की भावनाओं से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कांग्रेस पार्टी जनता के साथ खड़ी है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि मणिकर्णिका घाट का शीघ्र पुनर्निर्माण कराया जाए, माता अहिल्याबाई होलकर जी की मूर्ति की पुनः स्थापना की जाए तथा भविष्य में किसी भी पुनर्विकास कार्य से पूर्व धर्माचार्यों, इतिहासकारों एवं स्थानीय नागरिकों से अनिवार्य विमर्श किया जाए।

### शीतला माता मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, गंगा स्नान के बाद दर्शन-पूजन

**गोपीगंज।** विकास खंड औराई के डेरवा गांव स्थित शीतला माता मंदिर में सोमवार को दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। प्रातः काल श्रद्धालुओं ने शीतला घाट पर गंगा में स्नान कर माता के दरबार में हाजिरी लगाई और मनवांछित फल की प्राप्ति के लिए विधिवत दर्शन-पूजन कर प्रार्थना की। गोपीगंज क्षेत्र के गंगा तट पर विराजमान जगत जननी मां शीतला के इस प्राचीन मंदिर में प्रत्येक सोमवार को आयोजित साप्ताहिक मेले में दूर-दराज से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के इस प्रमुख सिद्ध पीठ पर सोमवार को विशेष भीड़ देखने को मिलती है।

दर्शन-पूजन के साथ ही मनौती पूरी होने पर श्रद्धालुओं द्वारा कड़ाही पूजन किया गया तथा प्रसाद के रूप में हलुआ-पूड़ी का वितरण किया गया। सोमवार के इस शुभ संयोग पर स्थानीय गांव के साथ-साथ भवानीपुर, मूलापुर, बरजी, जहगीराबाद सहित आसपास के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर माता के दर्शन किए। मंदिर की देखरेख गांव के प्रतिष्ठित बघेल परिवार द्वारा की जाती है, जिनके सहयोग से व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित रहीं।

## साइकिल रोकने के विवाद को लेकर मारपीट, दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

● कोतवाली ठूठीबारी क्षेत्र के निपनिया गांव की महिला के शिकायत पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज।** निचलौल तहसील क्षेत्र के ठूठीबारी कोतवाली थाना अंतर्गत निपनिया निवासी गीता देवी ने लिखित तहरीर देकर शिकायतनकीय था। जांच के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक पीड़िता ने दिए तहरीर में बताया कि गीता देवी पत्नी राजकुमार मद्देशिया ग्राम-निपनिया बड़ा टोला कोतवाली ठूठीबारी, जनपद -महराजगंज की स्थाई निवासीनी है। बीते दिन समय करीब 5 बजे शाम को प्रार्थिनी का लडका व्यास मध्देशिया पुत्र राजकुमार मध्देशिया आवश्यक कार्य से गडौरा जा रहा था। रास्ते में प्रार्थिनी का ही ग्रामवासी सुनील मध्देशिया पुत्र स्व0 केदार मध्देशिया अपने घर के सामने प्रार्थिनी के लड़के व्यास मध्देशिया को साईकिल सहित रोकते हुए भ?द्दी-भ?द्दी गाली गुप्ता देने लगा। प्रार्थिनी के लडके व्यास मध्देशिया द्वारा गाली-गुप्ता का विरोध किया गया तो नाराज होकर सुनील मध्देशिया तथा जोगिन्दर मध्देशिया पुत्र रामवृक्ष मध्देशिया प्रार्थिनी के लडके व्यास मध्देशिया को गाली गुप्ता देते हुए लोहे के राड से मारने पीटने लगे। तथा जानमाल की धमकी देने लगे। प्रार्थिनी अपने लड़के व्यास मध्देशिया का बिच-बचाव करने गयी तो उपरोक्त प्रार्थिनी को भी गाली- गुप्ता देते हुए लोहे की राड से मारने-पीटने लगे तथा जानमाल की धमकी देने लगे। आगे बताया कि उपरोक्त काफी मनबढ किस्म के लोग है जिससे प्रार्थिनी मानसिक रुप से काफी डरी व सहमी है कि भविष्य मे प्रार्थिनी व प्रार्थिनी के परिवारजन के साथ कही कोई अप्रिय घटना ना होवे।

**क्या बोले थानाध्यक्ष नवनीत नागर**

इस संबंध में थानाध्यक्ष नवनीत नागर ने बताया कि उपरोक्त मामले का संज्ञान है। मामले में मुकदमा दर्ज किया गया ही। अग्रिम विधिक कार्यकवाही नियमानुसार की जा रही है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वतंत्र प्रभात
www.swatantraprabhat.com
जो लिखेगा, वही टिकेगा
पुलिस
112
आपात सेवाएं

## संक्षिप्त खबरें

### रिटायर्ड वन अधिकारी के सूने मकान से लाखों की चोरी

ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने गहने और नकदी पर हाथ साफ किया

राहुल जायसवाल की रिपोर्ट



**नैनी, प्रयागराज।** यमुनानगर के नैनी में वन विभाग के रिटायर्ड अधिकारी के यहां चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया। क्षेत्र के इंदलपुर डांडी शंकर नगर में रहने वाले रिटायर्ड वन अधिकारी हरिशंकर सिंह के सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने आभूषण और नकदी समेत लाखों के समान पर हाथ साफ कर दिया।हरिशंकर सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी पद से रिटायर हुए हैं। इन्होंने शंकर नगर, इंदलपुर डांडी में मकान बनाया है। परिवार संग वह अपने गांव सीतामढ़ी भदोही गए थे। सुनसान घर देख कर चोरों ने चोरी को अंजाम दिया । फिर मौका मिला तो ताला तोड़कर घर में अंदर घुसे। इसके बाद पूरे घर को खंगाला। गहने, नकदी, कपड़े-लत्ते, बर्तन आदि समेट कर चलते बने। पड़ोसियों से जानकारी मिलने पर हरिशंकर सिंह परिवार को लेकर आनन-फानन में घर पहुंचे। हरिशंकर सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना देने पर जांच पड़ताल को पहुंची थी। नैनी कोतवाली में मुकदमा दर्ज करने को कहकर चली गई। भुक्तभोगी ने बताया कि अंदर घुसे चोरों ने दो बक्से तोड़कर गहने और नगदी निकाले थे।

### रिटायर्ड बैंककर्मी ने ब्याजखोरों के डर से लगाई फांसी मौत



**नैनी, प्रयागराज।** में कर्ज में डूबे एक रिटायर्ड दलित बैंककर्मी ने ब्याजखोरों के डर से फांसी लगाकर जान दे दी। इसकी जानकारी मिली तो सोमवार सुबह ब्याजखोरों का गिरोह उसके घर पहुंच गया। दलित बैंककर्मी के शव का अंतिम संस्कार करने नहीं दे रहे थे। ब्याजखोर उसके परिजन पर कर्ज चुकाने का दबाव बना रहे थे। काफी देर तक पंचायत के बाद जब भीड़ जमा होने लगी तो सूदखोर वहां से निकल लिए। दिल को झकझोर देने वाली यह घटना नैनी क्षेत्र के प्रयागपुरम मोहल्ले की है। यहां रहने वाले एक दलित रिटायर्ड बैंककर्मी बच्चालाल (65) ने कई सूदखोरों से कर्ज लिए थे। बैंक में काम करने से उसे ब्याज दर पर कर्ज देने वाले आसानी से रकम दे दिया करते थे। जब वह रिटायर हुआ तो कर्ज चुकाने में परेशानी होने लगी। सूदखोर आए दिन उसके घर धावा बोलकर उसे कर्ज चुकाने का दबाव बनाने लगे। आखिरकार डर व दहशत में तनाव ग्रस्त होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रविवार देर रात की है। पत्नी के शोर मचाने पर बेटे मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बच्चा लाल की मौत हो चुकी थी। मृतक बच्चालाल के खुदकुशी की सूचना देने परिजन नैनी थाने सोमवार सुबह पहुंचे, लेकिन वहां कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं मिला। इसके बाद परिजन वापस लौटे और अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गए। इसबीच सूदखोर घर पहुंच गए और अंतिम संस्कार के लिए शव को उठाने नहीं दे रहे थे। घंटों चली पंचायत और हंगामे के बाद किसी तरह शव का अंतिम संस्कार कराया जा सका।

### ग्राम प्रधान के फर्जी लेटर पैड मामले में डीसीपी के निर्देश पर एफआईआर दर्ज

**प्रयागराज। यमुनानगर (मेजा)** थाना क्षेत्र में ग्राम प्रधान के फर्जी लेटर पैड और मुहर का इस्तेमाल कर आय,जाति व निवास प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में रविवार को एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई डीसीपी यमुनानगर के निर्देश पर की गई है। मामले की जांच मेजा के सहायक पुलिस आयुक्त को सौंपी गई है।मेजा की मेडरा ग्राम पंचायत के प्रधान रामधारी बिन्द ने आरोप लगाया है कि जमुआ स्थित सहज जन सेवा केंद्र के संचालक राजू उर्फ राजीव बिन्द ने उनके फर्जी लेटर पैड और मुहर का उपयोग किया। राजीव बिन्द पर प्रधान के जाली हस्ताक्षर कर आय,जाति और निवास प्रमाण पत्रों को सत्यापित कर तहसील मेजा में ऑनलाइन करने का आरोप है। प्रधान रामधारी बिन्द को इस धोखाधड़ी की जानकारी 18 दिसंबर को उनके गांव के लेखपाल से मिली थी। लेखपाल ने उन्हें फर्जी लेटर पैड पर लगी मुहर और हस्ताक्षर के बारे में बताया और संबंधित फर्जी दस्तावेजों को उनके मोबाइल पर भेजा, जिसके बाद उन्हें पूरे मामले का पता चला।

# कस्टोडियल डेथ केस में कुलदीप सेंगर को बड़ा झटका, 10 साल की सजा निलंबित करने की याचिका दिल्ली हाईकोर्ट से खारिज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार (19 जनवरी 2026) को उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में बीजेपी के निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर को दी गई 10 साल की सजा को निलंबित करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा ने कहा, 'राहत देने के लिए कोई आधार नहीं है। सजा निलंबित करने की मांग वाली याचिका खारिज की जाती है। 'न्यायाधीश ने कहा कि सेंगर ने हालांकि लंबा समय जेल में बिताया है, लेकिन देरी के आधार पर राहत नहीं दी जा सकती, क्योंकि यह आंशिक रूप से इसलिए हुआ क्योंकि उसने अपनी सजा के खिलाफ कई अपील दायर की थीं।

मामले की सुनवाई के लिए तीन फरवरी की तारीख तय करते हुए अदालत ने कहा, 'अगर अपील पर तेजी से सुनवाई होती है तो मकसद पूरा हो जाएगा। 'निचली अदालत ने 1× मार्च, 2020 को सेंगर को पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में 10 लाख रुपये के जुर्माने के साथ 10 साल की सजा सुनाई थी।अदालत ने कहा था कि एक परिवार के ''इकलौते कमाने वाले'' की मौत के लिए कोई नरमी नहीं दिखाई जा सकती।

अदालत ने बलात्कार पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में संलिप्तता के लिए सेंगर के भाई अतुल सिंह सेंगर और पांच अन्य को भी 10 साल की सजा सुनाई थी। बलात्कार पीड़िता के पिता को सेंगर के इशारे पर शस्त्र अधिनियम के तहत गिर तार किया गया था और नौ अप्रैल, 2018 को पुलिस की बर्बरता के कारण हिरासत में उनकी मौत हो गई थी। सेंगर ने 2017 में नाबालिग लड़की का अपहरण किया था और उसके साथ बलात्कार किया था।।

### आगरा-जयपुर हाईवे पर हादसा, ट्रेलर में पीछे से जा घुसी मैक्स पिकअप; आधा घंटा फंसा रहा चालक

**आगरा।** आगरा-जयपुर हाईवे पर थाना किरावली क्षेत्र के गांव महुअर कट पर रविवार रात 11:15 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। महिंद्रा पिकअप लोडर पीछे से ट्रेलर में घुस गई। हादसे में लोडर चालक बाल-बाल बचा। करीब आधे घंटे तक चालक पिकअप में ही फंसा रहा। धर्मेंद्र सिंह निवासी गांव खुड़ियाना, तहसील लक्ष्मणगढ़ अलवर, अपने साथी सचिन निवासी गांव चोमू, मालाखेड़ा, अलवर के साथ महिंद्रा पिकअप में अमरूद भरकर सवाई माधोपुर से लखनऊ जा रहे थे। आगरा-जयपुर हाईवे पर महुअर कट पर ट्रेलर न्यू दक्षिणी बाईपास पर चढ़ने के लिए मुड़ रहा था, तभी पिकअप अनियंत्रित होकर ट्रेलर में पीछे से जा घुसी। हादसे के बाद सचिन घायल हो गया और किसी तरह से गाड़ी से बाहर निकल आया। वहीं घायल चालक धर्मेंद्र के दोनों पैर पिकअप में बुरी तरह फंस गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यवीर सिंह एवं चौकी इंचार्ज सतीश सोलंकी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कोरई टोल प्लाजा की क्रेन की मदद से काफी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला। घायल चालक को तुरंत टोल प्लाजा की एंबुलेंस से सीएचसी किरावली भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए।

# यू-ट्यूबर वैभव यादव गिरफ्तार, हत्या के प्रयास सहित कई मामले थे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** यमुनानगर (मेजा) क्षेत्र में पुलिस ने यूट्यूबर वैभव सिंह यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वैभव पर हत्या के प्रयास, रंगदारी मांगने, छेड़खानी और मारपीट सहित कई मामले दर्ज थे। पुलिस के अनुसार, इन मामलों के वादी लगातार कार्रवाई की मांग कर रहे थे। हालांकि, वैभव की मां विमला देवी का आरोप है कि उनके बेटे को राजनीतिक द्वेष के चलते फर्जी केस में फंसाया गया है।पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई 17 दिसंबर को अनुज उपाध्याय पुत्र प्रेम सागर द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर की गई थी। अनुज ने आरोप लगाया था कि वैभव सिंह यादव ने जान से मारने की नीयत से अपनी काली चार-पहिया गाड़ी से उन्हें कुचलने का प्रयास किया। इस दौरान पीड़ित को हल्की चोटें आईं, लेकिन वह बच गया।मुकदमा दर्ज होने के बाद से पुलिस वैभव की तलाश कर रही थी।रविवार को मुखबिर की सूचना पर मेजा पुलिस ने मांडा थाना क्षेत्र के चांदपुर भभौरा गांव से उसे हिरासत में लिया। न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद वैभव को जेल भेज दिया गया।सोमवार दोपहर मीडिया से बातचीत में वैभव के भाई लक्ष्मण यादव ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि उनके भाई को राजनीतिक प्रतिशोध के तहत फंसाया गया। वहीं, डॉ. एम.के. यादव ने परिजनों से मुलाकात कर 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी और पूरे समाज की वैभव के साथ होने की बात कही।यू-ट्यूबर वैभव यादव गिरफ्तार, हत्या के प्रयास सहित कई मामले थे दर्ज।

# दोष सिद्ध होने से पहले जमानत मिलना एक अधिकार- पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उमर खालिद की जमानत को लेकर भारत के पूर्व मु य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि दोष सिद्ध होने से पहले जमानत मिलना एक अधिकार की तरह होना चाहिए। हालाँकि, उनके इस बयान पर ही सवाल खड़े किए जा रहे हैं और सोशल मीडिया पर पूछा जा रहा है कि जब वह सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई थे तब भी उमर खालिद को जमानत नहीं मिली।

सुप्रीम कोर्ट के मशहूर वकील और एक्टिविस्ट प्रशांत भूषण ने कहा है, 'ऐसा पूर्व सीजेआई का कहना है, जिन्होंने उमर खालिद की ज़मानत याचिका जस्टिस बेला त्रिवेदी की बेंच को भेजी थी, जो पहले मोदी की लॉ सेक्रेटरी रह चुकी हैं और मोदी सरकार की इ'छाओं के खिलाफ न जाने के लिए जानी जाती हैं।'

तो प्रशांत भूषण जैसे वकील यह सवाल क्यों उठा रहे हैं? क्या उमर खालिद को जमानत देने के मामले में ईमानदार कोशिश की गई? आख़िर उमर खालिद के साथ अब तक क्या हुआ है? इन सवालों के जवाब जानने से पहले यह जान लें कि आख़िर पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने क्या कहा है। चंद्रचूड़ जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में एक कार्यक्रम में पत्रकार वीर सांघवी के सवाल का जवाब दे रहे थे। यह सवाल 2020 दिल्ली दंगों के साजिश मामले में उमर खालिद की जमानत याचिका को सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज किए जाने पर आधारित था। उमर खालिद पिछले पांच साल से जेल में हैं।

चंद्रचूड़ ने कहा, 'मैं अपनी अदालत की आलोचना करने में हिचकिचाता हूं, क्योंकि मैंने एक साल पहले ही इस संस्थान का नेतृत्व किया था। लेकिन ये सिद्धांत कहते हैं कि आप शर्तें लगा सकते हैं, लेकिन तेज ट्रायल सुनिश्चित करना चाहिए। अगर तेज ट्रायल संभव नहीं है तो जमानत नियम होनी चाहिए, अपवाद नहीं।'



चंद्रचूड़ ने कहा, 'मैं अब जज के रूप में नहीं, बल्कि एक नागरिक के रूप में बोल रहा हूँ। यह दोष सिद्ध होने से पहले जमानत के अधिकार के बारे में है। हमारा कानून निर्दोष होने की धारणा पर आधारित है- हर आरोपी तब तक निर्दोष है, जब तक मुक़दमे में दोषी साबित न हो। ट्रायल से पहले जमानत सजा नहीं हो सकती। अगर कोई व्यक्ति पांच-सात साल जेल में रहता है और फिर बरी हो जाता है तो गँवाए हुए समय की भरपाई कैसे होगी?'

## मंत्री विजय शाह मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रा'य सरकार से पूछा- मुकदमा चलाने की मंजूरी देनी है या नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मध्य प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि मंत्री विजय शाह के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी पर दो ह ते के भीतर फैसला करे। यह मामला कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ उनके आपत्तिजनक बयानों से जुड़ा है। कोर्ट ने कहा कि विशेष जांच टीम ने अपनी जांच पूरी कर ली है और अंतिम रिपोर्ट जमा कर दी है। अब रा'य सरकार की मंजूरी का इंतजार है, जो भारतीय दंड संहिता की धारा 196 (सा प्रदायिक नफरत फैलाना) के तहत कार्रवाई के लिए जरूरी है। एसआईटी ने शाह के अन्य कथित आपत्तिजनक बयानों का भी हवाला दिया है और कोर्ट ने इसके लिए भी रिपोर्ट मांगी है।

सुप्रीम कोर्ट में शाह के वरिष्ठ वकील ने कहा कि शाह ने अपनी माफी दर्ज कराई है और जांच में सहयोग कर रहे हैं। हालांकि, कोर्ट ने माफी को रिकॉर्ड पर स्वीकार नहीं किया और कहा कि यह बहुत देर से दी गई है। इससे पहले, कोर्ट ने उनकी सार्वजनिक माफी को 'घड़ियाली आंसू' बताते हुए इसे कानूनी जि मेदारी से बचने का तरीका माना था।

गौरतलब है कि यह मामला 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद उठकर सामने आया, जब शाह ने कर्नल कुरैशी के खिलाफ विवादित बयान दिए। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए स्न्नढ्ढक्रदर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद शाह ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी और मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने उनके बयानों की निंदा करते हुए स्ढ्ढञ्ज जांच के आदेश दिए और फिलहाल उनकी गिर तारी पर रोक लगा दी।

### आगरा मेट्रो से बड़ा हादसा टला, नीचे गुजरती कार पर गिरा लकड़ी का स्लीपर; चालक चोटिल

**आगरा।** मेट्रो बन जाने के बाद जो सुविधा मिलेगी, वह तो बाद की बात है। अभी तो पूरा शहर जाम से ही जूझ रहा है। मेट्रो निर्माण के दौरान लगी लेबर की लापरवाही से सोमवार को कार चालक की जान जाते-जाते बच गई। मेट्रो ट्रैक से लकड़ी का स्लीपर गिरा और नीचे से गुजरती कार की फ्रंट स्क्रीन को तोड़ते हुए चालक के जा लगा। चालक चोटिल हुआ है। बड़ा हादसा टाल गया। इस लापरवाही के बाद मेट्रो की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। आगरा दिल्ली हाईवे किनारे मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण चल रहा है। आइएसबीटी के पास सर्विस रोड से गुजर रही कार के ऊपर सोमवार दोपहर अचानक मेट्रो कॉरिडोर से लकड़ी का टुकड़ा गिर पड़ा। टुकड़ा ड्राइवर साइड की ओर गिरा और शीशे में धंस गया। अचानक लकड़ी का टुकड़ा गिरने से ड्राइवर घबरा गया और कार असंतुलित होते-होते बची। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। पुलिस ने चोटिल हुए चालक को पास के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा। हादसे के बाद लोगों में आक्रोश है। लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए हैं। हादसे के कारण कुछ समय के लिए सर्विस रोड पर यातायात भी प्रभावित रहा।

## कमला पब्लिक स्कूल द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया



**नैनी, प्रयागराज** कमला पब्लिक स्कूल नैनी के द्वारा सुशील कुमार शिक्षा समिति के तत्वाधान में सफाई अभियान का आयोजन मेला घाट पर किया गया जिसमें संस्था के प्रबंधक सुशील तिवारी, बजरंगदत्त तिवारी, विद्याकांत शुक्ला साहबलाल,अरुणेश यादव, विद्यालय प्रधानाचार्य उपासना मिश्रा, पूजा, अर्चना काजल,ज्योति एवं समस्त शिक्षक शिक्षकों ने मिलकर शिविर एवं घाटों की सफाई किया तथा लोगों को बताया की गंगा की स्वच्छता शिविर की स्वच्छता अति आवश्यक है सफाई से रहने पर यहां आने वाले श्रद्धालुओं को एवं मेले में रहने वाले कल्पवासियों का स्वास्थ्य खराब नहीं होगा। इसलिए सभी लोग साफ- सफाई से रहे और स्वच्छता को मेले में बनाए रखें। तत्पश्चात प्रतिदिन की तरह प्रसाद का वितरण कराया गया।

# प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का धरना जारी

● प्रशाशन के क्षमा मांगने तक वे धरने पर बैठे रहेंगे।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का धरना जारी है। पालकी यानी रथ यात्रा रोके जाने के विरोध में शंकराचार्य धरने पर बैठे हैं, जहां पुलिस उन्हें छोड़ गई थी। वे अपने पंडाल में पूरी रात ठंड में धरने पर बैठे रहे। 23 घंटे से अनाज का एक दाना भी ग्रहण नहीं किया। पानी तक छोड़इस बीच शंकराचार्य ने सोमवार दोपहर प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

उन्होंने कहा- जब तक प्रशासन आकर माफी नहीं मांगता, तब तक हम अपने आश्रम में प्रवेश नहीं करेंगे। फुटपाथ पर ही रहेंगे। उन्होंने कहा- शंकराचार्य जब भी इतिहास में स्नान करने गए हैं, पालकी में ही गए हैं। हर साल इसी पालकी में जाते रहे हैं। उन्होंने साफ कहा कि जब तक पुलिस प्रशासन सम्मान और लाइव अपडेट्स पढ़ें ले पुलिस प्रशासन सम्मान और प्रोटोकॉल के साथ नहीं ले जाएगा, तब तक गंगा स्नान नहीं करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रण लेता हूं, मैं हर मेले के लिए प्रयागराज आऊंगा, लेकिन कभी भी शिविर में नहीं रहूंगा। फुटपाथ पर अपनी व्यवस्था करूंगा। इससे पहले मीडिया प्रभारी शैलेंद्र




योगीराज ने बताया- शंकराचार्य ने कल से कुछ भी नहीं खाया कइससे पहले मीडिया प्रभारी शैलेंद्र योगीराज ने बताया- शंकराचार्य ने कल से कुछ भी नहीं खाया है। कोई प्रशासनिक अधिकारी उनसे मिलने भी नहीं आया। सुबह अपनी पूजा और दंड तर्पण उसी स्थान पर किया। इस बीच मौनी अमावस्या पर शंकराचार्य की रथ यात्रा के दौरान हुए बवाल का CCTV सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि पुलिस ने रास्ते पर बैरिकेडिंग लगाई थी। इसी दौरान शंकराचार्य के समर्थकों और पुलिस के बीच कहासुनी हुई। समर्थकों ने बैरिकेडिंग तोड़कर आगे निकलना शुरू कर दिया। उनका यह भी कहना है कि प्रशासन से अनुमति स्नान करने की ली गई थी।

# भक्त और भगवान एक दूसरेके पूरक हैं, भक्त अपने भक्ति के बल से धरती पर प्रलय रोक सकता है! काली दास. महराज

● भगीरथ अपने भक्ति के बल से गं गा को पृथ्वी पर आने को मजबूर किए।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दयाशंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।

**प्रयागराज।** मां काली के अनन्य भक्त काली दास महराज ने कहा है कि भक्त और भगवान एक दूसरे के पूरक है।भगवान केबिना इच्छा केकिसी मनुष्य मेंभक्ति नहीं आ सकतीऔर ना तो भक्त की इच्छा के विरुद्धभगवान कुछ करते हैं। उन्होंने दावा किया किसच्चा भगवान का भक्त पृथ्वी पर आने वाले प्रलय को रोक सकता है जैसे भागीरथराजा नेअपने भक्त और तपस्या के बल पर गंगा जी को पृथ्वी लोक मेंआने पर मजबूर कर दिया जो आजइस प्रयागराज में जीवन दायनी बनी हुई है। भागीरथ नेअपने तपस्या और भक्ति के बल परअपने पूर्वजों का कल्याण किया ही लेकिन आज वही गंगामाता पृथ्वी परआस्था का सैलाब बहा रही हैं। इसी आस्था के सैलाब मेंभारत देश से ही नहीं विश्व सेलोग आकर इस सैलाब मेंपुण्य और जनकल्याण के लिए गोता लगा रहे हैं। गंगा तट पर सेक्टर नंबर पांच में जन कल्याण का पंडाल लगाए कालिदास जी कामाख्या देवी के घोर पुजारी हैं। उनका मानना है कि मां सदैव कल्याण के लिए ही पृथ्वी पर कार्य करती है।जब लोक कल्याणऔर भक्तों की आस्था पर संकट आता है तो वह काली दुर्गा पीतांबराऔर अनेक देवियों का रूप धारण करकेआती है।औरभक्तों के कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों का संघार करती है।

महा कुंभ 2025 मे पहली बार- अपना शिविर लगाने वाले काली दास- महराज दुसरी वार यहाँ शिविर लगाकर भक्तो को देवी के चमत्कार के बारे मे बताते हुए हवन दान- पुन्य के महत्व के बारे मे बताते है। उनका कहना है जो देवी महाकानी कामांच्छा के भक्ति मे लीन होगा वह जो चाहेगा पूर्ण हो गा।- काली दास जी का मानना है कि माघ माह में आकर जो गंगा के तट पर भक्ती भावना से स्नान और- दान पुण्य करता है उसको अवस्य ही उससे अधिक प्राप्त हो जाता है। उन्होंनकहा कि परिवार मे रह कर भी व्यक्ति ईश्वर और मा देवी का पक्का भक्ति कर सकता है। लेकिन अधूरे मन से नही।

उन्होंने बताया कि भक्ति भावना से परिवार पुत्र पत्नी भाई तथा समाज के लोगो में भक्ति भावना दान पुण्य हवन पूजन की भावना बढती है ।उससे बच्चो मे अच्छे संस्कार पैदा होते है।वह कु मारर्ग पर नही जाते आज का नव जवान भ टक गया है। मोबाइल के युग मे गलत रास्ता पकड़ रहा है इससे बचने का एक मात्र रास्ता है ईश्वर भक्ति उस भक्त को मां देवी कुमार्ग पर नहीं जाने देती।उसकी जो इच्छा होती है ईश्वर पूरा करता है।



कालीदास जी महराज सबसे अधिक हवन कराने पर जोर देते है उनका मानना है कि देवी काली सबसे अधिक हवन से प्रशन्न होती है। इससे वातावरण शुद्ध होता है पर्यावरण शुद्ध होता हैं मनुष्य स्वस्थ रहता है और उसकी बुद्धि भी शुद्ध होती है। उन्होंने बताया कि वे अव तक वे कामाख्या देवी के लिये 40 हवन यज्ञ करा चुके है और 108 यज्ञ कराने का संकल्प है। इसके लिले वे अपनी दुकान मोटर गाड़ी सब बेच दिये। 1993 से वह देवी की पूजा कर रहे है और पहला व्रत नवराड मे सीधी मध्य प्रदेश से शुरु किये थे मध्य प्रदेश के रीवा के निवासी काली दास जी काम ख्या देवी के उपाशक बन गए।15 हजार उनके अनुयाई भक्त है।

# डीएम का उतरौला में औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं की खुली पोल

● सीएचसी में स्वच्छता पर संतोष, मरीजों की भीड़ को देखते हुए नया वेटिंग एरिया बनाने के सख्त निर्देश

जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र व पेंशन प्रकरणों में देरी पर नाराजगी, समयबद्ध निस्तारण के आदेशसीएचसी में स्वच्छता पर संतोष, मरीजों की भीड़ को देखते हुए नया वेटिंग एरिया बनाने के सख्त निर्देश

जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र व पेंशन प्रकरणों में देरी पर नाराजगी, समयबद्ध निस्तारण के आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** उतरौला, 19 जनवरी 2026। जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को कसौटी पर कसने के लिए जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एवं विकास खंड उतरौला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण से स्वास्थ्य विभाग और विकास खंड कार्यालय में हलचल मच गई।

सीएचसी पहुंचते ही जिलाधिकारी ने परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, जो संतोषजनक पाई गई। हालांकि मरीजों और तीमारदारों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए उन्होंने तत्काल नया वेटिंग एरिया विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को धूप-बारिश में भटकना न पड़े।

जिलाधिकारी ने ओपीडी, पैथोलॉजी, क्षय रोग कक्ष, फार्मेसी, एंटी रेबीज वैक्सीन कक्ष, एक्स-रे, टेली कंसल्टेंसी, आयुष्मान वार्ड, जन औषधि केंद्र व नेत्र विभाग का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से सीधा संवाद कर इलाज और सुविधाओं की हकीकत जानी। चिकित्सकों और स्टाफ को कड़ी हिदायत दी गई कि आमजन को समय पर, बेहतर और संवेदनशील उपचार मिले, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**फार्मेसी पर सख्ती, दवाओं की कमी नहीं चलेगी**

फार्मेसी निरीक्षण के दौरान डेली इंटेंड व रिपोर्टिंग रजिस्टर खंगाले गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि दवाओं की कमी मरीजों के साथ अन्याय है। नियमित इंटेंड भेजकर सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। सीएचसी के बाहर स्थित मेडिकल स्टोरों का भी निरीक्षण कर स्टॉक रजिस्टर व अन्य अभिलेख अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए।

**विकास खंड कार्यालय में लापरवाही पर चेतावनी**

इसके बाद जिलाधिकारी ने विकास खंड उतरौला का निरीक्षण किया। विभिन्न पटलों के कार्यों की समीक्षा के दौरान जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और पेंशन जैसे जनहित प्रकरणों में देरी पर नाराजगी जताई गई। उन्होंने दो टूक कहा कि जनता को चक्कर कटवाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण अनिवार्य होगा।

निरीक्षण के दौरान तहसील उतरौला में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों का भी जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए गए। विकास खंड परिसर स्थित आधार सेवा केंद्र का निरीक्षण कर आमजन को बेहतर व सुचारु सेवाएं देने पर जोर दिया गया।

जिलाधिकारी ने साफ कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप सभी कार्यालयों में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित सर्वोपरि होना चाहिए, लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुकेश रस्तोगी, प्रभारी चिकित्साधिकारी व खंड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रेय लेने की राजनीति कर रही है भाजपा : सोनाल शांति



**रांची, झारखंडः–** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि बच्चों की बरामदगी और अपराधियों की गिरफ्तारी प्रशासन की सख्त कार्रवाई का परिणाम है, न कि किसी राजनीतिक दल की उपलब्धि। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस का मनोबल बढ़ाने के बजाय भाजपा खुद श्रेय लेकर अपनी मानसिकता उजागर कर रही है। सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा ने कभी गुमशुदा बच्चों के मामलों को लेकर आंदोलन नहीं किया, बल्कि अब इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है। उन्होंने दावा किया कि महागठबंधन सरकार में अपराधियों का मनोबल टूटा है और अपराध के बाद गिरफ्तारी सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने भाजपा पर नकारात्मक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे बयानों से अपराधियों का हौसला बढ़ता है और भाजपा को सकारात्मक राजनीति करनी चाहिए।

### वाहन चालकों को बताये नियम, पालन करने का आह्वान




**ललितपुर।** सोमवार को विकास खण्ड कार्यालय जखौरा में पंचायत स्तरीय जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के बारे में एआरटीओ विपिन कुमार चौधरी ने विस्तार से जानकारी दी। बताया कि वाहन चालक सड़क पर दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, चार पहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें, वाहन चलते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करे, नशे की हालत में वाहन न चलाये,तेज रफ्तार में वाहन न चलाये, सड़क पर वाहन चलाते समय किसी भी वाहन को ओबर टेक न करें, दो पहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय तीन सवारी बैठालकर वाहन न चलाये, वाहन चालकों द्वारा सड़क पर वाहन चलाते समय की गई जरा सी लापरवाही कितनों का सुहाग छीन लेती है और कितनों को अनाथ बना देती है। इसलिये अगर सड़क पर शराब पीकर वाहन चलाउगे तो मुफ्त में दुर्घटना पाउगे इसलिये हम सभी लोगों की जिन्दगी बहुत अनमोल है इसलिये हम सभी लोगों को व सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिये क्योंकि अपने घर पर अपना परिवार अपने लौटने का इन्तजार करता रहता है। इस दौरान सड़क सुरक्षा संबंधी पंपलेट भी बाटे गये। इस कार्यक्रम में बीडीओ, एआरटीओ विपिन कुमार चौधरी, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि उपस्थित रहे।

### किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने को लेकर गंभीर धाराओं में केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किशोरी को बहला फुसलाकर भगाए जाने को लेकर लालगंज पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव के पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्रह जनवरी को दिन में तीन बजे उसकी सोलह वर्षीया पुत्री साइकिल से लालगंज बाजार में कपड़ा खरीदने निकली। देर रात तक उसकी नाबालिग बेटी घर वापस नहीं आयी। खोजबीन करने पर 18 जनवरी को दिन में उसकी बेटी लालगंज कोतवाली के खालसा चौराहे पर गांव के आरोपी नीरज सरोज पुत्र राजू के साथ दिखी। तहरीर में कहा गया है कि आरोपी ने नाबालिग लड़की के साथ जबरिया रात गुजारी और परिजनों को धमकाया कि वह अब नाबालिग के साथ ही रहेगा। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आरोपी नीरज के साथी अजय वर्मा पुत्र श्रीपाल निवासी पूरे पहलवान पूरे वंशी किशोरी को भगाने में साजिशकर्ता है। तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज हुआ है, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# उरीमारी में राहुल दूबे गैंग की फायरिंग की साजिश नाकाम, भारी मात्रा में हथियारों के साथ दो गिरफ्तार

**●एंटी क्राइम चेकिंग और एसआईटी की त्वरित कार्रवाई से टली बड़ी वारदात, महिला सदस्य भी गिरफ्त में**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हज़ारीबाग, झारखंडः–** हजारीबाग जिले के उरीमारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी आपराधिक घटना को समय रहते नाकाम कर दिया। दिनांक 18 जनवरी 2026 को राहुल दूबे गैंग द्वारा कोलियरी क्षेत्र में दहशत फैलाने और फायरिंग की साजिश रची गई थी, जिसे पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से विफल कर दिया गया। इस दौरान गिरोह के एक सक्रिय सदस्य सहित एक महिला सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से अत्याधुनिक हथियार और भारी मात्रा में कारतूस भी बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उरीमारी स्थित एक कोलियरी कंपनी द्वारा रंगदारी की मांग पूरी नहीं किए जाने से नाराज राहुल दूबे और आशीष साव के निर्देश पर गिरोह ने फायरिंग कर दहशत फैलाने की योजना बनाई थी। इसी क्रम में गिरोह के सदस्य मोटरसाइकिल से उरीमारी पहुंचे और कोलियरी क्षेत्र की रेकी की। शाम होने का इंतजार करते हुए वे जंगल की ओर चले गए, ताकि सुनसान का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया जा सके। इसी बीच हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि राहुल दूबे गिरोह के सक्रिय सदस्य हथियारों से लैस होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। एसआईटी द्वारा उरीमारी ओपी क्षेत्र में एंटी क्राइम चेकिंग और छापामारी अभियान चलाया गया।छापामारी के दौरान रिलैक्स होटल के पास से राहुल दूबे गैंग के सक्रिय सदस्य राजदीप कुमार साव को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के क्रम में उसके पास से एक पुलिस कार्बाइन (लोडेड) बरामद की गई, जिसकी मैगजीन में तीन जिंदा गोलियां थीं। इसके अलावा एक देशी लोडेड पिस्टल और दो जिंदा गोलियां भी बरामद की गई। कड़ाई से पूछताछ करने पर राजदीप साव ने खुलासा किया कि एक पिस्टल, गोलियां और कुछ मैगजीन गिरोह की महिला सदस्य के पास छिपाकर रखी गई हैं। उसने बताया कि केरेडारी थाना क्षेत्र के हेन्देगीर गांव में रहने वाली महिला अनिता मुंडा (उर्फ मुनिका कुमारी) ने ये हथियार अपने घर में छुपा रखे हैं। सूचना मिलते ही एसआईटी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए केरेडारी थाना अंतर्गत ग्राम हेन्देगीर स्थित उक्त महिला के घर की घेराबंदी की। पुलिस को देखकर एक युवती घर से भागने का प्रयास करने लगी, जिसे महिला चौकीदार की सहायता से पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मुनिका कुमारी, उम्र लगभग 20 वर्ष, पिता कार्तिक मुंडा बताया। घर की विधिवत तलाशी के दौरान बेडरूम में रखे आलमीरा से एक देशी लोडेड पिस्टल बरामद की गई, जिसकी मैगजीन में दो जिंदा राउंड थे। इसके अलावा आलमीरा के ऊपरी रैक से एके-47 राइफल के चार काले रंग के खाली मैगजीन तथा एसएलआर राइफल के पांच काले रंग के खाली मैगजीन भी बरामद किए गए। इस मामले में बड़कागांव (उरीमारी ओपी) कांड संख्या 09/26, दिनांक 19.01.2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 111(2)(बी), 111(3), 317(5) बीएनएस एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25(1), 25(6), 25(7), 25(1-बी), 26 और 35 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त राजदीप साव का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके विरुद्ध ठाकुरगांव थाना कांड संख्या 50/25, दिनांक 21.07.2025 के तहत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्त में राजदीप कुमार साव पिता रामेश्वर साव निवासी चमातु थाना बालूमाथ जिला लातेहार झारखंड, मुनिका कुमारी (उम्र करीब 20 वर्ष) पिता कार्तिक मुंडा निवासी हेन्देगीर थाना केरेडारी जिला हजारीबाग शामिल है। जप्त सामग्री में पुलिस कार्बाइन 01, देशी पिस्टल 02, जिंदा गोली 05, एके-47 राइफल के मैगजीन 04, एसएलआर राइफल के मैगजीन 05, मोबाइल फोन 06, मोटरसाइकिल 01 (नंबर जेएच 19डी7532 शामिल है। इस अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव पवन कुमार ने किया। उनके साथ पुलिस निरीक्षक ललित कुमार, गिद्दी थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, उरीमारी ओपी प्रभारी स्थु उरांव, केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार, तकनीकी शाखा एवं नक्सल शाखा हजारीबाग के पदाधिकारी तथा उरीमारी ओपी का सशस्त्र बल शामिल था। पुलिस की इस कार्रवाई से उरीमारी और आसपास के कोलियरी क्षेत्रों में दहशत फैलाने की बड़ी साजिश नाकाम हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों और कोलियरी प्रबंधन ने राहत की सांस ली है।

## देवघर नगर निगम चुनाव को लेकर आजसू की तैयारी तेज, बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति पर हुई विशेष बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवघर, झारखण्डः–** भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी देवघर नगर निगम चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों को मजबूत करने के उद्देश्य से बीते सोमवार आजसू देवघर इकाई द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक वार्ड नंबर 17 स्थित देवघर जिला कॉलेज मैदान में गया अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य के आवासीय कार्यालय में देवघर नगर कमेटी के साथ संयुक्त रूप से संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी बूथों पर बूथ लेवल एजेंट (BLA) की नियुक्ति सुनिश्चित करना था, ताकि मतदाता सूची से संबंधित कार्यों को सुचारू, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से किया जा सके। बैठक में देवघर नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी बूथों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा प्रत्येक बूथ पर जिम्मेदार, सक्रिय एवं संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को बूथ एजेंट के रूप में नियुक्त किया गया। इसके साथ ही देवघर प्रखंड के विभिन्न बूथों पर भी बूथ एजेंटों की नियुक्ति की गई।

इस अवसर पर सभी नवनियुक्त बूथ एजेंटों से विधिवत बी.एल.ए फॉर्म भरवाया गया और उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। बैठक में मतदाता सूची की शुद्धता, नए योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने, डुप्लीकेट प्रविष्टियों की पहचान तथा बूथ स्तर पर नियमित निगरानी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की मजबूती बूथ स्तर से ही होती है और बूथ एजेंट की भूमिका इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सभी नवनियुक्त एजेंटों से पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सजगता के साथ कार्य करने का आह्वान किया, ताकि आगामी नगर निगम चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वार्ड और बूथ स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिससे कार्यों की प्रगति पर निरंतर नजर रखी जा सके। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर देवघर नगर कमेटी के कई पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, बूथ स्तर के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हजारीबाग के 5 कराटेकारों ने ब्लैक बेल्ट परीक्षा में सफलता प्राप्त की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग/रांची, झारखंडः–** शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में दिनांक 18 जनवरी 2026 (रविवार) को ज़ेन कराटे केंद्र, रांची में ब्लैक बेल्ट परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में हजारीबाग स्थित मुकेश कराटे अकादमी के पाँच होनहार विद्यार्थियों ने भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्लैक बेल्ट परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। यह परीक्षा देश के वरिष्ठ कराटे प्रशिक्षक हंशी मानस सिन्हा के द्वारा ली गई। उनके कुशल मार्गदर्शन में परीक्षा पूरी तरह अनुशासन, तकनीकी दक्षता और उच्च मानकों के साथ संपन्न हुई। परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों में अमन गोस्वामी, शुभम, स्वर्णिका सिंघा, आलोक कुमार पांडेय एवं सद्भाव मोहंती शामिल हैं। इस अवसर पर मुकेश कराटे अकादमी के संचालक एवं मुख्य कराटे प्रशिक्षक सेन्सेई मुकेश दास ने जानकारी देते हुए बताया कि इन सभी विद्यार्थियों ने पिछले लगभग पाँच वर्षों से निरंतर कठिन परिश्रम, अनुशासन और पूर्ण समर्पण के साथ कराटे प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उनकी यह सफलता नियमित अभ्यास, तकनीकी कौशल और मानसिक दृढ़ता का परिणाम है। उन्होंने आगे बताया कि मुकेश कराटे अकादमी, गांधी मैदान, मातवारी (हजारीबाग) में स्थित है, जहाँ बच्चों एवं युवाओं को कराटे प्रशिक्षण के साथ-साथ आत्मरक्षा, अनुशासन, आत्मविश्वास तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। अकादमी का मुख्य उद्देश्य केवल खेल उपलब्धियाँ प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज को अनुशासित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी युवा प्रदान करना है। सेन्सेई मुकेश दास के कुशल एवं अनुशासित प्रशिक्षण में अकादमी के खिलाड़ी लगातार राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर न केवल हजारीबाग जिले बल्कि पूरे झारखंड राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उनके अथक परिश्रम, समर्पण और प्रभावशाली प्रशिक्षण पद्धति के कारण आज मुकेश कराटे अकादमी जिले की एक प्रतिष्ठित कराटे अकादमी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर सेन्सेई मुकेश दास ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा इस उपलब्धि में सहयोग देने वाले अभिभावकों और प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## लोहरदगा जिला में किस्को क्षेत्र को मिला खेल स्टेडियम का तोहफा, खिलाड़ियों में खुशी की लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लोहरदगा, झारखंडः–** लोहरदगा जिले में किस्को प्रखंड अंतर्गत पाखर पंचायत के तीसीया बाजार टांड़ के समीप स्थित मैदान में सोमवार को खेल स्टेडियम के निर्माण को लेकर शिलान्यास किया गया। दोपहर 12 बजे सांसद सुखदेव भगत ने विधिवत रूप से खेल स्टेडियम का शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों, खासकर युवाओं को एक बड़ी सौगात दी। सांसद सुखदेव भगत के इस पहल से किस्को क्षेत्र के खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। लंबे समय से क्षेत्र में एक बेहतर खेल मैदान एवं स्टेडियम की मांग की जा रही थी, जो अब साकार होने जा रही है। स्टेडियम के निर्माण से स्थानीय युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और प्रतिभाओं को उचित मंच प्राप्त होगा। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन और टीम भावना भी विकसित होती है। उन्होंने युवाओं से खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश प्रतिनिधि निसार अहमद, सांसद निजी सहायक आलोक कुमार साहू , जिला परिषद संदीप कुमार, लोहरदगा जिला युवा उपाध्यक्ष गुलाम जिलानी ,सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगू, किस्को प्रखंड सांसद प्रतिनिधि दयानंद उरांव,नावाडीह पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अब्दुल कुदूश, किस्को अल्पसंख्यक अध्यक्ष कांग्रेस असलम अंसारी, पंचायत समिति सदस्य वीरेन्द्र गुप्ता , युवा रिजवान अंसारी , और नारी गाँव निवाशी कर्मठ व सक्रिय समाज सेवी अकबर अंसारी , साहित अन्य सम्मानित ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे। सभी ने सांसद सुखदेव भगत का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को किस्को क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताया।

## धमकी व गालीगलौज को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा



**लालगंज, प्रतापगढ़।** फोन पर आरोपी द्वारा पीड़ित को गाली देने के मामले में लालगंज पुलिस ने केस दर्ज किया है। बाजार निवासी जय कौशल पुत्र विजय कुमार ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 30 दिसंबर को उसके घर के सामने उसके बेटे से कोतवाली के दीवानी वार्ड निवासी रवीन्द्र कुमार द्वारा साजिशन विवाद किया गया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी पर कार्रवाई नही हुई। इसी मामले को लेकर 17 जनवरी की रात कोतवाली के बेलहा निवासी शिकारी सिंह द्वारा उसे फोन करके धमकी व गालियां दी गयी। पीड़ित का कहना है कि वह इस घटना से डरा सहमा हुआ है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी शिकारी सिंह के खिलाफ गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है।

## भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू से रंजीत चंद्रवंशी ने की शिष्टाचार मुलाकात, संगठनात्मक मजबूती को लेकर हुई चर्चा

**●जमीनी कार्यकर्ताओं को नेतृत्व देकर भाजपा ने दिया मजबूत संदेश : रंजीत चंद्रवंशी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः–** भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी ने पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू से रांची स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर श्री चंद्रवंशी ने प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान संगठनात्मक मुद्दों, आगामी कार्यक्रमों तथा झारखंड में भाजपा को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा ने जमीनी स्तर पर लंबे समय से कार्य कर रहे समर्पित कार्यकर्ताओं को बड़े पद की जिम्मेदारी देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि पार्टी में मेहनत और निष्ठा का सम्मान होता है। उन्होंने कहा कि आदित्य साहू जैसे ऊर्जावान, संघर्षशील और संगठन के अनुभवी नेता के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी को नई दिशा और गति मिलेगी। श्री चंद्रवंशी ने विश्वास जताया कि आदित्य साहू के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश में संगठन को और अधिक मजबूत करेगी तथा जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्य करेंगे और आने वाले समय में भाजपा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, जिला महामंत्री सुनील मेहता, उमेश सिंह, ऋतुराज सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया।

## महेशपुर विधायक ने चकलाडांगा एवं उदयपुर के बीच नाला में पुलिया निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** महेशपुर विधानसभा विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी ने सोमवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चकलाडांगा एवं उदयपुर के बीच नाले में ग्रामीण कार्य विभाग (मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत) पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया। जिसकी प्रकालित राशि 278.196 लाख रुपए है । इस मौके पर विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी ने शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हम हमेशा विकास की राजनीति किए हैं और विकास की राजनीति कर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने हेतु उन मुद्दों को लगातार विधानसभा में उठा रहा हूं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बहुत सारी जटिल समस्याएं थी। परंतु हम अपने स्तर से बहुत सारी जटिल समस्याओं का समाधान किए हैं। बाकी बचे हुए समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मै पहली बार यहाँ आया था तो चुनाव प्रचार के दौरान इस जगह को देखा उसी समय मैंने यहाँ पुल बनाने का ठाना था आज वो सपना पुरा होने जा रहा है।इस पुल का निर्माण होने से इस क्षेत्र के सैकड़ों गांव सीधे प्रखंड मुख्यालय से जुड़ जाएगा। अब लोगों को आवागमन करने में काफी सुविधा होगी। वहीं विधायक ने पुल निर्माण कार्य से संबंधित संवेदक एवं अधिकारियों से कहा कि पुल निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुल निर्माण का कार्य हर - हाल में मानक अनुसार एवं समय-सीमा के अंदर पूर्ण हो जाना चाहिए। वहीं पुल निर्माण कार्य की शिलान्यास की खबर सुनकर आस-पास के लोगों की भीड़ शिलान्यास स्थल पर उमड़ पड़ी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, सचिव मैनुद्दीन अंसारी, उपाध्यक्ष अशोक भगत, जिला संगठन सचिव मुनीराम मरांडी, खुर्शीद अलम , दिनेश जायसवाल, रिफाइल मुर्मू, अख्तर आलम ,बिश्वाजीत दास, बिनोद भगत,बुलबुल शेख, बाबूरली मरांडी , एनोस मुर्मू, मजबूल शेख, बिश्वनाथ मुर्मू , प्रमोद भगत, मनोज भगत, दिनेश सोरेन समेत ग्राम प्रधान एवं सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## कर्नाटक में फंसे बरही के ग्रामीण मजदूरों को लेकर विधायक मनोज यादव का सख्त रुख, उपायुक्त को लिखा पत्र

**●प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप की मांग, श्रमायुक्त से मुलाकात कर मजदूरों की सुरक्षित वापसी का कराया भरोसा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः–** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कर्नाटक राज्य में कथित रूप से फंसे बरही प्रखंड के ग्रामीण मजदूरों के मामले को गंभीरता से लेते हुए हजारीबाग उपायुक्त को पत्र लिखा है। साथ ही उन्होंने दूरभाष के माध्यम से भी प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर स्थिति से अवगत कराया। विधायक ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करते हुए सभी मजदूरों को सुरक्षित झारखंड वापस लाने की मांग की है। विधायक मनोज यादव ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि बरही प्रखंड के कई ग्रामीण मजदूरों को एक बिचौलिया/ठेकेदार द्वारा गलत झांसा देकर कर्नाटक राज्य के एक स्थान पर मजदूरी कराने ले जाया गया है। वहां मजदूरों की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है और वे किसी भी हाल में अपने घर, बरही प्रखंड, लौटना चाहते हैं। विधायक ने आशंका जताई कि मजदूरों को उनकी इच्छा के विरुद्ध वहां रोके जाने की स्थिति उत्पन्न हो गई है।विधायक ने बताया कि मजदूर पूरज रविदास द्वारा लगातार अपनी लाइव लोकेशन भेजी जा रही है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सभी मजदूर वहां फंसे हुए हैं और सहायता की अपेक्षा कर रहे हैं।

उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कर्नाटक राज्य के संबंधित प्रशासन से समन्वय स्थापित कर सभी मजदूरों को सुरक्षित झारखंड वापस लाने की तत्काल व्यवस्था की जाए, ताकि वे अपने परिजनों से मिल सकें। इस पत्र की प्रतिलिपि माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार, माननीय मुख्यमंत्री कर्नाटक सरकार, झारखंड व कर्नाटक के डीजीपी, प्रधान सचिव झारखंड सरकार, श्रमायुक्त झारखंड सरकार एवं हजारीबाग के आरक्षी अधीक्षक को भी भेजी गई है, ताकि सभी स्तरों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। इधर, विधायक मनोज यादव ने जानकारी दी कि बरही प्रखंड के जो ग्रामीण मजदूर कर्नाटक में बिचौलिये के झांसे में फंस गए थे, उन्हें सकुशल ट्रेस कर लिया गया है। सूचना मिलते ही हजारीबाग प्रशासन को अवगत कराया गया, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए कर्नाटक सरकार के संबंधित उपायुक्त से संपर्क कर मजदूरों की सुरक्षित वापसी के लिए आग्रह किया गया। विधायक ने रांची स्थित श्रमायुक्त रविरंजन कुमार विक्रम के कार्यालय में जाकर उनसे मुलाकात भी की। श्रमायुक्त कार्यालय के लेबर माइग्रेंट सेल की मुस्तैदी और साझा प्रयासों से मजदूरों का पता लगा लिया गया है तथा संवेदक से लगातार संपर्क बनाया हुआ है। विधायक मनोज यादव ने कहा कि जब तक हर एक मजदूर सकुशल अपने घर नहीं लौट आता, वे व्यक्तिगत रूप से पूरे मामले की निगरानी करते रहेंगे। उन्होंने इस संकट की घड़ी में धैर्य बनाए रखने के लिए मजदूरों के परिजनों का धन्यवाद किया और भरोसा दिलाया कि बरही पुलिस प्रशासन मजदूरों के हितों की रक्षा हेतु हर आवश्यक कार्रवाई कर रहा है। इस पहल से मजदूरों के परिजनों में राहत की उम्मीद जगी है और प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक परिणाम की अपेक्षा की जा रही है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर भी मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय स्पोर्ट्स डेंटल समिट में हजारीबाग डेंटल कॉलेज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**●यह उपलब्धि संस्थान की सकारात्मक शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रमीय संस्कृति को दर्शाती है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः–** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल के छात्रों ने इंडियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय स्पोर्ट्स डेंटल समिट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया। यह आयोजन इंडियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा इंडियन एकेडमी ऑफ स्पोर्ट्स डेंटिस्ट्री एवं केआईआईटी यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर (ओडिशा) के सहयोग से संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित समिट में देशभर के डेंटल कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया। हजारीबाग डेंटल कॉलेज के छात्रों ने टी-20 फॉर्मेट लेदर बॉल क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं कैरम जैसे विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल टीम ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। कैरम प्रतियोगिता में शशांक ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया। बैडमिंटन में बिस्वजीत ने एकल में सेमीफाइनल तथा युगल में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचकर शानदार प्रदर्शन किया। टेबल टेनिस में अतुल ने क्वार्टरफाइनल तक अपनी जगह बनाई। वहीं डॉ. रघु ने टेबल टेनिस एकल में तृतीय स्थान, युगल में सेमीफाइनल तथा बैडमिंटन एकल एवं युगल दोनों में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचकर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। मौके पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं। छात्रों की यह उपलब्धि संस्थान की सकारात्मक शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रमीय संस्कृति को दर्शाती है। हमें अपने छात्रों पर गर्व है और भविष्य में भी उनसे इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन की अपेक्षा है।

## संक्षिप्त खबरें

### तालबेहट में अलग-अलग सड़क हादसों में आधा दर्जन घायल, झाँसी व जिला अस्पताल रेफर

**तालबेहट।** क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में कई लोग घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद झाँसी व जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पहली घटना हाईवे-44 पर रानी कोडर के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में शिशुपाल पुत्र कल्याण (उम्र 30 वर्ष), निवासी ससुआ बेदौरा बबीना, जिला झाँसी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके एक पैर में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से झाँसी रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना नारानपुरा के पास हुई, जहां बाइक पुलिया से टकरा गई। इस हादसे में आकाश पुत्र ब्रजलाल (उम्र करीब 28 वर्ष), निवासी सुनोरी घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें भी झाँसी रेफर किया गया। एक अन्य सड़क दुर्घटना में रामगोपाल पुत्र प्रताप भदोना घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं करीला निवासी राकेश पुत्र मोहन (35 वर्ष) और आशाराम कुशवाहा पुत्र मोहन (40 वर्ष) भी हादसे में घायल हुए हैं। दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया। इसके अलावा चंदापुर निवासी पीयूष पुत्र कमलेश (उम्र 16 वर्ष) भी सड़क हादसे में घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नाले में गिरी, दो सवार सुरक्षित



**महरौनी।** महरौनी से टीकमगढ़ की ओर तेज रफ्तार में जा रही एक कार ग्राम निवारी के समीप यूपी-एमपी बॉर्डर पर अंधे मोड़ के कारण अनियंत्रित होकर गहरे नाले में जा गिरी और पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना के तुरंत बाद आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने मौके पर पहुंचकर कार को सीधा किया और उसमें सवार दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। कार में सवार रिया साहू पुत्री पूरन लाल साहू, निवासी बानपुर रोड महरौनी तथा चालक भूपेंद्र कुमार सिंह, निवासी ग्राम मंगरोल, तहसील कालपी, जिला जालौन बताए गए हैं। दोनों सवार पूरी तरह सुरक्षित हैं, जबकि कार क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर महरौनी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और कार सवार युवक-युवती से पूछताछ कर आवश्यक अग्रिम कार्रवाई की। बताया गया कि दोनों हुंडई आई-20 कार (संख्या P 92 AK 0309) में सवार थे।

### सतौरा में राशन की दुकान निर्माण कराने की मांग



**ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को भेजा ज्ञापन**

**ललितपुर।** ब्लाक बिरधा की ग्राम पंचायत सतौरा में राशन की स्वीकृत दुकान को संचालित कराये जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में डीएम को अवगत कराया कि शासन द्वारा प्रत्येक गांव में राशन की दुकान का निर्माण कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत सतौरा में भी राशन की दुकान का निर्माण होना है, जिसमें ग्राम पंचायत सतौरा की आबादी 3 हजार के लगभग है और ग्राम पंचायत सतौरा में सम्मिलित ग्राम कोकटा की आबादी 500 लगभग है। सतौरा में दुकान का निर्माण नहीं कराया जा रहा है, जबकि कोकटा में लेखपाल द्वारा राशन की दुकान की नाप कर दी गयी है। ग्राम पंचायत सतौरा के लोगों ने जब लेखपाल से कहा तो उन्होंने कहा कि वह जहां चाहेंगे, वहां दुकान का निर्माण होगा। ग्रामीणों ने भविष्य की चिन्ता व्यक्त करते हुये लेखपाल के खिलाफ जांच कराये जाने और गांव में राशन की दुकान निर्माण कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय सूरत सिंह, नरेन्द्र सिंह, रबुन्दे, ग्राम प्रधान रामकली, सोनू, मनीराम, राजेन्द्र, कल्लो, नन्दकिशोर, कालूराम लखपति, मलू, दिनेश, नीरज, अवध, सुम्मन, जस्सू, धनसिंह, धीरेन्द्र, महेन्द्र, सुरेन्द्र, देवेन्द्र, सरमन, प्रकाश के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# सफाई कर्मियों की स्थाई भर्ती से स्वच्छता मिशन को मिलेगा बल : मंजीत करौसिया

**●2 लाख 42 हजार 300 स्थाई सफाई कर्मियों को भर्ती किये जाने की उठायी मांग**

**उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश की निकायों में 2 लाख 42 हजार 300 स्थाई सफाई कर्मियों को भर्ती किये जाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मंजीत करौसिया के नेतृत्व में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा गया है। प्रदेश में सफाई कर्मचारियों की इस मांग को ललितपुर से पहली बार उठाये जाने पर कर्मचारियों ने संघ पदाधिकारियों का आभार जताते हुये मुख्यमंत्री से स्थाई सफाई कर्मचारियों की भर्ती शीघ्र कराये जाने की मांग को पूरा किये जाने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मंजीत करौसिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश की नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों का क्षेत्रफल विगत वर्षों में तेजी से बढ़ा है। क्षेत्रफल बढने के कारण समस्त निकायों में कर्मचारियों की संख्या में पर्याप्त बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। जिस कारण प्रदेश की निकायों में तैनात समस्त सफाई कर्मचारियों पर अपने कार्य से अतिरिक्त भार/बोझ देखने को मिलता है। जिस कारण कर्मचारीं अपना मानसिक, आर्थिक व शारीरिक शोषण होना महसूस करते हैं। सफाई कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्य का भार/बोझ की वजह से ज्यादातर सफाई कर्मचारी अल्प आयु में ही बीमार व गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त होने की सम्भावनायें बनी रहती है। मुख्यमंत्री को आगे बताया कि प्रदेश की प्रत्येक नगर निगम मे दो-दो हजार, नगर पालिकाओं में पांच-पांच सौ एवं नगर पंचायतों में दो-दो सौ कुल पद संख्या दो लाख बियालीस हजार तीन सौ (242300) सफाई कमचारिओं की स्थायी भर्ती करने की आवश्यकता है। नये कर्मचारियों की भर्ती से कर्मचारियों पर पडने वाले अतिरिक्त कार्य का भार/बोझ कम होगा, साथ ही स्वच्छ भारत मिशन जैसे महत्वपूर्ण मिशन को सफल बनाने में भी कारगर साबित होगा एवं बाल्मीकि समाज जो आजादी के 79 साल बाद भी विकास की मुख्य धारा से वंचित है, उसकी सबसे बड़ी बजह बाल्मीकि समाज में बेरोजगारी है सफाई कर्मचारियों की भर्ती से बाल्मीकि समाज के बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। जिससे बाल्मीकि समाज को भी विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकें। उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री से जल्द ही उक्त पदों पर स्थाई सफाई कर्मचारियों की भर्ती किये जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया है। ज्ञापन देते समय उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष मंजीत करौसिया, अखिल भारतीय बाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय संगठन सचिव संजय करौसिया संजू कप्तान, नवल घावरी, जिलाध्यक्ष राजकुमार नाहर, जितेंद्र करौसिया, बृजेश नहारिया, अमित करौसिया, आकाश बाल्मीकि, रामू चौहान, वंश बाल्मीकि, राजबहादुर सिंह, छोटू बाल्मीकि, दीपक नाहार आदि प्रमुख्य रूप से शामिल रहे।

# मर्णिकर्णिका घाट की ऐतिहासिकता को मिटा रही सरकार : कांग्रेस

**●नगर कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, उठायी जांच की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** भारत की महान विभूति और देश की पहली महिला शिक्षिका मां अहिल्याबाई होल्कर के द्वारा दशकों पहले बनारस में जीर्णोद्धार कराये गये ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट को अचानक से ध्वस्त किये जाने का आरोप लगाते हुये प्रदेश भर में कांग्रेस आंदोलन कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को नगर कांग्रेस कमेटी ने अध्यक्ष रामनरेश दुबे के नेतृत्व में एक ज्ञापन भारत की महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित करते हुये जिला प्रशासन को सौंपा है। ज्ञापन में नगर कांग्रेस कमेटी ने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट को बीती 10 जनवरी 2026 को अचानक ध्वस्त करा दिया गया, जिसका जीर्णोद्धार वर्ष 1791 में माता अहिल्याबाई होलकरजी द्वारा करवाया गया था। यह स्थान माता अहिल्याबाईजी के लिए बहुत महत्व रखता था। यही नहीं यहां पर स्थापित माता अहिल्याबाई होलकरजी की पवित्र और ऐतिहासिक मूर्तियां भी ध्वस्तीकरण के पश्चात मणिकर्णिका घाट के मलवे में दबी पड़ी है। यह कार्यवाही उस स्थान के ऐतिहासिक महत्व को पूरी तरह अनदेखा करते हुए की गयी। कांग्रेसियों ने सरकार के इस शर्मनाक और अप्रतिष्ठित कार्य की कड़े शब्दों में निंदा की। इस सम्बन्ध में खासगी देवी अहिल्याबाई होलकर चैरिटिज ट्रस्ट इंदौर द्वारा भी अपना विरोध दर्ज कराया गया है, जिसकी प्रति संलग्न है। कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार द्वारा उक्त विरासत पर की गयी कार्यवाही के विरोध में जिला मुख्यालयों पर महामहिम राज्यपाल के नाम सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपे जाने का निर्णय लिया है। कांग्रेसियों ने इस लापरवाही की पूरी जांच कराकर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने, मणिकर्णिका घाट का पुनर्निर्माण, माता अहिल्याबाई होल्करजी की मूर्ति की स्थापना एवं घाटों के सौंदर्गीकरण का कार्य काशी के सम्मानित धर्माचार्यों एवं काशीवासियों के साथ विचार-विमर्श के उपरान्त ही कराये जाने की मांग उठायी गयी। ज्ञापन देते समय मनरेगा कॉर्डीनेटर जसपाल सिंह बंटी, नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे, अजय प्रताप सिंह तोमर, पंकज हुण्डैत, मु.आसिफ, पवन विश्वकर्मा, महेश चंद्र, नेहा तिवारी, प्रेमशंकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने दिया वैज्ञानिक सोच का परिचय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** पं विश्वनाथ शर्मा हिन्दु धर्मार्थ न्यास, झांसी द्वारा संचालित रानी लक्ष्मीबाई पब्लिक स्कूल ललितपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्रथम से आठ तक के छात्र-छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट वैज्ञानिक सोच एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाल वैज्ञानिकों ने अपनी रूचि के अनुसार अलग-अलग विषयों ( जिनमें भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, कंप्यूटर एव गणित) से संबंधित कार्यकारी एवं गैर कार्यकारी रोचक एवं आकर्षक माडल, प्रयोग एवं चार्ट तैयार किए। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ0 रीतेश कुमार खरे, उप प्राचार्य रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय ललितपुर ने फीता काट कर किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री राजेन्द्र सिंह एवं शैक्षिक समन्वयक श्री आर पी सिंह की अगुवाई में अतिथि महोदय ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए प्रयोगों, मॉडल एवं चार्टों का अवलोकन करते हुए उनसे अनेक प्रश्न किए एवं बाल वैज्ञानिकों की प्रतिभा को समझा। उन्होंने प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए प्रयोगों आदि की प्रशंसा की। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि महोदय ने विद्यालय प्रबंध तंत्र की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक जी ने मुख्य अतिथि महोदय को विद्यालय का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच एवं उनके अनुसंधानात्मक चिंतन व उनके बनाए गए मॉडलों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की । विद्यार्थियों का प्रदर्शन अति उत्तम एवं उनकी उम्र से कहीं बेहतर था। विज्ञान प्रदर्शनी के परिणाम निम्नवत रहे-कक्षा 1 से 3 प्राथमिक वर्ग में श्रीशा गुप्ता एवं अंशिका सिंह कक्षा 3 ब का इलेक्ट्रिसिटी जैनरेट-प्रथम स्थान पर रहा। दयांश जैन कक्षा 3 ब का अरावली हिल्स मॉडल द्वितीय तथा कक्षा 2ब के भार्गवी जैन, हनिष्का गुप्ता, अभिनव जैन, एवं सिद्धि का एयर पाल्यूशन तीसरे स्थान पर रहा। कक्षा 4 एवं 5 के प्रतिभागियों में गौरी मिश्रा एवं अदिति राजपूत कक्षा 5ब का सीस्मोंग्राफ प्रथ प्रथम, अग्रिमा तिवारी, परिधि झां एवं आराध्या सिंह का न्यूक्लियर पावर प्लांट द्वितीय एवं कनिष्का चौबे कक्षा 4अ का वेव सर्वर नेटवर्क तृतीय स्थान पर रहा। कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं में देव राजपूत, श्रेष्ठ झा एवं आदित्य सिंह कक्षा 8 अ पीजोइलेक्ट्रिक सेंसर विद वाई फाई प्रथम, अक्षांश सिंह, देवांश जैन, ध्रुव सिंघई एवं निवान जैन का डिजास्टर मैनेजमेंट द्वितीय एवं देवांश जैन, प्रतीक यादव तथा रूद्र शर्मा 8 अ का इवोल्यूशन ऑफ ट्रांसपोर्टेशन लिमिट ऑफ स्पीड तृतीय स्थान पर रहे। प्रदर्शनी में अभिभावकों के अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष ललितपुर श्रीमती सोनाली जैन एवं डॉ एस पी पाठक एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## शराब के नशे में गाली-गलौज से भड़का जमालपुर में विवाद

**●दलित उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में चार पर मुकदमा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमालपुर में रविवार शाम शराब के नशे में गाली-गलौज के दौरान दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ अनुसूचित जाति उत्पीड़न सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम जमालपुर निवासी राधा पत्नी नंदलाल ने बताया कि 18 जनवरी की शाम करीब छह बजे वह अपने पुत्र परमानंद और बहू नेहा के साथ घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान गांव के ही दीपेन्द्र सिंह, यादवेन्द्र सिंह, रीकेन्द्र सिंह और वीकेन्द्र सिंह पुत्रगण शत्रुघन सिंह, जाति ठाकुर, हाथों में लाठी-डंडा, कुल्हाड़ी और गैस सिलेंडर लेकर रंजिशन उनके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने घर में तोड़फोड़ करते हुए जाति-सूचक शब्दों से गाली-गलौज की और जान से मारने व घर में आग लगाने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपियों ने परमानंद और उनकी बहू नेहा के साथ लात-घूसों और लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच-बचाव करने पर श्रीमती राधा के साथ भी मारपीट की गई।

शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव कराया। आरोप है कि पुलिस को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट पहुंचाया, जहां से पुत्र की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल ललितपुर रेफर कर दिया गया।पीड़िता ने आरोपियों को दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति का बताते हुए परिवार की सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच सीओ तालबेहट को सौंपी गई है।

## आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम डुंगरिया में रहने वाले आशीष राजपूत पुत्र रामसेवक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका भाई महेन्द्र उसके गांव की आलोप पत्नी रतिराम सहरिया से प्रेम करता था। लगभग चार माह पहले आलोप ने अपनी बहन थाना जखौरा के ग्राम जैरवारा में राजो पत्नी स्व.खूबे उसके घर रहने लगी। अपनी बहन राजो की जमीन बटाई को लेकर गेंहू की खेती कर रही थी। 16 जनवरी को रात करीब 11 बजे महेन्द्र व उसका भाई अत्तू उर्फ अवतार पुत्र किशनलाल आलोप से मिलने आया और उसके भाई महेन्द्र को देखकर गालियां देते हुये मुंह पर चप्पल मार दी और बेइज्जत करते हुये उससे कर जाने की बात कही। अगले दिन उसके भाई ने आलोप व रतिराम द्वारा किये गये दुष्प्रेरण से आहत होकर जंगल में जाकर पेड़ से फांसी पर लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# ललितपुर में श्रीसत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का दिव्य आगमन

**●प्रेम, सेवा और मानव एकता के सार्वभौमिक संदेश का होगा प्रसार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** भगवान श्रीसत्य साई बाबा, जिन्हें दिव्य प्रेम का अवतार माना जाता है, के शाश्वत संदेश सबसे प्रेम करो, सबकी सेवा करो को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से श्रीसत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का जनपद ललितपुर में भव्य एवं दिव्य आगमन होने जा रहा है। यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन न होकर मानवता, करुणा, सद्भाव और निःस्वार्थ सेवा को समर्पित एक व्यापक आध्यात्मिक अभियान है। श्री सत्य साई सेवा समिति ललितपुर के जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि श्री सत्य साई बाबा ने अपने जीवन और उपदेशों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि प्रेम ही ईश्वर है और निःस्वार्थ सेवा ही उसकी सच्ची उपासना है। उन्होंने धर्म, जाति और पंथ से परे मानवता की एकता पर बल देते हुए कहा कि सभी धर्म एक ही सत्य की ओर ले जाते हैं। प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा इसी सार्वभौमिक दर्शन को मूर्त रूप देते हुए देशभर में हृदय से हृदय तक प्रेम की ज्योति प्रज्वलित कर रही है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह दिव्य रथ यात्रा 31 जनवरी 2026 (शनिवार) सायं 7 बजे नगर ललितपुर में प्रवेश करेगी। 01 फरवरी 2026 (रविवार) सुबह 9 बजे नगर ललितपुर में भव्य शोभायात्रा आयोजित की जाएगी। इसी दिन सायं 4 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा। 02 फरवरी 2026 (सोमवार) सुबह 9 बजे रथ यात्रा ललितपुर से मध्य प्रदेश के लिए प्रस्थान करेगी। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम अग्रवाल रेजीडेंसी, मां शारदा मंदिर के सामने, आजादपुरा, ललितपुर में आयोजित किया गया है। उन्होने कहा कि बाबा ने अपने जीवन में मानवता की एकता का संदेश दिया। श्रीसत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा भगवान श्री सत्य साई बाबा के उस सार्वभौमिक उद्घोष को जनमानस तक पहुँचाती है कि केवल एक ही जाति है वह है मानवता की जाति, केवल एक ही भाषा है जो है हृदय की भाषा, केवल एक ही धर्म है वह प्रेम का धर्म और केवल एक ही ईश्वर है जो सर्वव्यापी है। यह यात्रा समाज को निःस्वार्थ सेवा, करुणा एवं सामूहिक सद्भाव की दिशा में प्रेरित करेगी। श्रीश्रीवास्तव ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन श्री सत्य साई सेवा समिति, जनपद ललितपुर (उ.प्र.) द्वारा किया जा रहा है। समिति ने जनपद के समस्त नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस आध्यात्मिक अवसर में सहभागिता कर प्रेम, शांति और सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में सहभागी बनें। आज हुई प्लानिंग मीटिंग मे प्रमुख रूप से संजय श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, शरद खैरा, हाकिम सिंह, स्वामी अनुराग अमर, महेश चन्द्र पाल, डा.जगवीर सिंह, रमन शर्मा, बृषभान सिंह राजपूत, राहुल बाल्मीकि, अमित श्रीवास्तव, पुष्कलम पाठक, नवीन श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, पंकज तिवारी, महेन्द्र प्रसाद गुप्ता, राकेश नारायण भारद्वाज, रमेश श्रीवास्तव, प्रवेश कुमार, प्रदीप शर्मा, संजीव कुमार मिश्र, राकेश पटेल, विवेक नायक, सोम प्रकाश निगम, शान्ति मालवीय, शैलेन्द्र मलैया, रजत शर्मा, ब्रजेश कुमार सिंह, सोनू यादव, उदय श्रीवास्तव, वीर सिंह अहिरवार, अर्थव अस्थाना, अनिल कुमार रावत, ऋषि श्रीवास्तव, देव राजपूत आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मनरेगा इस देश की संजीवनी, मजदूरों के हकों की लड़ाई कांग्रेस लड़ती रहेगी : जसपाल सिंह बंटी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत बिरधा ब्लॉक के ग्राम धोबन खेरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने अध्यक्षता की तथा को जिला कोऑर्डिनेटर की मौजूदगी में चौपाल लगाई गई! मजदूरों को बताया गया कि यह सरकार मनरेगा अधिनियम में परिवर्तन कर रही है जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह की सरकार ने मजदूरों को काम मांगने का संवैधानिक अधिकार दिया था, अब बह छीन लिया गया है। गांव में प्रधान को पूरी ताकत दी गई थी कि वह अपने गांव में योजनाओं बनाकर मनरेगा का कार्य करें और जिससे गांव के मजदूरों को गांव में ही रोजगार मिले सके। कहा कि मनरेगा के अंतर्गत गांव के मजदूरों को 400 मजदूरी किए जाने की मांग उठाई। कांग्रेसी चाहती है कि मजदूरों की मजदूरी बढ़ाई जाए जिससे कि उनका भरण पोषण हो सके जहां एक तरफ महंगाई बढ़ रही है। वहीं दूसरी ओर मजदूरों की मजदूरी नहीं बढ़ रही है। जनपद का मजदूर बड़े शहरों की ओर पलायन कर रहा है, उसे गांव में कार्य नहीं मिल रहा है जब से यह सरकार आई है। तब से उन्होंने मनरेगा का कार्य में शिथिलता बरती है जिसके कारण मजदूरों को पलायन करना पड़ा हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व मल्लिकार्जुन खड़गे, यूपीए चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी, राष्ट्रीय महासचिव उ.प्र. प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं मनरेगा प्रभारी उ.प्र. वॉर रूम संजय दीक्षित ने यह मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान चला कर मजदूरों की हक की लड़ाई सड़कों पर लड़ी जा रही है। इस दौरान जिलाध्यक्ष डा.रजक ने कहा कि मनरेगा मजदूरों की जीवन रेखा है जो गांव-गांव में चलाई जाती है। और मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराती है जिस तरह गांधी जी ने ग्राम स्वराज की कल्पना की थी यह उसी का मूर्ति रूप है कि गांव में सभी मिलकर योजनाएं बनाते हैं और गांव में ही उसे लागू कर विकास की गंगा बहाती है। परंतु यह सरकार मजदूरों के हक पर डाका डाल रही है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व.मनमोहन सिंह ने मनरेगा अधिनियम बनाकर पूरे विश्व को एक संदेश दिया था कि भारत में मजदूरों को गारंटी के साथ काम दिया जाता है। परंतु सरकार ने यह सब छीन लिया है। इस दौरान राकेश रजक एड., पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा गांव की संजीवनी है उसे बदला नहीं जाना चाहिए जो संवैधानिक अधिकार कांग्रेस ने दिए थे। उसे लागू रहना चाहिए कांग्रेस ने रोजगार गारंटी और जवाबदेही भी तय की थी परंतु यह सरकार मजदूरों से सब कुछ जीना चाहती है। उनका शोषण करना चाहती है जहां एक तरफ इतनी महंगाई है वहीं दूसरी तरफ मजदूरों का काम छीनने का कार्य किया जा रहा है। कांग्रेस गांव गांव चौपाल लगाकर मजदूरों को जागृत करेगी। इस दौरान मोहन सिंह, अमरचंद आर्य, बलवंत सिंह राजपूत, नगराध्यक्ष पं.रामनरेश दुबे ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, ब्लॉक अध्यक्ष विरधा हीरालाल सेन, ब्लॉक अध्यक्ष बार सुशील रजक, डा.खेमचंद वर्मा, मुकेश रजक, उपदेश सेन उपस्थित रहे। आभार कार्यक्रम प्रभारी दिनेश रजक ने जताया।

# एसआईआर में बीएलओ व सुपरवाईजरों को आ रही समस्याओं के समाधान हेतु आयोजित हुई कार्यशाला

**●एएसडी मैपिंग के दौरान डुप्लीकेट, शिफ्टिड व मृतक मतदाताओं के सम्बंध में उनके फार्मों पर स्पष्ट कारण अंकित करने के दिये निर्देश**

**फार्म 6, 7 व 8 को भरने के सम्बंध में पीपीटी के माध्यम से दी गई बारीक जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशानुसार सोमवार को विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत बीएलओ व सुपरवाईजरों को आ रही समस्याओं के समाधान हेतु वृहद कार्यशाला का आयोजन कल्याण सिंह सभागार में किया गया। इस दौरान विधानसभा ललितपुर व महरौनी के समस्त बीएलओ व सुपरवाईजरों ने प्रतिभाग किया। यहां पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने एसआईआर के अंतर्गत एएसडी मतदाताओं की मैपिंग में आ रही समस्याओं के समाधान पर विस्तृत जानकारी दी। इसके फार्म 6, 7 व 8 के सम्बंध में बिंदुवार फार्म भरने की प्रक्रिया को पीपीटी के माध्यम से समझाया गया। बताया गया कि जो मतदाता एसआईआर के प्रथम चरण में छूट गए हैं, उनकी मैपिंग के लिए गांव-गांव में अभियान चल रहा है, जिसमें ऐसे पात्र मतदाताओं का फार्म 6 भरवाया जा रहा है। इस सम्बंध में निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी वैद्य मतदाता छूटने न पाये, इसके लिए शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर अभियान चलाकर भ्रान्तियों को दूर किया जाए। इसके साथ ही नौ मैपिंग मतदाताओं को नोटिस प्राप्त कराकर मौके पर ही उनसे सम्बंधित दस्तावेज प्राप्त करें और उनका फार्म भरवाएं, मतदाताओं को ऐसा नहीं लगना चाहिए कि इस कार्यवाही से उन्हें किसी भी प्रकार की जानी होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि एएसडी मैपिंग के दौरान डुप्लीकेट, शिफ्टिड व मृतक मतदाताओं के सम्बंध में उनके फार्मों पर स्पष्ट कारण लिखा जाए, ताकि मैपिंग व फीडिंग के दौरान कोई समस्या न आए। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर महेन्द्र कुमार ने सभी बीएलओ व सुपरवाईजरों को फार्म 6, 7 व 8 को भरने की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी, नो मैपिंग मतदाताओं को नोटिस दिये जाने, गणना प्रपत्रों में फोटो अपलोड की स्थिति एवं गणना प्रपत्र भरने सम्बंधी जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान बीएलओ व सुपरवाईजरों के प्रश्नों के उत्तर भी दिये गए। साथ ही एसआईआर के दौरान दिवंगत बीएलओ के लिए 2 मिनट तक मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान एडीएम नमामि गंगे, एसडीएम सदर मनीष कुमार, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, तहसीलदार सदर व दोनो विधानसभाओं के बीएलओ एवं सुपरवाईजर उपस्थित रहे। संचालन राहुल जैन व शिवानी सक्सेना ने किया।

# तालबेहट में जल्द चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान, प्रशासन ने दी सख्त चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** नगर पंचायत क्षेत्र में लगातार बढ़ते अतिक्रमण को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। नगर के मुख्य मार्गों और बाजारों में अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन रही है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी को देखते हुए नगर पंचायत और प्रशासन की ओर से जल्द ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है। अधिशाषी अधिकारी/उप जिलाधिकारी अभिजीत सिंह और क्षेत्राधिकारी रक्षपाल सिंह ने नगर के प्रमुख मार्गों पर ध्वनि प्रसारण यंत्र के माध्यम से अतिक्रमणकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी। उन्होंने दुकानदारों और ठेले वालों से कहा कि नालियों पर किए गए अवैध कब्जे तत्काल हटाएं और दुकानों की निर्धारित सीमा से बाहर टीन शेड, काउंटर या सामान न रखें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण के कारण आवागमन बाधित हो रहा है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि नगर के मुख्य मार्ग पूरा कलां तिराहे से रानीपुर मार्ग तक कई स्थानों पर नालियों पर अतिक्रमण कर लिया गया है। इसके अलावा अनेक दुकानदारों द्वारा दुकान का सामान सड़क पर रखे जाने से सड़क संकरी हो गई है, जिससे वाहनों और पैदल राहगीरों को भारी दिक्कतें हो रही हैं। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ने कहा कि पहले चरण में सभी अतिक्रमणकारियों को स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने का मौका दिया जा रहा है। इसके बाद भी यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो नगर पंचायत और पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा सख्त अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने व्यापारियों और नागरिकों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में सहयोग करें, ताकि आमजन को जाम और अव्यवस्था से राहत मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### सर्विलांस टीम ने गुम हुए 75 मोबाइल उनके मालिकों को वापस दिलाए



**कानपुर।** कमिश्नरेट कानपुर के दक्षिण जोन की सर्विलांस की टीम ने खोए/ गुम हुए 75 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिक को सौंप दिए हैं। इन मोबाइल फोन की कीमत लगभग 22 लाख 32 हजार 700 रुपए है। इसकी जानकारी देते हुए दक्षिण जोन के पुलिस उपायुक्त दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि इन मोबाइल को कानपुर के अतिरिक्त अन्य जनपदों व अन्य कई राज्यों से बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि सर्विलांस की टीम ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है इसके लिए इस टीम को 25000 रुपए का इनाम दिया गया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि पुलिस को लोगों के कई प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे कि उनके मोबाइल गुम हो गए या गिर गए हैं। इन प्रार्थना पत्रों पर सर्विलांस की टीम ने बहुत ही अच्छा काम किया जो मोबाइल जहां थे उनको वहां से बरामद किया और उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया है।

### महिला ने जिलाधिकारी से जमीन क़ब्ज़े की शिकायत की



**कानपुर।** कानपुर के बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के टीका पुरवा खंड बैडी अलीपुर गांव की एक महिला ने अपनी जमीन पर जबरन कब्जा करने की शिकायत की है , महिला ने इस संबंध में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह से न्याय की गुहार लगाई है, गीता देवी पत्नी गुलाम ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के ही पिता पुत्र ने मिलकर उनकी जमीन पर घूरा डाल दिया है उन्होंने खूंटा गाड़ कर भी जमीन पर कब्जा कर लिया है, महिला के अनुसार जब उन्होंने इस अवैध कब्जे का विरोध किया,, तो कथित तौर पर आरोपियों ने उनके साथ झगड़ा और मारपीट की, इस घटना के बाद गीता ने जिला धिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह को एक शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा, जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मामले की गहन जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

### गुप्त नवरात्र,नौ दिनों की कठोर साधना से मां कात्यायनी शीघ्र होती है प्रसन्न



**घाटमपुर।** गुप्त नवरात्र में गुप्त रूप से मां कात्यायनी की पूजा पाठ आराधना करने से समस्त सिद्धियां प्राप्त होती है,मैहर के ज्योतिषाचार्य पंडित मोहन लाल दुबे ने बताया कि महावीर पंचांग के अनुसार माघी गुप्त नवरात्र माघ मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा 18जनवरी रविवार की मध्यरात्रि 1,08 बजें से शुरू होगी,जो सोमवार की मध्यरात्रि 1,59 बजें तक रहेंगी, इसलिए उदयातिथि के अनुसार 19 जनवरी सोमवार से 27जनवरी 2026दिन मंगलवार तक पूरे नव दिनों की होंगी,इस पक्ष में चतुर्दशी तिथि का क्षय हो जानें से यह 14 दिनों का है हिंदू धर्म में नवरात्रि मां दुर्गा की साधना के लिए विशेष महत्त्व पूर्ण माने जाते हैं।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम जामुनधाना में रहने वाले दीपक अहिरवार पुत्र पूरन अहिरवार ने पुलिस को अवगत कराया कि 12 जनवरी को शाम करीब 4 बजे उसकी पत्नी सुनीता, मां रामबेटी पत्नी पूरन, बहन सरोज अपने घर के बाहर बैठी हुयी थी। तभी उसके परिवार के कृपाल पुत्र ग्यासी अहिरवार बिना किसी बात के आये और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। जिसका मेडीकल परीक्षण 12 जनवरी को हो चुका है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# मणिकर्णिका घाट ध्वस्तीकरण के विरोध में कांग्रेस का ज्ञापन, राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** वाराणसी के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के मणिकर्णिका घाट को 10 जनवरी 2026 को ध्वस्त किए जाने के विरोध में सोमवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में सैकड़ो पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी प्रतापगढ़ के माध्यम से महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश को ज्ञापन प्रेषित किया।इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी ने कहा कि मणिकर्णिका घाट का ध्वस्तीकरण काशी की हजारों वर्षों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक परंपराओं पर सीधा आघात है। यह घाट लोकमाता माता अहिल्याबाई होलकर जी द्वारा निर्मित कराया गया था, जिनकी मूर्तियों का मलबे में दब जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। कांग्रेस पार्टी इस असंवेदनशील कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करती है और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करती है।

इसके पश्चात कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल एवम जिला उपाध्यक्ष विजय शंकर त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा ऐतिहासिक धरोहरों को बिना जनसंवाद और विशेषज्ञों की राय के नष्ट किया जा रहा है। यह केवल एक घाट नहीं बल्कि देश की सांस्कृतिक विरासत पर हमला है। कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी और सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

एसआईआर प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष रामशिरोमणि वर्मा एवं मनरेगा बचाओ संग्राम प्रभारी रवि भूषण सिन्हा ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार एक ओर गरीबों से रोजगार छीन रही है और दूसरी ओर देश की ऐतिहासिक धरोहरों को मिटाने का काम कर रही है। जनता की भावनाओं से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कांग्रेस पार्टी जनता के साथ खड़ी है।कांग्रेस नेताओं ने मांग किया कि मणिकर्णिका घाट का शीघ्र पुनर्निर्माण कराया जाए, माता अहिल्याबाई होलकर जी की मूर्ति की पुनः स्थापना की जाए तथा भविष्य में किसी भी पुनर्विकास कार्य से पूर्व धर्माचार्यों, इतिहासकारों एवं स्थानीय नागरिकों से अनिवार्य विमर्श किया जाए। इस मौके पर कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, जिला प्रवक्ता मासूम हैदर,कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी, इन्द्रानंद तिवारी, राम लवट यादव, विवेक त्रिपाठी, सुरेश कुमार मिश्र, अशोक सिंह, सुरेश कुमार सरोज, राजेन्द्र वर्मा, शुभम मिश्र, रियाज अहमद, चन्द्रनाथ शुक्ल, मो.वसीम, राकेश कुमार गौतम, रविंद्र मिश्रा, राम कुमार पटेल, राम लखन यादव,अश्वनी उपाध्याय, आशिक अली, मोहम्मद असलम मोहम्मद कासिम, रियाज सुल्तान, अरबाज आलम, सहजाद सलमानी, मो.दिलशाद, शिवांशु भट्ट बैजनाथ यादव, रामधन यादव, ओमप्रकाश सरोज, मोहम्मद इदरीश,शुभम शुक्ल,की अब्दुल रहमान,नूर आलम इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### ज्ञानप्रकाश को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चयनित किये जाने पर जतायी गयी खुशी



**प्रतापगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में लालगंज क्षेत्र के पत्रकार ज्ञानप्रकाश शुक्ल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा पत्रकार चंद्रशेखर तिवारी को मण्डल अध्यक्ष चयनित किये जाने पर यहां प्रसन्नता जतायी गयी है। महासंघ की घोषित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में इस बार ज्ञानप्रकाश शुक्ल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। वह महासंघ के पत्रकार उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी भी हैं। इधर निवर्तमान जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी को प्रोन्नत कर प्रयागराज मण्डल में महासंघ के अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है। सोमवार को जिले के पत्रकार ज्ञानप्रकाश शुक्ल को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष चयनित किये जाने की जानकारी मिलने पर स्थानीय पत्रकारों व प्रबुद्धजनों ने प्रसन्नता जतायी है। चयन के लिए महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक भगवान प्रसाद उपाध्याय व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र तथा राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया के प्रति महासंघ की लालगंज तहसील इकाई के पदाधिकारियों ने आभार भी जताया है।

## 'वैज्ञानिक सोच और नवाचार' - सफलता की कुंजी - डॉ आशुतोष मिश्रा




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** दिल्ली में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी 2026 में डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। सीनियर श्रेणी में प्रस्तुत परियोजना एसडब्ल्यू आईएमएस(स्मार्ट इंटीग्रेटेड वॉटर मॉनिटरिंग एंड कंज़र्वेशन सिस्टम) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब प्राप्त किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने विद्यार्थियों अभिनय उइके (कक्षा IX) एवं कृष्णा सचान (कक्षा XI) को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा, 'यह सफलता विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, नवाचार की प्रवृत्ति और निरंतर परिश्रम का प्रतिफल है। इस अवसर पर चेयरमैन एवं सीईओ, एनयूपीपीएल एस. दुरई कुमार, स्कूल मैनेजर आनंद स्वरूप सारस्वत, एलएमसी सदस्य एवं सीएफओ, अशोक कुमार माली तथा डीजीएम (एचआर), कौशिक भर ने विद्यार्थियों की इस सफलता को विद्यालय, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए गर्व का विषय बताया। उन्होंने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, नवाचार और कठिन परिश्रम की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि को लेकर हर्ष और उत्साह का माहौल है।

## पुलिस मुठभेड़ में गौकशी का आरोपी घायल, लोगों में भारी आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** गांव से चार गायों को चोरी करके तीन गायों की गौकशी करने के लिए आरोपी ले चला, किंतु एक गाय ने भागकर जान बचाई।गौकशी की घटना से गांव में आक्रोश पनप उठा था।पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए गौकशी आरोपी को मुठभेड़ मे लंगड़ा कर डाला। देल्हुपुर थाना अंतर्गत चौकी छितपालगढ़ क्षेत्र बरसांडा गांव से अज्ञात व्यक्तियों ने गायों को चोरी करके नदी किनारे ले जाकर तीन गायों को काटा था और एक गाय बचकर भाग गई थी। गायों के कटे अवशेष देखकर ग्रामीणों में आक्रोश पनप उठा।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्राप्त तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई। गौकशी करने वाले की तलाश के लिए तीन टीम गठित की गई।टीम-1 मे प्रभारी निरीक्षक राधे बाबू मय हमराह एसआई ध्रुव सिंह मार्कण्डेय सिंह यादव और टीम-2 मे एसआई रमेश तिवारी राधेश्याम यादव वीरेन्द्र कुमार अतुल यादव व टीम-3 में एसआई अमित कुमार चौरसिया दिनेश सिंह आदि ने मुखबिर खास की सूचना पर छितपालगढ़ नहर होकर बरसांडा जाने वाले मार्ग पर जंगल झाड़ियों मे तलाश के दौरान बदमाश ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की जिसमें शातिर बदमाश नौशाद कुरैशी पुत्र वकील अहमद निवासी मोहल्ला मौलाना कस्बा मऊआइमा थाना मऊआइमा प्रयागराज के दाहिने पैर मे गोली लग गई और दूसरा बदमाश भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर भाग गया। घायल बदमाश नौशाद कुरैशी पुलिस के कंधों के सहारे अस्पताल पहुंचा जहां उसकी पट्टी मरहम के बाद इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। नौशाद के कब्जे से एक तमंचा 2 खोखा 2 जिंदा कारतूस एक मोटर साइकिल पल्सर बरामद कर दर्ज मुकदमा में सुसंगत धारा बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया है।बता दें कि उक्त बदमाशों का गौकशी कर मांस बेचना पेशा है।

### चोरी की घटना का हुआ खुलासा, बाल अपचारी धराये

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने पीड़ित के घर चोरों द्वारा एक लाख नकदी समेत जेवरात चोरी को लेकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए दो बाल अपचारियों को हिरासत में लिया है। थाना क्षेत्र के मुबारकपुर राजापुर निवासी केशवराम पुत्र छोटेलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह रोजीरोटी के सिलसिले मे लखनऊ रहता है। बीती अठारह जनवरी की रात अज्ञात बदमाश उसके घर में दीवार तोड़कर घुस गये। बदमाशों ने घर में रखा एक लाख नकद तथा सोने चांदी के जेवरात उड़ा लिये। पीड़ित को गांव के हीरालाल पुत्र दुखी व अन्य लोगों ने घटना की सूचना दी। वह घर आया तब चोरी की वारदात देखकर आवाक रह गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। वहीं उदयपुर पुलिस ने घटना का अनावरण करते हुए दो बाल अपचारियों को हिरासत में लिया है। पुलिस का दावा है कि इन आरोपियो के पास से चोरी गया कंगन, कान की बाली, अंगूठी, आधा दर्जन टप व दो हजार सात सौ पचासी रूपये नकद बरामद करने में सफलता मिली है। थाने के दरोगा संजय यादव सोमवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के राजापुर कोट मोड़ के पास आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया।

### सिद्धार्थनगर में अधेड़ व्यक्ति का नाला के पास मिला शव, शरीर पर डेढ़ दर्जन से अधिक चाकू से गोदने का निशान, केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** जिले के उसका थाना के खजुरडांड पुल की ओर जाने वाले मार्ग के किनारे नाला के पास रविवार देर रात एक अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शरीर पर चाकू से गोदने के लगभग डेढ़ दर्जन निशान पाए गए। मृतक की पहचान तालभिरौना गांव निवासी चंद्रबली (50 वर्ष) पुत्र वासुदेव के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई, हत्या की आशंका जताई जाने लगी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक चंद्रबली रविवार शाम को घर से बाहर निकला था। देर रात जब घर में खाना तैयार हुआ तो उसकी पत्नी ने उसे फोन किया। फोन पर चंद्रबली ने जल्द घर लौटने की बात कही, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं आया। काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिजन चिंतित हो गए और उनकी तलाश शुरू की।

रात में खोजबीन के दौरान सड़क किनारे नाले के पास चंद्रबली का शव मिला। इसे देखकर परिजन चीख पुकार करने लगे और पत्नी शव देखकर दहाड़े मारकर रोने लगी। घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही उसका थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर फोरेंसिक जांच भी कराई गई, इस मामले में प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने तहरीर दी है। अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।और मामले की जांच की जा रही है।

### घर लौट रही महिला से मारपीट, दोनों पक्षों से मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना सौजना के ग्राम बारौन में रहने वाली रामप्यारी पत्नी ऊदल अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते रविवार 18 जनवरी को सुबह 8:30 बजे वह घर वापस आ रही थी। तभी रास्ते में गांव के रमसू पुत्र लन्जुवा अहिरवार ने उसे गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। बचाव करने आयी बहू आरती पत्नी रवि अहिरवार के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिसने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से चन्द्रवती पत्नी रामस्वरूप अहिरवार ने पुलिस को बताया कि रविवार को उसके दरबाजे के सामने गांव की रामप्यारी पत्नी ऊदल अहिरवार, हज्जू व रवि पुत्र ऊदल ने एकराय होकर गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### नेशनल हाइवे पर जाम को लेकर पुलिस ने कसा शिकंजा, केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुलिस द्वारा मारपीट की घटना में केस दर्ज होने पर ग्रामीणों द्वारा लालगंज कोतवाली गेट का घेराव करने को लेकर पुलिस ने शिकंजा कसा है। थाने के दरोगा ज्ञानचंद्र तिवारी की तहरीर पर करीब पन्द्रह बीस अज्ञात पुरूष व महिलाओं के खिलाफ सड़क जाम को लेकर केस दर्ज हुआ है। दरोगा ने तहरीर में कहा है कि वह सत्रह जनवरी को बाजार में फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। तभी सूचना मिली कि पन्द्रह से बीस पुरूष व महिलाएं कोतवाली गेट के सामने नेशनल हाइवे पर जाम लगाकर नारेबाजी कर रहे हैं। मौके पर पहुंची फोर्स ने नाराज ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया तो यह लोग गालीगलौज पर उतर आये। दरोगा की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। बतादें लालगंज थाने के दौलतपुर अमांवा में दो पक्षों में मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इससे नाराज ग्रामीणों ने कोतवाली गेट के सामने हंगामा खड़ा किया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि सड़क बाधित करने को लेकर आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## सारथी भवन में मेडिकल कैम्प लगाकर किया गया चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर ।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा माह (दिनांक1.1.2026 से दिनांक 31.01.2026 तक) जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके क्रम में आज दिनांक 19.01.2026 को कार्यालय सम्भागीय परिवहन अधिकारी, कानपुर के सारथी भवन में प्रातः 11:00 बजे से एक मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें उजाला सिनेस नोबल हॉस्पिटल द्वारा मेडिकल कैम्प लगाया गया । सर्वप्रथम जनपद कानपुर नगर के कुल 593 चालकों का स्वास्थ शिविर में परीक्षण किया गया। जिसमें 75 चालकों की दृष्टि कमजोर पायी गयी, 307 लोगों में बी.पी. की समस्या एवं लगभग 81 लोगों में शुगर की समस्या पायी गयी । जिन्हें उपचार हेतु निःशुल्क दवा का विवरण भी किया गया । इस प्रकार आज के इस मेडिकल कैम्प में प्रो0 डा0 रवि गर्ग, एवं अन्य मेडिकल कैम्प के चिकित्सकों /साहयकों द्वारा जांच की गयी साथ ही परिवहन विभाग के सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), कानपुर, राहुल श्रीवास्तव, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), कहकशां खातून, एवं आकांक्षा पटेल, संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक), कानपुर नगर उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहें । इसके अतिरिक्त जनपद में प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा आज दिनांक 19.01.2026 को 'अनफिट स्कूली वाहनों के विरूद्ध विशेष अभियान' चलाया गया। जनपद के समस्त प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा अनफिट स्कूली वाहनों के संबंध में सम्बन्धित स्कूल जाकर स्कूली वाहनों का निरीक्षण कर उन्हें नियमानुसार सुधार के निर्देश दिए गए।

## सड़क हादसों में घायल को मिलेगा गोल्डन आवर में कैशलेस इलाज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** सड़क हादसों में घायलों की जान बचाने के लिए भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कैशलेस ट्रीटमेंट ऑफ रोड एक्सीडेंट विक्टिम' को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस लाइन के सभागार में जनपद के सभी थानों के उप-निरीक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें सड़क हादसा पीड़ितों को गोल्डन आवर में कैशलेस इलाज देने के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि टीएमएस और ई-डार पोर्टल के जरिए मिलने वाली इस सुविधा में सात दिन तक 1.5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज किया जाएगा। इससे घायलों की रुपये के अभाव में जाने वाली जान बचाई जा सकेगी। एनआईसी कार्यालय के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अनिल कुमार के निर्देशन में रोल आउट मैनेजर ओम प्रकाश गुप्ता ने समस्त उपस्थित थाना उप-निरीक्षकों को प्रशिक्षण दिया एवं बताया कि सड़क दुर्घटना के बाद टीएमएस और ई-डार पोर्टल के जरिए होगी पूरी प्रक्रिया जिसमे अस्पताल पहुंचने पर पीड़ित को तुरंत भर्ती कर टीएमएस पोर्टल पर उसकी पेशेंट आईडी बनाई जाती है, जिसकी सूचना संबंधित थाना प्रभारी की ई-डार आईडी पर जाती है। इसके बाद पुलिस अधिकारी दुर्घटना की जांच कर 24 घंटे के भीतर एक्सीडेंट आईडी (विक्टिम आईडी) जनरेट कर अस्पताल को अप्रूवल देता है, जिससे केस योजना में शामिल हो जाता है। अत्यंत गंभीर मामलों में सत्यापन के लिए 48 घंटे का समय निर्धारित है। योजना के तहत दुर्घटना के बाद पहले 60 मिनट यानी 'गोल्डन आवर' में बिना किसी भुगतान के इलाज सुनिश्चित किया जाता है। प्रत्येक पीड़ित को प्रति दुर्घटना अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज सात दिनों तक मिलता है।

### अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर वकीलों ने की नारेबाजी, हुआ विरोध प्रदर्शन

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर सोमवार को आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के बैनरतले अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा सुल्तानपुर पहुंची। एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश की अगुवाई में पहुंची सुरक्षा यात्रा का स्थानीय वकीलों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। संसद के बजट सत्र में केंद्र सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को पारित कराए जाने की मांग को लेकर वकीलों ने हुंकार भरी। राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि विभिन्न जनपदों में इस समय अधिवक्ताओं पर लगातार हमले बढ़ रहे हैं। उन्होने कहा कि सरकार संसद के बजट सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को पारित कराये वरना उनका एसोसिएशन संसद का घेराव करेगा। आम सभा की अध्यक्षता सुल्तानपुर बार एसोसिएसन के पूर्व उपाध्यक्ष बिलाल अहमद ने किया। इस मौके पर अधिवक्ता रवीन्द्र मिश्र, सिराज अहमद, अंकुर वर्मा, प्रणव प्रकाश मिश्रा, कामतानाथ पाण्डेय, आईपी मिश्रा, जनार्दन प्रसाद तिवारी, सियाराम तिवारी, समाजसेवी सत्य नारायण दुबे, पंकज शुक्ला आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत ट्रेफिक पुलिस ने की ताबड़-तोड़ कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कमिश्नरेट कानपुर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज ताबड़तोड़ प्रवर्तन की कार्रवाई की गई। सागर हाइवे (NH-34) पर टीआई राजकुमार मिश्रा द्वारा अनुमन्य क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर ऑटो संचालित करने वाले ऑटो चालकों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्रवाई की गई साथ ही औंधा, ओरियारा, रमईपुर, विधनू, सम्भुआ, पतारा, तक नो पार्किंग में खड़े वाहनों को हटवाया गया। कोहरे / शीतलहर से प्रभावित दृश्यता आदि के दृष्टिगत भारी वाहनों को रोड पर/ रोड किनारे वाहन पार्क न करने हेतु सचेत करते हुए 60 वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही भी की गई । इसी तरह टीआई पूर्वी जोन (प्रथम) राजेश कुमार मिश्रा द्वारा रामादेवी चौराहा पर अनाधिकृत रूप से सड़क पर खड़े वाहनों को हटवाया गया एवं 30 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई ।

टीआई पश्चिन जोन हरिकेश आर्या द्वारा भौति हाईवे पर अनाधिकृत रूप से सड़क पर खड़े भारी वाहनों को हटवाया गया एवं वैधानिक कार्यवाही की गई। टी.एस.आई. सत्येंद्र पाल सिंह द्वारा विकासखंड सभागार सरसौल में आयोजित यातायात गोष्ठी में उपस्थित आमजनमानस को यातायात नियमों, हेलमेट/सीट बेल्ट के प्रयोग, ओवरस्पीडिंग से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्य योजना के तहत एनएच-34 पर 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 03 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

## जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी ने किया एस आईआर मतदाता सूची का गहन निरीक्षण

### ● लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची आवश्यक : सुरेश पासी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जगदीशपुर/अमेठी।** विधानसभा क्षेत्र 184 जगदीशपुर के अंतर्गत मंडल बाजार शुक्ल स्थित ग्राम पंचायत ऊँचगांव में विधायक सुरेश पासी ने Special Intensive Revision (SIR) कार्यक्रम के तहत बूथ संख्या 76, 77, 78 एवं 79 का भ्रमण कर मतदाता सूची का विस्तारपूर्वक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित बीएलओ रविन्द्र कुमारी, कमलेश कुमारी, आशा कुमारी एवं बिमला की उपस्थिति में बूथ अध्यक्ष संतोष मिश्रा, रामकिशोर, छोटेलाल एवं सूर्य बक्स पाण्डेय के साथ मतदाता सूचियों की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की गई। विधायक सुरेश पासी ने निर्देश दिया कि सभी पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सही एवं पूर्ण रूप से दर्ज हों। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी प्रकार की त्रुटि, दोहराव अथवा अपात्र प्रविष्टि सूची में न रहे तथा नए पात्र मतदाताओं के नाम नियमानुसार जोड़े जाएं।

उन्होंने बीएलओ एवं बूथ अध्यक्षों को घर-घर संपर्क अभियान तेज करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक नागरिकों को मतदाता सूची सत्यापन की प्रक्रिया से जोड़ा जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित न रह जाए।इस अवसर पर विधायक सुरेश पासी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना हम सभी की जिम्मेदारी है। शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची ही मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला है।निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान चुनावी प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी, निष्पक्ष एवं जनविश्वासयुक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य भी मौजूद रहे।

## 8 साल से विद्यालय के छात्र पढ़ाई नहीं कर पाए, उस विषय की,जिसके लिए अनुदेशक की नियुक्ति की गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के बर्डपुर ब्लाक अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय काशीपुर के अनुदेशक मधुकर मंजुल की संबद्धता समाप्त न होने पर अनुदेशकों में आक्रोश व्याप्त। बीएसए कार्यालय में संबद्ध रहे मधुकर मंजुल को हाल ही में वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय में भेज दिया गया है जबकि अन्य अनुदेशकों का संबद्धता समाप्त किया जा चुका है। सूची में शामिल कई अनुदेशकों की संबद्धता समाप्त कर उन्हें विद्यालय भेज दिया गया है, लेकिन मधुकर मंजुल को लगभग आठ वर्ष से विद्यालय न जाने के बावजूद कार्यालय के कार्य में ही बनाए रखने पर जिस उद्देश्य से विद्यालय पर नियुक्ति की गई थी वह उद्देश्य नहीं पूरा हो पा रहा है इसलिए की इन 8 वर्षो में न जाने कितने बच्चे स्कूल से पढ़कर निकल गए लेकिन उन बच्चों को उसे विषय की पढ़ाई नहीं की गई साथ ही साथ अन्य अनुदेशकों ने सवाल उठाए हैं। और उनका कहना है कि मधुकर मंजुल आठ साल से विद्यालय नहीं गए। पहले बीएसए कार्यालय में और अब वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय में संबद्ध हैं। आदेश सभी पर लागू होना चाहिए,अनुदेशकों ने आरोप लगाया कि लगभग एक माह पूर्व उन्हें योजनाबद्ध तरीके से बीएसए कार्यालय से अपर जिलाधिकारी कार्यालय में संबद्ध कर दिया गया। उनका कहना है कि यदि संबद्धता समाप्त करने का आदेश सार्वभौमिक है, तो जनपद में विभिन्न बीआरसी पर अभी भी संबद्ध चल रहे तमाम अनुचरों को क्यों नहीं हटाया गया। संबद्धता समाप्त किए गए अनुदेशकों और अनुचरों में इस चयनात्मक कार्रवाई को लेकर आक्रोश व्याप्त है। इस मामले में बीएसए शैलेश कुमार का कहना है कि अनुदेशक के संबद्धता को समाप्त कराने के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजेंगे और संबद्धता समाप्त होते ही विद्यालय पर वापस भेजा जाएगा।

# संक्षिप्त खबरें

## घर में घुसकर मारपीट का महिला ने लगाया आरोप, पुलिस ने की कार्यवाही

**कोंच(जालौन):** घर में घुसकर गाली गलौज और मारपीट कर बेटे सहित घायल कर देने का आरोप लगाते हुए महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। दूसरे पक्ष ने भी पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्ष की एक- एक महिला के विरुद्ध शांति भंग की कार्यवाही की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अंडा निवासी महिला सुजाता पत्नी सुभाषचंद्र ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि सोमवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे मुहल्ले का ही एक युवक उसके घर में घुस आया और घर के सामान में तोड़फोड़ करने लगा। बेटे अंशु ने जब विरोध किया तो उक्त युवक ने गाली गलौज करते हुए वहां रखे डंडे से हमला कर बेटे को घायल कर दिया और बेटे को बचाने पहुंची उसे भी युवक ने मारापीटा। इतना ही नहीं वह जो मंगलसूत्र पहने हुई थी, युवक उसे छीनकर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया।

## ईओ ने पालिका ठेकेदारों और अवर अभियंताओं को दिए दिशा निर्देश



**कोंच(जालौन):** अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका मोनिका उमराव ने सोमवार को पालिका परिषद के सभाकक्ष में पालिका के ठेकेदारों और अवर अभियंताओं के साथ बैठक की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कड़े लहजे में कहा, नगर में हो रहे कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें, मानकों की अनदेखी भारी पड़ेगी। अवर अभियंता को कड़े शब्दों में हिदायत दी गई कि अपनी देखरेख और पर्यवेक्षण में सही काम कराएं, काम मानकों के अनुरूप नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि नगरपालिका द्वारा कराए जा रहे निर्माण के लगभग सभी कार्यों में गुणवत्ता की पोलें लगातार खुल कर सामने आ रहीं हैं। निर्माण के दौरान ही धराशाई हो जा रहे लाखों की लागत के कामों में जिस तरह से मानकों की अनदेखी की जा रही है उससे न केवल पालिका की छवि दागदार हो रही है बल्कि सरकारी धन के भी बंदरबांट के आरोप लगातार लग रहे हैं। गांधीनगर में धनु तालाब के पास मरई माता से शनिदेव मंदिर तक का नाला हो या कांशीराम कॉलोनी के पास बनने वाले नाले की बात हो, निर्माण के दौरान ही इनके भरभरा कर गिरने की बातें मीडिया की सुर्खियां बटोरने में कामयाब रहीं। इससे पहले धनु तालाब पर करीब ढाई करोड़ की लागत से होने वाले सुंदरीकरण में पिलरों का गिरना भी एक काफी बड़ा मामला सुर्खियों में रहा है। लगातार अपनी किरकिरी होते देख आखिरकार पालिका प्रशासन चेता तो है और ठेकेदारों व जेई को फटकार भी लगी है, लेकिन देखने वाली बात यह होगी कि इस डांट-फटकार का कितना असर हो पाता है।

## गणेश और दुर्गा की शोभा यात्रा निकाल की गई प्राणप्रतिष्ठा



**हमीरपुरः-** सुमेरपुर विकासखण्ड क्षेत्र के छानी बुजुर्ग गांव में सोमवार के दिन, बडी देवी मंदिर में चल रहे भागवत कथा कार्यक्रम के साथ-साथ मंदिर में भगवान गणेश और देवी मां की नवीन मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा के लिए शोभायात्रा निकाली गई। सर्वप्रथम पूजन-अर्चन के बाद बड़ी देवी मंदिर से शोभा यात्रा निकली और गांव के, नीलकंठेश्वर मंदिर, श्री कृष्ण मंदिर, हनुमान जी मंदिर, मइकासुर बाबा, पातालेश्वर मंदिर और संकटमोचन धाम मंदिर होते हुए गांव के सभी प्रतिष्ठानों से होते हुए पुनः बड़ी देवी मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में शुभ- लाभ, रिद्धी-सिद्धी एवं अन्य सभी देवी देवताओं की झांकिया सजाई गई थीं, और शोभा यात्रा में बैंड बाजों और डीजे की धुन में महिलाओं और कन्याओं के साथ युवाओं ने थिरकते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया।शोभायात्रा बड़ी देवी मंदिर पहुंचने पर भागवताचार्य योगेश महाराज , यज्ञाचार्य रोहित तिवारी, प्रदीप अवस्थी ने मूर्तियों की प्राणप्रतिष्ठा कराई। इसके बाद चौथे दिन की भागवत कथा का आरंभ हुआ जिसमें महाराज मनु की कथा और कृष्ण जन्म की कथा हुई।कथा व्यास द्वारा भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुन सभी श्रोता आनन्द में झूमने लगे। वहीं आर्गन वादक मिथलेश की वादिकी को भी लोगों ने खूब सराहा।भागवत कथा के परीक्षत् आशुतोष व्यास और रिया व्यास, व्यवस्थाप प्रेम व्यास, सुनील व्यास, अजयवीर सिंह, सुखवीर सिंह, वीरपाल सिंह मोनू व्यास कार्यकर्ताओं समेत सैकड़ों लोगों ने कथा का आनन्द उठाया।

# इंजीनियर युवराज मौत मामला: योगी सरकार के दो बड़े एक्शन, नोएडा CEO हटाए गए, जांच के लिए SIT भी गठित

**नोएडा में मॉल के बेसमेंट में कार सहित गिरने से इंजीनियर युवराज की हुई मौत मामले में यूपी सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है. सीएम के निर्देश पर मामले की जांच के लिए एसआईटी गठन किया गया है. साथ ही अब नोएडा CEO और मेट्रो कॉरपोरेशन MD एम लोकेश को भी हटा दिया गया है।**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

नोएडा में इंजीनियर युवराज की मौत मामलेः नोएडा में इंजीनियर युवराज की मौत मामले में योगी सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है. योगी सरकार ने नोएडा के CEO डॉ लोकेश एम को वेटिंग लिस्ट में डाल दिया है. साथ ही योगी सरकार ने इस मामले की जांच के लिए एक SIT का गठन किया है. सीएम के निर्देश पर घटना की जांच के लिए 3 सदस्यीय SIT गठित हुई. मंडलायुक्त मेरठ के नेतृत्व में गठित हुई SIT में एडीजी जोन मेरठ व चीफ इंजीनियर PWD भी शामिल है. एसआईटी 5 दिनों में जांच कर रिपोर्ट सीएम को सौंपेगी।

**नोएडा सेक्टर 150 में हुआ था दर्दनाक हादसा**

मालूम हो कि 16 जनवरी को गुरुग्राम स्थित ऑफिस से अपने घर नोएडा सेक्टर 150 जा रहे इंजीनियर युवराज मेहता की कार पानी से भरे बेसमेंट में गिर गया था. उस रात घना कोहरा था. उन्हें कोहरे के कारण कुछ दिखा नहीं और कोई वजह थी लेकिन उनका संतुलन बिगड़ा. कार सड़क किनारे बनी दीवार को तोड़कर एक मॉल के निर्माणाधीन बेसमेंट में जा घुसी. बेसमेंट में पानी भरा हुआ था लिहाजा कार डूब गई.

**नोएडा सीईओ ने लिया था ये एक्शन**

इस हादसे को लेकर कई तरह से सवाल उठ रहे हैं. स्थानीय लोगों ने विरोध-प्रदर्शन भी किया. जिसके बाद नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम ने रविवार को इस घटना पर संज्ञान लेते हुए सड़क पर ब्लिंकर और संकेतक नहीं लगे होने की शिकायत पर यातायात प्रकोष्ठ के वरिष्ठ प्रबंधक और प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया. इसके अलावा क्षेत्र के कनिष्ठ अभियंता नवीन कुमार की सेवाएं तत्काल समाप्त करने के आदेश जारी किए गये हैं।

**एनडीआरएफ ने सुबह बरामद किया था इंजीनियर का शव**

इस हादसे के बारे में नॉलेज पार्क थाने के अनुसार, सेक्टर 150 के पास निर्माणाधीन इमारत के बेसमेंट के लिए खोदे गए गड्ढे में कार गिरने की सूचना देर रात करीब सवा 12 बजे मिली. उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान शुरू किया गया और दमकल विभाग, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और स्थानीय पुलिस की टीमों की मदद से शनिवार सुबह शव बरामद किया गया।

## रामकलेवा में राम- सीता विवाह का धार्मिक अनुष्ठान संपन्न



**कोंच(जालौन):** पंचमुखी हनुमान मंदिर में सोमवार को रामकलेवा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजा- अर्चना के साथ हुई, जिसमें महिलाओं ने पूरे विधि-विधान से भगवान राम व माता सीता के विवाह का धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। रामकलेवा के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। भजन-कीर्तन और धार्मिक गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर धार्मिक रस्मों में सहभागिता की और भगवान राम से परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से सामाजिक समरसता के साथ-साथ सनातन परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में सहयोग मिलता है। इस अवसर पर गीता बसेड़िया, शांति गुप्ता, मीरा चंदेरिया, सुनीता देवी, रानी, रेखा सोनी, सीमा, अंकिता, अलका, शिल्पी, अर्चना, शशि अग्रवाल, शकुंतला, रामकुमारी, सुधा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं उपस्थित रहीं।

# धेमाजी जिला छात्रा संघ ने असम स्तर के नाटक प्रतियोगिता का आयोजन, सिलापथार में प्रेस वार्ता



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**असम धेमाजी।** अखिल असम छात्रा संघ के धेमाजी जिला समिति के पहल में असम नाट्य सम्मेलन, धेमाजी जिला इजाबेला नाट्यसमूह, ओर सिमेन छापरी आंचलिक समिति, सिमेन छापरी बासीलोगों के सहयोग में सिमेन छापरी के शिल्पी संघ के आंगन में अगले 21,22 ओर 23 जनवरी को समग्र असम स्तर के एक नाटक प्रतियोगिता का आयोजन करने का सिद्धांत लिया है। आज सिलापथार शहीद भवन में धेमाजी जिला आसू के अध्यक्ष संजीव दास, सचिव जयंत बरगोहेन, जिला समिति के सलाहकार रबी कचारी सहित पदाधिकारियों ने एक प्रेसवार्ता का आयोजन कर तीन दिनों की कार्यसूची के बारे में अवगत कराया। असम हर जिले से नाट्य दल भाग लेने वाले इस प्रतियोगिता के पहला दिन से अन्य जिले की नाट्य दल के नाटक प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में असम के जानेमाने कलाकार जो कि प्रतियोगिता विचारक रहेंगे। अंतिम दिन यानी 23 जनवरी को प्रतियोगिता का फलाफल घोषणा करने की साथ पुरस्का वितरण किया जाएगा। इस बार आसू की तरफ से जिले की दो नाट्य कर्मी को सम्मानित करने का फैसला लेने के साथ अनुष्ठान में एक ग्रंथ का विमोचन करने की बात

**प्रेस वार्ता में उल्लेख किया।**

प्रथम श्रेष्ठ नाट्य दल को पुरस्कार के तौर पर नगद 50 हज़ार, द्वितीय श्रेष्ठ नाट्य दल को 30 हज़ार, तृतीय श्रेष्ठ नाट्य दल को 15 हज़ार। श्रेष्ठ अभिनेता को 3 हज़ार , श्रेष्ठ अभिनेत्री को 3 हज़ार , श्रेष्ठ शिशु अभिनेता को 3 हज़ार, श्रेष्ठ कॉमेडी अभिनेता को 3 हज़ार, श्रेष्ठ परिचालक को 3 हज़ार रुपए के साथ मानपत्र से सम्मानित किया जाएगा। इस प्रेस वार्ता के जरिए आसू के कार्यकर्ताओं ने अनुष्ठान को सफ़ल बनाने के लिए हर वर्ग के लोगों से सहयोग कामना की।

# पट्टाधारकों की कब्जा दिलाने की मांग, एडीएम को सौंपा प्रार्थना पत्र

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**हमीरपुरः-** सुमेरपुर विकासखण्ड के बण्डा गांव की चकबंदी दौरान निकाली गई अतिरिक्त घोषित सीलिंग भूमि के पट्टाधारकों ने आवंटित भूमि पर कब्जा-दखल दिलाए जाने की मांग को लेकर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) एवं नियत प्राधिकारी सीलिंग को प्रार्थना पत्र सौंपा है। प्रार्थीगणों ने बताया कि गाटा संख्या-70 मि0, मौजा बण्डा की सीलिंग भूमि का पट्टा उन्हें वर्ष 1977 में विधिवत रूप से आवंटित किया गया था तथा वर्ष 1980 में सक्षम अधिकारियों द्वारा कब्जा-दखल भी प्रदान कर दिया गया था। इसके बावजूद तत्कालीन खातेदार स्वर्गीय रघुराज सिंह एवं उनके निधन के बाद उनके पुत्र स्वर्गीय शिवशंकर सिंह तथा वर्तमान में उनके पुत्र संजय सिंह द्वारा पट्टाधारकों को लगातार परेशान किया जा रहा है और खेती करने में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है।

पीड़ितों ने बताया स्वर्गीय शिवशंकर सिंह द्वारा इस संबंध में माननीय उच्च न्यायालय में रिट याचिका संख्या 8249/1998 दाखिल की गई थी, जिसे माननीय उच्च न्यायालय ने 30 अक्टूबर 2025 को निरस्त कर दिया है। न्यायालय द्वारा सीलिंग अधिनियम के अंतर्गत नियत प्राधिकारी सीलिंग एवं अपीलीय अधिकारी के आदेशों को अंतिम माना गया है। वर्तमान में खातेदार अथवा उनके वारिसों की कोई भी याचिका किसी न्यायालय में लंबित नहीं है।

पट्टाधारकों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित सीलिंग पत्रावली तलब कर मौके पर उन्हें पुनः विधिवत कब्जा-दखल दिलाया जाए तथा अवैध हस्तक्षेप पर रोक लगाई जाए। इस संबंध में उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार हमीरपुर को आवश्यक निर्देश दिए जाने की भी मांग की गई है। प्रार्थना पत्र देने वालों में मूलचन्द, विजयपाल, नन्दू पुत्र घसीटा, मूलचन्द्र पुत्र रघुनाथ एवं विजयपाल पुत्र भूरा निवासी ग्राम बण्डा, तहसील व जिला हमीरपुर शामिल हैं।

## पाँच पर की जिलाबदर की कार्यवाही

**हमीरपुरः-** न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जनपद के थाना राठ, थाना मझगवां, थाना जरिया, थाना कुरारा, थाना कोतवाली नगर से सम्बन्धित गुण्डा अपराधी को जनपद हमीरपुर की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित/जिलाबदर किया गया है।आरोपी अभिषेक कुमार सोनी उर्फ अतुल पुत्र प्रेमचन्द्र सोनी उर्फ कल्लू निवासी मु0 बुधौलियाना, कस्बा व थाना राठ,सन्तू उर्फ सन्तराम लोधी पुत्र उदयभान, निवासी ग्राम टोलारावत थाना मझगवां, अभिषेक पुत्र अमोला उर्फ भागीरथी, निवासी ग्राम छिबौली थाना जरिया , सजन निषाद उर्फ हिमान्शू पुत्र श्री रामू उर्फ रामचन्द्र निषाद, निवासी ग्राम कीरतपुर,थाना कोतवाली नगर,जनपद हमीरपुर और जीतू उर्फ जितेन्द्र पुत्र वीरेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम कुतुबपुर, थाना कुरारा को पारित आदेश में आदेशित किया गया है कि जिलाबदर की अवधि में निष्कासित/जिलाबदर अपराधीगण अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे एवं 06 माह की अवधि तक जनपद हमीरपुर की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे तथा बाह्य जनपद में जिस स्थान पर निवास करेंगे उसकी सूचना सम्बन्धित न्यायालय एवं स्थानीय पुलिस को भी देंगे।

# शानदार बल्लेबाजी के दम पर रेलवे बिलासपुर पहुंची सेमीफाइनल में, झांसी को दी सात विकटों से मात

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शहडोल बुढार।** नगर के स्व. कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में खेली जा रही अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का चौथा क्वार्टर फाइनल रेलवे बिलासपुर और एनसीआर झांसी के बीच खेला गया, मैच में रेलवे बिलासपुर की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए एनसीआर झांसी पर 7 विकटों से जीत दर्ज।

**टॉस के दौरान ये रहे उपस्थित**

आज के मैच में टॉस के दौरान अतिथियों के तौर पर बुढार के युवा सीए मोहित विशनानी एवं अभयराज सिंह रहे जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं टॉस की औपचारिकताएं पूरी की।

टॉस जीतकर झांसी ने चुनी बल्लेबाजी, खड़ा किया चुनौतीपूर्ण स्कोर मैच का टॉस एनसीआर झांसी ने जीता और कप्तान ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, हालांकि झांसी की शुरुआत बहुत बेहतर नहीं रही लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत झांसी की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट पर 185 रनों का चुनौती पूर्ण स्कोर खड़ा किया , झांसी की ओर से शानदार बल्लेबाजी हुए मयंक तिवारी ने 69 और अर्पित ने 30 रन बनाए , बिलासपुर की ओर से गेंदबाज विक्रांत ने 3 विकेट और प्रवीण ने 2 विकेट लिए।

**185 रनों के स्कोर को बौना साबित किया बिलासपुर ने**

186 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर की टीम ने ताबड़तोड़ तरीके से अपनी बल्लेबाजी की शुरुआत की , पावर प्ले का फायदा उठाते हुए बिलासपुर की टीम ने शुरुआती 6 ओवरों में ही 75 रन बना कर झांसी के गेंदबाजों के हौंसले पस्त कर दिए ,बिलासपुर की टीम ने अपनी पूरी पारी के दौरान झांसी के गेंदबाजों की जमकर खबर ली और यह मैच महज 13.3 ओवरों में अपने नाम कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया, बिलासपुर के कप्तान मोहित राउत ने आतिशी पारी खेलते हुए 36 गेंदों पर 92 एवं पवन ने 28 गेंदों पर 58 रन बनाए , बिलासपुर की टीम ने यह मैच 7 विकटों से जीत लिया। बिलासपुर टीम की ओर से शानदार आलराउंड प्रदर्शन करने वाले कप्तान मोहित राउत को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया , जिन्हें राकेश मिश्र एवं जुगुल मिश्रा ने पुरस्कृत किया।

**ये रहे टीमों के प्रायोजक**

टूर्नामेंट में आज बिलासपुर टीम के प्रायोजक अनिल अग्रवाल, भारत कचेर, जय कुमार जालूजा एवं रवि द्विवेदी रहे जबकि झांसी टीम के प्रायोजक बद्री पांडे, विजय यादव, सुजीत चतुर्वेदी एवं संजय गौतम रहे।

मैच में अंपायरिंग आनंद त्रिपाठी और नृपेंद्र सिंह ने की, जबकि मैच का आंखों देखा हाल कलाम मोहम्मद, अजय द्विवेदी और सुधीर शर्मा ने सुनाया। मैच के स्कोरिंग का दायित्व मो. याहया एवं राहुल दुबे ने संभाला। पिच क्यूरेटिंग का जिम्मा अमृतांशु मिश्रा और साहिल ताम्रकार ने संभाला। मैच की समाप्ति




के दौरान पुरस्कार समारोह में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छाबड़ा, राकेश पांडे, संजय पांडे, पुष्पेंद्र ताम्रकार इत्यादि उपस्थित रहे।

**ये हैं आयोजन समिति के सदस्य**

इस पूरे आयोजन समिति के प्रमुख बुढार के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश विशनानी तथा सदस्यों के रूप में अनिल सोनी, श्रीनिवास द्विवेदी, पवन नियर्सेस, अवधेश पांडे (पिंटू), राजीव त्रिपाठी, राकेश त्रिपाठी, महेंद्र त्रिपाठी, योगेंद्र सिंह, पुष्पराज सिंह जुगुल किशोर मिश्रा इत्यादि प्रमुख हैं।

# मुख्य विकास अधिकारी के आदेश पर शिफ्ट हुआ विद्यालय

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** अभिभावकों और समाजसेवियों द्वारा लगातार समाधान दिवस और मानवाधिकार आयोग में जर्जर भवन में बच्चों को पढाने और भविष्य के सम्भावित हादसे को लेकर किए गए पत्र व्यवहार के बाद मुख्य विकास अधिकारी के आदेश पर विद्यालय को नवीन भवन में शिफ्ट कर दिया गया जिसमे सोमवार को आधा सैकडा से अधिक बच्चे मौजूद रहे।

कस्बे में कांशीराम कालोनी छिमौली रोड में नया बहुमंजिला स्कूल भवन काफी पहले बनकर तैयार हो गया था लेकिन कम्पोजिट विद्यालय को पुराने और जर्जर भवन में चलाया जा रहा था जिसको लेकर समाजसेवियों और अभिभावकों ने भविष्य में होने वाले सम्भावित हादसे के प्रति चिंता जताते हुए मानवाधिकार आयोग के साथ उच्चाधिकारियों को बार बार पत्राचार किया जिसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को नये भवन में स्कूल शिफ्ट करने का आदेश दिया उसके बाद खण्ड शिक्षा अधिकारी ने स्कूल को नये भवन में शिफ्ट करा दिया जिसका प्रभार शंकुल शिक्षक मोहम्मद सईद सिददीकी को सौंपा गया है आज पहले दिन कम्पोजिट विद्यालय में आधा सैकडा से अधिक बच्चे उपस्थित रहे। इस सम्बन्ध में खण्ड



शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार कमल ने बताया कि सारी व्यवस्था पहले पूरी कराई जा चुकी हैं सिर्फ बाउण्ड्रीवाल बाकि है तो अभी तारबाडी करा रहे हैं जैसे बजट आएगा तो बाउण्ड्री वाल बनवाई जाएगी।

## पेट्रोल पंप के नोजल पाइप को कुल्हाड़ी से काटा, रिपोर्ट दर्ज



**कोंच(जालौन):** कैलिया बाईपास पर स्थित एक पेट्रोल पंप की फ्यूल सप्लाई करने वाली नोजल के पाइप को कुल्हाड़ी से काट देने की घटना सामने आयी है। घटना पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पंप मालिक की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। नगर के कैलिया बाईपास पर आराजीलेन में ओम साईं राम नाम से पेट्रोल पंप है। पंप के मालिक नरेंद्र कुमार अग्रवाल गुल्लू ने सीओ को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह दिव्यांग व्यक्ति है एवं ओम साईं राम सेल्स, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप जो 103/4 आराजी लेन कोंच में स्थित है, का मालिक है। पेट्रोल पंप परिसर के भूखंड में बाउंड्रीबाल की ऊंचाई और कैनोपी फाउंडेशन निर्माण के कार्य में आराजीलेन के रहने वाले एक व्यक्ति एवं उसके कुछ साथी रुकावट उत्पन्न कर रहे हैं। सोमवार तड़के करीब तीन बजे उक्त व्यक्ति का दामाद उसके पेट्रोल पंप पर आया और आगजनी की मंशा से मशीन की नोजल की पाइपलाइन को कुल्हाड़ी से क्षतिग्रस्त कर दिया है। जिस वजह से काफी मात्रा में पेट्रोल बह गया है। पेट्रोलियम पदार्थ होने के नाते कोई बड़ा हादसा हो सकता था। नरेंद्र ने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों में पेट्रोल पंप से जुड़ा पुराना विवाद चल रहा है।

# पुण्यतिथि पर याद किये गए महाराणा प्रताप




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** सुमेरपुर कस्बा में महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा कार्यक्रम आयोजित किया गया ,जिसमें महाराणा प्रताप के जीवन संघर्ष के बारे में चर्चा की गई।महाराणा प्रताप के शौर्य और सावभिमान पर व्याख्यान प्रस्तुत किये गए।संस्था अध्यक्ष डॉ भवानीदीन ने शौर्य और साहस के साक्षी महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि 19 जनवरी पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप सच्चे अर्थो में मां भारती के एक बेजोड़ सूरमा थे, मुगलकाल में देश के प्रति इनके योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता है, इनका 09 भी 1540 को उदयसिह और जयवन्ताबाई के घर जन्म हुआ था, इन्होंने जीवनान्त मुगलों से लोहा लिया, महाराणा प्रताप ने जीवन भर मुगल शासक अकबर से जंग लड़ी, कभी हार स्वीकार नहीं की, और न अकबर से पराजित हुए, राजस्थान में ही एक युद्ध में घायल हो गये थे, कालांतर में इनका 19 जनवरी 1597 को इनका निधन हो गया था, इनके महत्व को नकारा नहीं जा स उम्रकता है। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, प्रेम, सागर, प्रिन्स, रिचा, महावीर प्रजापति इलेक्ट्रीशियन, रामनारायन सोनकर, विकास, भोलू सिंह, रामबाबू, सतेन्द्र और राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

## रोजगार सेवकों ने बीडीओ पर लगाया मानदेय रोकने का आरोप

**सिद्धार्थनगर।** जिले के विकास खंड नौगढ़ में सोमवार को ग्राम रोजगार सेवकों ने खण्ड विकास अधिकारी को पत्र दिया है जिसमें कहा है कि शासन से प्राप्त धनराशि का मनमानी तरीके से खर्च करने और उनके जायज मानदेय को रोकने का आरोप लगाया है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि शासन द्वारा प्रशासनिक मद में धन भेजी जा चुकी है। इसमें रोजगार सेवकों का मानदेय भी शामिल है। आरोप है कि रोजगार सेवकों के हक का पैसा मनमानी तरीके से खर्चा किया जा रहा है। रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जयकिशन श्रीवास्तव का कहना है कि इस संबंध में शिकायती पत्र देने पर बीडीओ द्वारा उत्पीड़न करने की बात कहीं जा रही है। मानदेय का भुगतान न किए जाने से सभी रोजगार सेवक भारी आर्थिक और मानसिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनके परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है, तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी खंड विकास अधिकारी की होगी। इस संबध में खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन का कहना कि जिन रोजगार सेवकों का कार्य अच्छा है, उन सभी के मानदेय का भुगतान किया जाएगा।

# डंपर खराब होने से लगा पांच किलोमीटर लंबा जाम




**● घंटों फसें रहें यात्री और स्कूली बच्चे**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** सोमवार की सुबह हमीरपुर के बेतवा पुल पर खाली डंपर खराब होने से नेशनल हाइवे 34 में करीब पांच किमी लंबा जाम लग गया, स्कूली बच्चे और यात्रियों को भी जाम का सामना करना पड़ा।सुबह लगभग नौ बजे कानपुर हमीरपुर सागर हाईवे स्थित बेतवा पुल पर सुमेरपुर की ओर जा रहा खाली डंपर खराब हो गया। डंपर के स्टार्ट न होने से कुछ ही देर में हाईवे पर वाहनों की कतारें लगना शुरू हो गई और देखते ही देखते सैकड़ों वाहन जाम में फंस गए। धीरे-धीरे जाम बेतवा पुल से यमुना पुल और दुर्गा मोड़ तक पहुंच गया। वहीं सुमेरपुर की ओर यह जाम कुछेछा तक पहुंच गया।सुबह के समय जाम लगने के कारण कई स्कूली बसों में सवार छात्र छात्राएं भी जाम में फसें होने के कारण उन्हें स्कूल जाने में देर हुई। इतना ही नहीं रोडवेज बसें, कार सवार और बाइक सवार भी जाम से निकल नहीं पाए। जाम में फंसे लोगों ने बताया कि हाईवे पर लगने वाले जाम के कारण कई बार गर्भवती महिलाएं, सीरियस मरीज लिए एम्बुलेंस भी जाम में फस जाती है और मरीज दम तोड़ देते है,लेकिन शासन प्रशासन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।वहीं लोगों का कहना है की सारे परेशानियों की जड़ रोड़ का सिंगल होना है अगर रोड़ का चौड़ीकरण हों जाये तो आये दिन होने वाली परेशानी से निजात पाया जा सकता है।

जाम की सूचना पर पहुंचे यातायात प्रभारी हरवेंद्र सिंह और सदर कोतवाल पवन पटेल पुलिस टीम के साथ जाम खुलवाते नजर आए। यातायात प्रभारी हरवेंद्र सिंह ने बताया कि बेतवा पुल पर खाली डंपर खराब होने से जाम लगा था। क्रेन से डंपर को हटवा दिया गया है और अब वाहनों का आवागमन सुचारु रूप से हो रहा है।